जबलपुर, सोमवार
06 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 280
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**

'जीवन में अगर हारने का डर ना हो तो जीतने के कई रास्ते खुल जाते हैं।'

2 श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का...
5 आदिवासी क्षेत्रों में अभी भी विकास...
7 'आर्टेमिस क्रू' आंखों से करेगा चांद...
11 मध्यप्रदेश में सशक्त हो रहीं...

# ओरछा-झांसी के बीच 631 करोड़ से बनेगा दक्षिणी बाईपास

## 15.5 किमी लंबे 4 लेन रोड से 5 नेशनल हाईवे का ट्रैफिक गुजरेगा

भोपाल। बुंदेलखंड के सबसे महत्वपूर्ण जंक्शन झांसी और पर्यटन नगरी ओरछा के बीच यातायात की सूरत बदलने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झांसी के लिए 15.5 किलोमीटर लंबे 4-लेन दक्षिणी बाईपास के निर्माण को मंजूरी दे दी है। 631.73 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट न केवल झाँसी को जाम से मुक्ति दिलाएगा, बल्कि मध्यप्रदेश के निवाड़ी जिले और उत्तर प्रदेश के झाँसी जिले के बीच कनेक्टिविटी का नया अध्याय लिखेगा। यह बाईपास बंगाय खास से शुरू होकर ओरछा तिगेला तक जाएगा, जो एनएच-44 और एनएच-39 को सीधे जोड़ेगा। झांसी भौगोलिक रूप से देश का बेहद महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां से पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर (एनएच-27), उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (एनएच-44) के साथ-साथ एनएच-39, एनएच-539 और एनएच-552 जैसे पांच बड़े राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। वर्तमान में इन सभी हाईवे का ट्रैफिक शहर के मुख्य इलाकों से होकर निकलता है, जिससे दिनभर भारी जाम की स्थिति बनी रहती है। नया दक्षिणी बाईपास तैयार होने के बाद, प्रायद्वीपीय भारत, मध्य भारत और पूर्वी भारत की ओर जाने वाले भारी वाहन शहर के बाहर से ही निकल जाएंगे। इससे स्थानीय निवासियों को



प्रदूषण और शोर-शराबे से राहत मिलेगी और शहर के भीतर लगने वाले समय में भारी कमी आएगी।

### औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार

झांसी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बसाए जा रहे नए औद्योगिक शहर के लिए यह बाईपास लाइफलाइन साबित होगा। आने वाले समय में यहां बड़े उद्योगों की स्थापना के साथ भारी माल ढुलाई की मांग बढ़ेगी। दक्षिणी बाईपास उद्योगों के कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन के लिए एक निर्बाध रास्ता प्रदान करेगा। माल ढुलाई में लगने वाले समय की बचत से व्यापारिक लागत कम होगी, जिससे बुंदेलखंड में निवेश के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे।

### ओरछा के पर्यटन को लगेंगे पंख

यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से पर्यटन के लिहाज से बेहद खास है, क्योंकि बाईपास का समापन ओरछा तिगेला पर होगा। ओरछा यूनेस्को की संभावित विश्व धरोहर सूची में शामिल है और यहां का राम राजा मंदिर, जहांगीर महल और बेतवा वन्यजीव अभयारण्य दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। हाईवे तक बेहतर और सुगम पहुंच होने से पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। पर्यटन बढ़ने से होटल, गाइड और हस्तशिल्प जैसे स्थानीय व्यवसायों को मजबूती मिलेगी, जिससे निवाड़ी और झाँसी दोनों जिलों की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

## ट्रंप ने ईरान को धमकाया- होर्मुज नहीं खुला तो नरक बना देंगे

# 'गिरेगा बारूद...मिटेगा वजूद'

वाशिंगटन/तेहरान।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बेहद तीखी भाषा में पोस्ट करते हुए ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने की चेतावनी दी और कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो बड़े हमले किए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने 6 अप्रैल की तय समयसीमा से एक दिन पहले ही ईरान पर दबाव बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को ईरान में पावर प्लांट और पुलों को निशाना बनाया जा सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि ऐसा हमला होगा जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सीधी सैन्य चेतावनी देते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने का अल्टीमेटम दिया है। ट्रंप ने



धमकी दी है कि अगर ईरान ने यह रास्ता नहीं खोला, तो उसे बड़े सैन्य हमलों का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रपति ने समझौते के लिए दी गई 48 घंटे की समयसीमा खत्म होने से पहले ही अपना दबाव और बढ़ा दिया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में सीधे तौर पर ईरान के बुनियादी ढांचे को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार का दिन ईरान के लिए पावर प्लांट डे और ब्रिज डे साबित होगा। इसका मतलब है कि अमेरिकी सेना ईरान के बिजली संयंत्रों और प्रमुख पुलों पर हमला कर सकती है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने उनकी बात नहीं मानी, तो उस पर ऐसा हमला किया जाएगा जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने ऐसी धमकी दी है, इससे पहले 21 मार्च को भी उन्होंने ईरान के सबसे बड़े बिजली संयंत्र को नष्ट करने की बात कही थी। शनिवार को भी उन्होंने दोहराया कि समय तेजी से निकल रहा है। ट्रंप के इस बयान से साफ है कि यदि तय समयसीमा के भीतर कोई समझौता नहीं होता है, तो अमेरिका ईरान के खिलाफ कड़ी सैन्य कार्रवाई शुरू कर सकता है, जिससे क्षेत्र में युद्ध का खतरा और बढ़ गया है।

### ईरान ने भी नरक के दरवाजे खोलने की चेतावनी दी

ईरान की तरफ से भी तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। ईरानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी अली अब्दोल्लाही अलीआबादी ने ट्रंप की चेतावनी को बेतुकी बताते हुए कहा कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो नरक के दरवाजे अमेरिका के लिए खुल जाएंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि होर्मुज स्ट्रेट इस पूरे संघर्ष का केंद्र बन चुका है, जहां से दुनिया के बड़े हिस्से में तेल की सप्लाई होती है। अगर यहां कोई बड़ा सैन्य टकराव होता है, तो इसका असर सिर्फ मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अब दुनिया की नजरें अगले 48 घंटों पर टिकी हैं। यह तय करेगा कि क्या कूटनीति आखिरी वक्त में कोई रास्ता निकाल पाएगी, या फिर मध्य पूर्व एक और बड़े युद्ध की आग में झोंक दिया जाएगा।

### ट्रंप उड़ा ले गए पायलट

ईरान में अमेरिका ने ऐसा ऑपरेशन अंजाम दिया है, जिसने पूरी दुनिया को उसकी सैन्य ताकत का एहसास करा दिया। ईरान की जमीन पर गिराए गए एफ-15ई फाइटर जेट के दूसरे क्रू मेंबर को भी अमेरिका ने खोज निकाला है। अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज ने खतरनाक हालात में रेसक्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि दूसरे क्रू मेंबर को 'भारी गोलीबारी' के बीच ढूंढकर रेसक्यू किया गया। अमेरिकी सेना के सूत्रों के हवाले से बताया गया कि एफ-15ई के दूसरे लापता पायलट को शनिवार रात खोज लिया गया था। रेसक्यू के दौरान भारी गोलीबारी हुई। इस कारण रेसक्यू में काफी समय लगा। इसके अलावा ईरानी सीमा से बाहर निकलना ही सबसे बड़ी चुनौती था।



## भर चुका है टीएमसी के पापों का घड़ाः प्रधानमंत्री

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। मोदी ने कहा-1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था, जिसके बाद हिंदुओं का नरसंहार हुआ था। टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। एक खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा, एक ओर टीएमसी के करप्शन का भय है तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है।

# लोकसभा-विधानसभा सीटों की परिसीमन नीति गलत : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)।



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकसभा तथा विधानसभा सीटों की परिसीमन संबंधी नीति को गलत बताते हुए उसको लेकर जारी प्रचार को भ्रामक बताया और कहा कि इस मुद्दे पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि परिसीमन के जरिए सीटें बढ़ाना सिर्फ चुनाव जीतने की रणनीति है और मोदी इसको लेकर भ्रामक बयान देकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश के इस बयान का समर्थन पार्टी नेता मनीष तिवारी ने भी किया है। उन्होंने कहा कि परिसीमन से लोकसभा सीटों में प्रस्तावित वृद्धि से बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अनुपातिक रूप से अधिक लाभ मिलेगा, जबकि दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ ही पंजाब, हरियाणा और उत्तर-पूर्वी राज्यों का प्रभाव कम हो जाएगा। कांग्रेस के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश और केरल के बीच लोकसभा सीटों का अंतर 60 है, जो प्रस्ताव लागू होने पर 90 तक पहुंच सकता है, वहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर भी 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा। पार्टी ने इसे बिना सहमति और बिना व्यापक परामर्श तथा जनविमर्श के उठाया गया कदम बताते हुए इसे थोपा जाने वाला प्रस्ताव करार दिया और आरोप लगाया कि लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि और विधानसभाओं की सीटों में समान वृद्धि का तर्क भ्रामक है और इससे क्षेत्रीय असंतुलन और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम बड़े राज्यों को और अधिक लाभ पहुंचाने वाला है जबकि छोटे और अन्य राज्यों का सापेक्षिक प्रतिनिधित्व घटेगा। रमेश ने यह भी कहा कि देश इस समय गंभीर आर्थिक और विदेश नीति संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री का ध्यान केवल सीटों की संख्या बढ़ाने पर केंद्रित है, जो ध्यान भटकाने का एक हथकंडा मात्र है।

# अब और महंगी हुई एमपी बोर्ड परीक्षा

## 10वीं-12वीं की परीक्षा फीस में 300 रुपये की बढ़ोतरी

भोपाल।

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए परीक्षा और नामांकन सहित अन्य शुल्कों में वृद्धि कर दी है। इस निर्णय के तहत 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को अब बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 300 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा। पहले यह शुल्क 1200 रुपये था, जिसे बढ़ाकर 1500 रुपये किया गया है। नामांकन शुल्क में 150 रुपये की वृद्धि की गई है। डुप्लीकेट अंकसूची सहित अन्य




शुल्क भी बढ़ाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष प्रदेश में लगभग 16 लाख विद्यार्थी 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होते हैं। शुल्क वृद्धि से मंडल को करीब 54 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होने का अनुमान है। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें शासन से किसी प्रकार का बजट नहीं मिलता है। बोर्ड परीक्षाओं के संचालन में प्रत्येक वर्ष लगभग 60 से 70 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। अब परीक्षाएं तकनीक आधारित हैं। इसके साथ ही इस वर्ष मूल्यांकन कर्ताओं और पर्यवेक्षकों के मानदेय में 35 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। कर्मचारियों के वेतन में महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान में वृद्धि भी व्यय बढ़ने का प्रमुख कारण है।

### पहले भी हो चुकी है वृद्धि

मंडल ने इससे पहले 2018 और 2023 में भी शुल्क बढ़ाया था। वर्ष 2023 में परीक्षा शुल्क 900 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये किया गया था। अब फिर से 1500 रुपये किए जाने से विद्यार्थियों पर आर्थिक दबाव और बढ़ गया है। मंडल के अधिकारियों के अनुसार, संबल योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष लगभग चार लाख विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होते हैं। इन पर प्रति विद्यार्थी 1200 रुपये खर्च होता है, जिससे कुल 48 करोड़ रुपये का व्यय होता है। यह राशि शासन द्वारा मंडल को नहीं दी जाती, जिससे वित्तीय दबाव और बढ़ जाता है।

## खड़े टैंकर से टकराई कार, 5 की मौत

**बरेली।** बरेली के सीबीगंज में रविवार शाम करीब पांच बजे बड़ा बाइपास पर दर्दनाक हादसा हो गया। परधौली तिराहे के समीप बाइपास पर खड़े टैंकर से बोलेरो कार टकरा गई। इसी दौरान पीछे से आई बाइक कार में घुस गई। दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। दो बच्चों समेत तीन लोग घायल हुए हैं।

## एअर इंडिया की इजरायल उड़ान 31 मई तक रद्द

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक रोक दी हैं। नई दिल्ली-तेल अवीव रूट बंद होने से 40,000 से अधिक भारतीय प्रभावित हुए हैं। यात्रियों को अब जॉर्डन या मिस्र के रास्ते जाना पड़ रहा है।

# भारत ने अब हमला किया तो जवाब कोलकाता तक देंगेः ख्वाजा आसिफ

सियालकोट (वार्ता)।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान को दोषी ठहराने के लिए भारत कोई बनावटी हमला कर सकता है और ऐसी किसी भी कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत एक साल पूर्व हुए घटनाक्रम से अपमान की भरपाई करने की कोशिश कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आकार, संसाधन और सैन्य क्षमता में बड़ा होने के बावजूद भारत को आलोचना का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत इस तरह की कोई कार्रवाई करता है तो पाकिस्तान की प्रतिक्रिया कड़ी होगी, जो कोलकाता तक पहुंचेगी। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा, अगर भारत हमला करता है तो हम उन्हें कोलकाता तक लेकर जाएंगे। यह टिप्पणी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान के बाद आयी है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को किसी भी दुस्साहस से बचने की




चेतावनी दी थी। ख्वाजा आसिफ ने सोशल मीडिया पर कहा कि दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच युद्ध की कोई भी संभावना गंभीर परिणाम ला सकती है और यह एक खतरनाक भ्रम है। उन्होंने पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को फर्जी ऑपरेशन करार दिया। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को एक आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की जान गयी थी।

## विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक का ऐलान

# 51% से कम वोट मिले तो दे दूंगा इस्तीफा



कटनी (स्वतंत्र मत)।

विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक का एक वीडियो सुर्खियों में है, जिसमें उन्होंने ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने पर मध्यावधि चुनाव की तर्ज पर फिर से जनादेश कराने की घोषणा की है। घोषणा के साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि जनता यदि जनादेश में 51 फीसदी से कम वोट देती है तो उसी दिन वे इस्तीफा देकर घर बैठ जाएंगे। यह पहली बार नहीं है कि जब संजय पाठक ने जनादेश कराने की घोषणा की है। इससे पहले भी वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने चुनाव की तर्ज पर जनादेश कराया था और कहा था कि यदि 51 प्रतिशत से कम वोट मिलेंगे तो वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। उस दौरान जनादेश में उनको 51 फीसदी से अधिक वोट मिले थे। अब उनका ढाई साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है और मई व जून माह में संभवत: वे फिर से चुनाव की तर्ज पर जनादेश कराएंगे। उन्होंने इस तरह की घोषणा विधानसभा क्षेत्र के कैमोर में हनुमान प्राकट्य उत्सव कार्यक्रम के दौरान मंच से की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## 5वीं-8वीं कक्षा में 1.29 लाख विद्यार्थी फेल, मई में होगी पुन: परीक्षा

भोपाल।

प्रदेश में पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में इस बार बड़ी संख्या में विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं। दोनों कक्षाओं के करीब 1.29 लाख विद्यार्थी 33 प्रतिशत अंक भी हासिल नहीं कर सके। अब इन विद्यार्थियों को एक और मौका देते हुए मई के दूसरे सप्ताह में पुन: परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें पहली परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थी भी शामिल हो सकेंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों और स्कूलों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जहाँ पांचवीं में करीब 62 हजार और आठवीं में करीब 67 हजार विद्यार्थी फेल हुए हैं, ऐसे विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से पुन: परीक्षा में शामिल होना होगा। दिशा-निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई विद्यार्थी पुन: परीक्षा में भी न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, तो उसे उसी कक्षा में दोबारा अध्ययन करना होगा।

# हिमंता सरमा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्रीः राहुल गांधी

**दिसपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर रविवार को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सरमा के जेल जाने की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। राहुल गांधी ने असम के विश्वनाथ विधानसभा में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि सरमा न केवल सबसे भ्रष्ट बल्कि सबसे ज्यादा सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं जो लगातार नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और असम की जनता उन्हें कानून के अनुसार सजा दिलाएगी। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि असम की सरकार दिल्ली से संचालित हो रही है और राज्य को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े उद्योगपतियों जैसे मुकेश अंबानी, गौतम अडानी और बाबा रामदेव को जमीनें दी जा रही हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के वादों सस्ता गैस सिलेंडर मुहैया कराने और चाय बागान मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने के वादे को अधूरा बताया। राहुल गांधी ने कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को आर्थिक सहायता मुहैया कराने, मजदूरी 450 रुपए तय करने के साथ साथ पेंशन वृद्धि, जमीन के पट्टे देने और 25 लाख तक स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया। गौरतलब है कि असम में 9 अप्रैल



**कांग्रेस नेता ने विश्वनाथ विधानसभा में जनसभा को किया संबोधित**

को मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी। राज्य में विधानसभा की 126 सीटें हैं और विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 20 मई, 2026 तक है। राज्य में राजनीतिक पार्टियों की यात्राएं, केंद्रीय नेताओं के दौरे, गांव-कस्बों में लग रहे पोस्टर और झंडों ने चुनावी माहौल तैयार कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर सीधा हमला करते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है जिसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, सजा तय है।

### महिला सुरक्षा पर सरकार गंभीर नहीं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है और सब कुछ संतोषजनक बता कर संसद में पूछे हर सवाल पर गुमराह करती है। राहुल गांधी ने लोकसभा में 27 मार्च को महिला और बाल विकास मंत्रालय से महिला सुरक्षा को लेकर पूछे अपने एक सवाल के मिले जवाब के आधार पर आरोप लगाया है कि सरकार ठोस तथ्यों के साथ महिला सुरक्षा पर जवाब नहीं देती और सब कुछ संतोषजनक बताकर बात खत्म कर देती है। उनका कहना था कि हिंसा से पीड़ित महिलाएं मदद के लिए जब महिलाओं की सुरक्षा और वन स्टॉप सेंटर का दरवाजा खटखटाती हैं तो उन्हें सहायता के बजाय बंद दरवाजे और अधूरी व्यवस्थाएं मिलती हैं।





दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर बुढ़ार में पूज्य धराचार्य महाराज के मुखारविन्द से

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का लाभ अर्जित करेंगे धर्म प्रेमी

बुढार (स्वतंत्रमत)।

नगर के मध्य स्थित अतिप्राचीन दक्षिण मुखी श्री हनुमान मन्दिर बुढार में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका भरपूर लाभ श्रद्धालुजन अर्जित करेंगे। श्रीराम जानकी मन्दिर नारायण सरोवर स्थल पर 7 अप्रैल से आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के पावन अवसर पर हनुमान मंदिर बुढार से शोभा एवं कलश यात्रा बाजे–गाजे के साथ नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो पर पूरे श्रद्धामय वातावरण में निकाली जाएगी और पंचांग पूजन–पीठ पूजन से भागवत महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा। श्रीराम जानकी मंदिर बुढार के पूज्य महन्त अर्जुन दास महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का स्वर्णिम अवसर नगर तथा आसपास के धर्म प्रेमियों को अर्जित होगा। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का स्वर्णिम लाभ दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर के संयोजन में आयोजित हो रहा है, जिसकी तैयारियां आयोजन समिति द्वारा पूरे उत्साह के साथ की जा रही हैं। बुढार नगर के दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 7 अप्रैल से शुरू होगी और 13 अप्रैल तक चलेगी। अयोध्या धाम से पधार रहे–परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री धराचार्य महाराज अशर्फी भवन अयोध्या पीठाधीश्वर की अमृतमयी वाणी से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का पुण्य लाभ धर्मप्रेमियों को अर्जित होगा। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पवन सोनी ने नगर तथा क्षेत्र के नागरिकों से आग्रह किया है कि संगीतमय कथा के अवसर पर अधिकाधिक संख्या में पधारे और कथा श्रवण का भरपूर लाभ अर्जित करें।

## ट्राला ने डम्पर को मारी टक्कर

मण्डला(स्वतंत्र मत)। नेशनल हाईवे 30 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार सेमरखापा ग्राम के बाईपास के पास यह दुर्घटना उस समय हुई जब जबलपुर की ओर से रायपुर की तरफ जा रहा एक तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राले का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्राला चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद नेशनल हाईवे 30 पर लंबा जाम लग गया जिससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू कराने के प्रयास शुरू किए।

# मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का आशीष तिवारी ने किया स्वागत



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

युवा कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का आगमन हुआ। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी द्वारा उनका एवं आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक में जिले भर से आए युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने संगठन को मजबूती प्रदान करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान आशीष तिवारी ने कहा कि युवा कांग्रेस निरंतर जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय है और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में सभी युवा साथियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सहायक आयुक्त ने वाटर कूलर का किया शुभारंभ, मध्यान्ह भोजन की परखी गुणवत्ता





शहडोल (स्वतंत्रमत)। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिंहा ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किए गए वाटर कूलर का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी में विद्यार्थी हेतु वितरित किए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी परखी तथा स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मध्यान्ह भोजन भी किया।



# भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं के बीच पहुंचे विकासखंड शिक्षा अधिकारी

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)। मध्य प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान 2026 के तहत् आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया जो प्रदेश सरकार की एक अनूठी पहल है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, जन–प्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक सरकारी स्कूलों में छात्रों के बीच पहुंचे जहां उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई से संबंधित चर्चा की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन, प्रेरणा और सकारात्मक सोच देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की राह आसान बनाना है। इसी क्रम में विकासखंड जयसिंहनगर के शासकीय हाई स्कूल देवरा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद तिवारी छात्र–छात्राओं के बीच पहुंचे।

उन्होंने छात्र–छात्राओं को पाठ्यक्रम के गहन अध्ययन के गुण सिखाए, वहीं छात्र–छात्राओं को शाब्दिक त्रुटियों की बारीकियों से भी अवगत कराया। इस दौरान खंड अकादमिक समन्वयक ओमप्रकाश तिवारी एवं विद्यालय के प्राचार्य धनेन्द्र सिंह परिहार सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# नगर परिषद की लापरवाही से निविदा आमंत्रण निरस्त

### निविदा व अन्य कार्यों मे हुए खर्च के नुकसानी का जवाबदार कौन

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

नगर परिषद ब्यौहारी इन दिनों सीएमओ अध्यक्ष और पार्षदो के लिये अवैध कमाई का अड्डा बना हुआ है। टेंडर प्रक्रिया से लेकर निर्माण कार्यों मे धांधली का सह दे नगर परिषद के कोस को दोनों हाथ से लूटा जा रहा है। नगर मे बनते ही कई निर्माण कार्यों के परखच्चे उड़ गये है। सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदो की जुगल बंदी नगर मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

### टेंडर प्रि या मे धांधली, निविदा हुआ निरस्त

नगर परिषद ब्यौहारी द्वारा 29 जनवरी एवं 2 फरवरी 2026 को निकाय द्वारा सीसी, बी. टी. एवं डब्लू बी एम सड़क नाली तथा जयस्तम्भ रेनोवेशन कार्य की कुल 20 कार्यों की निविदा जारी किया गया था। जिसमे आमंत्रित निविदा क्रमांक 2026 यूएडी 479415–1 वार्ड न. 9 रीवा शहडोल मुख्य मार्ग न्यू बरौधा तिराहा से ऑगनबाड़ी केंद्र न्यू बरौधा के आगे तक सड़क के दोनों तरफ पटरी बिछाये जाने का कार्य को छोड़कर अन्य सभी 19 कार्यों के निविदा मे सड़क और पुल कार्य के लिए मानक टेंडर दस्तावेज 2025 का पालन न किये जाने के कारण संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन शहडोल द्वारा उक्त निविदा को निरस्त कर दिया गया है। लोगों का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया मे धांधली भ्रस्टाचार का हिस्सा है।



### न्यूनतम दर की स्वीकृति के बाद निविदा

### आमंत्रण निरस्त

मजे की बात है कि नगर परिषद ब्यौहारी द्वारा 20 कार्यों का जो टेंडर हुआ उसके न्यूनतम दर के स्वीकृति को लेकर 26 मार्च को परिषद की बैठक आहूत की गयी। बैठक मे सर्व सम्मति न्यूनतम दर की स्वीकृति प्रदान किया पर सबसे बड़ा सवाल यह कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियो की लापरवाही के कारण टेंडर किये जाने व निविदा प्रकाशन सहित अन्य कार्यों मे जो नगर परिषद की राशि खर्चा हुई है उसकी भर पाई किस्से होंगी। चर्चा है कि यही हाल अन्य कार्यों के टेंडर प्रकिया मे हुआ है जिसके कारण नगर मे घटिया निर्माण हो रहा है।

इनका कहना है..

टेंडर प्रक्रिया मे कमी होने के कारण नगरीय प्रशासन द्वारा निविदा आमंत्रण निरस्त कर दिया गया है। सोमवार को टेंडर निरस्त किया जायेगा।

**अशोक पाण्डेय**
**उपयंत्री नगर परिषद ब्यौहारी**

टेंडर प्रक्रिया मे कुछ तकनीकी कमियाँ होने के कारण टेंडर निरस्त कर दिया गया है। शीघ्र ही नया टेंडर होगा।

**शरद गौतम**
**प्रभारी सीएमओ ब्यौहारी**

# राज्य सरकार प्रभावित परिजन के साथ है, हादसे की होगी निष्पक्ष जांच : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### कोतमा अनूपपुर हादसे के दिवंगतों के परिजनों को दी जाएगी 9-9 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

शहडोल (स्वतंत्रमत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कोतमा, अनूपपुर में हुए दुखद हादसे में काल–कवलित नागरिकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4–4 लाख, संबल योजना के अंतर्गत 4–4 लाख और रेडक्रॉस से 1–1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। घायलों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2–2 लाख रुपये और रेडक्रॉस से 50–50 हजार रुपये राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगतों की आत्मा को शांति और परिजन को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिजन के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनूपपुर जिले के कोतमा क्षेत्र में एक लॉज भवन ध्वस्त होने की दुखद घटना के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया था कि राहत एवं बचाव कार्यों में कोई कमी न रहे तथा प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए। उल्लेखनीय है कि इस दुखद घटना में 3 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हो गए थे। घायलों में से गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बेहतर उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में जारी है। शनिवार शाम से प्रारंभ हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन रविवार दोपहर तक जारी रहा। रेस्क्यू कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, प्रशासन तथा एसईसीएल की टीमों ने आधुनिक मशीनों एवं डॉग स्क्वॉड की मदद से मलबे के एक–एक हिस्से की गहन तलाशी ली। रेस्क्यू टीम ने मलबे से 3 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जबकि 3 अन्य व्यक्तियों के शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान हनुमान दीन यादव, रामकृपाल यादव और एक अन्य स्थानीय निवासी के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार जिले के प्रभारी मंत्री तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल पूरी रात घटनास्थल पर उपस्थित रहकर राहत एवं बचाव कार्यों का नेतृत्व करते रहे। प्रभारी मंत्री ने बताया कि इस गंभीर हादसे की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसईसीएल की टीमों, पुलिस बल एवं सहयोग करने वाले स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## असहाय बेजुबान डॉग्स के अंगों से मुनाफा

मण्डला(स्वतंत्र मत)। जय मां अम्बे नर्मदा एंटर प्राइजेज को नगर पालिका ने 500 डॉग्स की नसबंदी करने का ठेका दिया था संस्था ने ढाई माह मे केवल 6 डॉग के ऑपरेशन किये डॉग्स के नसबंदी ऑपरेशन मे निकाले गए आर्गन की गिनती के आधार पर राशि स्वीकृत होती संस्था ने बाहर से अतिरिक्त आर्गन किराए से लाकर गिनती कराके लाखों रु का चूना लगाती इसके पहले पशु अधिकार कार्यकर्ता निशा सिंह ने प्रशासन को सूचित कर माल जप्त कर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा को लिखित मौखिक सूचना एक अप्रैल को दी साथ ही कलेक्टर सोमेश मिश्रा को सूचित किया गया पहले अंगों की जप्ती की जाये पीयूष मिश्रा को शिकायत करते हुए डिप्टी पशु चिकित्सा विभाग यूएस तिवारी को अवगत कराया लेकिन वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हुई।

# सीएमओ ने नगर के व्यावसायिक क्षेत्रों का किया निरीक्षण, स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनपुरी पूजा बुनकर ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत नगर पालिका धनपुरी क्षेत्र के चौपाटी एवं विभिन्न वार्डों के व्यावसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने साफ–सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाटी सहित सभी वार्डों में नियमित और बेहतर सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, आवश्यकतानुसार रंगाई–पुताई कर क्षेत्रों को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के निर्देश भी दिए, ताकि नगर की छवि और अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बन सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर के प्रत्येक क्षेत्र में साफ–सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर नगर पालिका का मैदानी अमला उपस्थित रहा।

# दो दिन में हटेगा अतिक्रमण ! बाजार व्यवस्थित करने के कड़े निर्देश, कलेक्टर ने नर्मदा घाट पर चलाया सफाई अभियान....

डिंडौरी (स्वतंत्र मत) ।

जिले में स्वच्छता और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने रविवार को च्जल गंगा संवर्धनज्ज अभियान के तहत नर्मदा घाट पहुंचकर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और नगर पालिका अमले के साथ घाटों की साफ–सफाई कर आमजन को स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया।

सफाई अभियान के दौरान कलेक्टर ने घाट किनारे फुटपाथ पर रखी पूजा सामग्री, पान मसाला, गुटखा व अन्य सामान को हटवाया और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी। साथ ही एसडीएम को घाट क्षेत्र से नशीले पदार्थों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। आम नागरिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि नहाते समय साबुन का उपयोग न करें, ताकि मां नर्मदा का जल स्वच्छ बना रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नर्मदा नदी में मिलने वाले नालों की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि सीवर लाइन के माध्यम से गंदे पानी को ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे नदी को प्रदूषण मुक्त रखा जा सके। कलेक्टर ने शंकर घाट नाले के किनारे हुए अतिक्रमण को दो दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए।



इसके बाद कलेक्टर ने नगर क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर बस स्टैंड, सब्जी मंडी और गल्ला गोदाम क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टैंड को व्यवस्थित करने, नालों के किनारे से अतिक्रमण हटाने और सड़क किनारे संचालित सब्जी व मांस दुकानों को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

गल्ला गोदाम क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर चौपाटी को मैदान में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर को साफ–सुथरा और सुव्यवस्थित बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम के दौरान नर्मदा सफाई अभियान में सक्रिय दिव्यांग शिक्षक शहीद खान सहित अन्य सेवादारों के कार्यों की सराहना की गई। कलेक्टर ने कहा कि जनसहभागिता से ही नर्मदा की स्वच्छता और अविरलता सुनिश्चित की जा सकती है।

कलेक्टर ने नगर पालिका को निर्देशित किया कि दुकानदारों को पूर्व सूचना देकर बिजली, स्वच्छता और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को कोई परेशानी न हो। साथ ही प्रत्येक वार्ड में सामूहिक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम रामबाबू देवांगन, सीएमओ अमित तिवारी, जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जो सबमें रमे और सबको खुद में रमाए वो हैं श्रीराम





## अवधपुरी गौरीघाट में 1419वीं रामकथा सुनाते हुए रामभद्राचार्य ने की रामजन्म की व्याख्या

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म सिर्फ विप्र-धेनु, सुर-संत हित के लिए नहीं है, उनका जन्म पूरे जगत के मंगल के लिए है। श्रीरामचरित मानस में गोस्वामी तुलसी दास जी ने 'राम सत्यसंध पालक श्रुति श्रेतू-राम जनमु जग मंगल हेतू' चौपाई में इसकी व्याख्या भी की है। इस आशय के मंगल वचन पद्म विभूषण, रामानंदाचार्य जगदगुरु श्री रामभद्राचार्य मजाराज ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान गौरीघाट स्थित अवधपुरी में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के मंगलाचरण में कही। श्रीराम जनम के मांगल्य को अनेक उद्धरणों के माध्मम से बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि जगत में सब कुछ मंगल हो, इस कारण रामजी का जन्म हुआ है। उन्होंने मानस चौपाई 'चिदानंद मय देह तुम्हारी' के माध्यम से भगवान के प्रकट होने संबंधी दिव्यता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान में विकार नहीं होता।

**जगत की वासना खंडित करती हैं नर्मदा**-मां नर्मदा की निर्मलता और श्रीराम की सुंदरता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि ये सारा संसार जानता है कि नर्मदा ऐसी महारानी नदी है कि किसी में मोहित नहीं होती। नर्मदा का अर्थ है नर्माणि। निर्मलता उनकी पहचान है। वस्तुत: जो जगत की वासना को खंडित कर दे उसे कहते हैं नर्मदा।

समुद्र से भी इनका कोई संपर्क नहीं। पर रामजी इतने सुंदर हैं, कि इनको देख कर नर्मदाजी भी मोहित हो गईं। नर्मदा ने कहा मेरे तट पर आपको कुटी बनानी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि रामजी के चरित्र का जादू ही ऐसा है कि कोई कितना भी कोई दुष्ट हो, वो मोहित हो ही जाता है। उन्होंने कहा कि जो सबको खुद में रमाए और खुद सबमें रमें वो हैं श्रीराम।

### चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने की भेंट

अयोजन में मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा भी सपरिवार जगद्गुरु रामभद्राचार्य से मिलने पहुंचे। आशीर्वाद लेने के बाद उन्होंने काफी देर महाराजश्री से चर्चा की। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के साथ आईं उनकी अर्धांगिनी रश्मि सचदेवा से महाराजश्री ने कहा कि आप के पति आदर्श पति हैं। उन्होंने कहा कि अमूमन यही सुनने में आता है कि पत्नी ही पति के लिए किडनी दान करती है। लेकिन ये जानकार अति प्रसन्न हूं कि श्री सचदेवा ने अपनी पत्नी के लिए किडनी दान की है। ऐसा करके उन्होंने दांपत्य संस्कार के प्रति गहन आस्था का संदेश समाज को दिया है। महाराजश्री ने कहा कि सनातन धर्म में ही ऐसे संस्कार हैं। जो न सिर्फ परिवार को सुखद बनाते हैं, बल्कि समाज में भी एकता का संचार करते हैं।



# 11वीं के छात्र ने बनाया महापौर हेल्पलाइन ऐप

### नगर निगम को नि:शुल्क सौंपा, समस्याओं का होगा समाधान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के 16 वर्षीय छात्र ने महापौर हेल्पलाइन नामक एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया है। 11वीं कक्षा के इस छात्र ने यह एप नगर निगम को नि:शुल्क सौंपा है, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक कामकाज में तकनीकी नवाचार लाना है। जानकारी के मुताबिक छात्र अभिवीर सिंह ने नगर निगम मुख्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान यह एप महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार को सौंपा। इस एप का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपनी समस्याओं को सीधे दर्ज कराने, उनकी स्थिति ट्रैक करने और समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करने में मदद करना है। महापौर हेल्पलाइन एप की प्रमुख विशेषताओं में शिकायत दर्ज करने से लेकर उसके समाधान तक पूर्ण पारदर्शिता शामिल है।

### शिकायतों का होगा निराकरण

यह एप प्रशासन को समस्याओं के समाधान के लिए समय सीमा निर्धारित करने में भी सक्षम बनाएगा, जिससे नागरिकों को अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा। छात्र ने इस ऐप के लिए नगर निगम से कोई शुल्क नहीं लिया है। इस ऐप में नगर निगम की कई महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल की गई हैं।

इनमें स्वच्छता और कचरा प्रबंधन, सीवरेज और जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और सड़क प्रकाश, सड़कों और निर्माण कार्य से संबंधित शिकायतें, उद्यान एवं पेड़-पौधों की देखभाल, जल आपूर्ति और पाइपलाइन समस्याएं, सार्वजनिक शौचालय एवं स्वच्छता सेवाएं, साथ ही राजस्व और कर संबंधी शिकायतें भी शामिल हैं।

## पिसनहारी तीर्थ में सम्मानित हुए सुबोध कामरेड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सुबोध कामरेड को पिसनहारी तीर्थ में सम्मानित किया गया। इस अवसर परजैन नवयुवक सभा द्वारा सुबोध कामरेड को मोमेंटों देकर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



## एपीएन महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने याद किये पुराने दिन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अयोध्या प्रसाद नर्मदा महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय में व्यतीत किये हुए समय को याद करके वर्तमान विद्यार्थियों को करियर के लिए मार्गदर्शित किया । कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति ,गीत संगीत ,गेम्स आदि का आयोजन भी किया गया था।

इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉक्टर दिव्या पाराशर द्वारा स्वागत भाषण दिया। महाविद्यालय के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम वर्तमान विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा लक्षिता शर्मा और वैष्णवी साहू द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर सोनल खरे, मानवेंद्र सिंह ,तुलसीदास द्रविड़ पार्षद अमरचंद बाबरिया , आलोक सिंह, डॉ पूजा शर्मा उपस्थित रहे।

## नवागत प्रदेश उपाध्यक्ष का सेन समाज ने किया स्वागत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र कांग्रेस कमेटी केश शिल्पी प्रकोष्ठ भोपाल में जबलपुर से कांग्रेस नेता लक्ष्मीकांत मुन्ना सेन को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर सेन समाज विकास संगठन जबलपुर द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही सेन समाज के न्याय, अधिकार एवं उचित प्रतिनिधित्व हेतु कांग्रेस पार्टी एवं सरकार के समक्ष आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास, कांग्रेस केश शिल्पी नगर



अध्यक्ष संजय सेन, विशंभर सेन, राजेन्द्र सेन, राजकुमार सेन, छोटे सेन, रामलाल सेन, अजय सेन, आनंद सेन, रामकरन सेन, रामबदन सेन आदि उपस्थित रहे।

## कलयुगी बेटे की करतूत लाइट गोल होते ही पिता को मारे डंडे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम मनियारी कला में पारिवारिक रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई। 56 वर्षीय सुरेश कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि शनिवार की देर रात वह खाना खाकर अपने घर में सो रहे थे। रात करीब 3 बजे के आसपास अचानक बिजली गुल हो गई। गर्मी अधिक होने के कारण वे घर के बाहर टहलने के लिए सड़क पर निकल आए। जब वे पंजाब सिंध बैंक के पास पहुंचे, तभी उनका बेटा आशिष पटेल वहां आया और गुस्से में चिल्लाने लगा कि च्मेरे घर की लाइट क्यों काटी है , बुजुर्ग पिता ने बेटे को समझाने की कोशिश की कि लाइट उन्होंने नहीं काटी है, बल्कि पूरे मोहल्ले की बिजली गुल है। लेकिन आवेश में आए आशीष ने पिता की एक न सुनी और गाली-गलौज शुरू करते हुए डंडे से अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

## जिले के 1041 बूथों पर भाजपा मनाएगी स्थापना दिवस

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आज 6 अप्रैल सोमवार को जबलपुर के सभी 1041 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि कल भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है यह कार्यक्रम हमारे प्रमुख 6 कार्यक्रमों से एक है इस निमित्त भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के सभी 1041 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें मुख्य कार्यक्रम भाजपा संभागीय कार्यालय रानी ताल में प्रात: 10=30 बजे आयोजित किया गया है, कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज सहित समस्त पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर पार्टी का झंडा बंधन करेंगे

## राहुल रमेश चौरसिया बने चौरसिया दिवस समारोह 2026 के संयोजक




**जबलपुर।** चौरसिया समाज जबलपुर के कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में समाज के वरिष्ठ सजातीय जनों, मातृशक्ति एवं युवा साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में आगामी चौरसिया दिवस समारोह 2026 के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर सर्वसम्मति से युवा साथी भाई राहुल रमेश चौरसिया को चौरसिया दिवस समारोह 2026 का संयोजक मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर उपस्थित सभी समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कार्यक्रम भव्य एवं सफलतापूर्वक आयोजित होगा।

## शादी समारोह में जमकर हुई मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** गोहलपुर थाने में 23 वर्षीय मोहम्मद साहिल निवासी अहमदनगर मस्जिद के पास गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बेल्डिंग का काम करता है बीती रात वह किसी परिचित के घर शादी कार्यक्रम में अपने पिता महमूद अहमद के साथ गया था। वह एवं उसके पिता खाना खा रहे थे तभी बाजू में खड़े मज्जू अंसारी की थाली में खाने का छींटा चला गया ,मज्जू का भाई अज्जी अंसारी भी आकर गाली गलोज करने लगारूपये देने से मना करने पर अज्जी अंसारी ने मारपीट और मज्जू ने चाकू से हमलाकर उसके पिता के सिर में चोट पहुँचा दी । पुलिस प्रकरण दर्ज किया।

## सूरज ने बढ़ाई अपनी चमक 9 अप्रैल से गर्मी दिखाएगी अपने तेवर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । संस्कारधानी में मौसम का मिजाज एक बार फिर करवट ले रहा है। पिछले कुछ दिनों से आसमान में डेरा डाले बादलों की आवाजाही और हल्की ठंडक के बाद अब सूरज ने अपनी चमक तेज कर दी है। जबकि अगले 4 दिनों तक प्रदेश के बाकी जिलों को तेज गर्मी से राहत मिलती रहेगी.बस जबलपुर के इससे अछूता रहने की उम्मीद है। 7 अप्रैल से उत्तर पश्चिमी भारत में बन रहे एक और साइक्लोन सकुर्लेशन के चलते प्रदेश के करीबन 30 जिलों में गरज के साथ बारिश होगी. प्रदेश में कई स्थानों पर तेज हवाएं और बौछारें भी चलेंगी. मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, मंडला बालाघाट मैहर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. इस दौरान जबलपुर के सभी पड़ोसी जिलों में बारिश होने की सम्भावना है। वही जबलपुर के आसमान से बादलों की विदाई हो जाएगी, जिससे सीधे आती धूप शहर के पारे को तेजी से ऊपर ले जाएगी। कल सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। जहां पिछले हफ्ते बादलों की वजह से धूप की तपिश कम महसूस हो रही थी, वहीं अब साफ आसमान के चलते गर्मी में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। सुबह 10 बजे के बाद से ही धूप तीखी होने लगेगी और दोपहर तक गर्म हवाएं चलने के आसार हैं। न्यूनतम तापमान भी उछाल के साथ 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है, जिससे रातें भी अब पहले के मुकाबले अधिक गर्म महसूस होंगी। मौसम विभाग के मुताबिक एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस मध्य पाकिस्तान और उससे सटे पंजाब के ऊपर बना हुआ है। इसकी वजह से मध्य प्रदेश में लगातार नमी आ रही है। इसके चलते प्रदेश केर कुछ जिलों में लगातार तेज हवा और बारिश की स्थिति देखने को मिल रही है। हालांकि 9 अप्रैल तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा। 7 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है।

## श्रीमद् भागवत कथा की कलशयात्रा आज

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** प्रज्ञा विहार कॉलोनी में जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री के संयोजन में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की कलशयात्रा सायं 4 बजे बाबाताल शिव मंदिर से प्रारम्भ होंगी। श्रीमद् भागवत कथा में गीता धाम, जबलपुर के महंत डॉ स्वामी नृसिंह देवाचार्य भागवत कथा के साथ प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे साथ ही श्रद्धालुओं को नरसिंह मंदिर ,खितौला के महंत गोविंद दास महाराज कटाव धाम ,मझौली के महंत वेदांती महाराज सिद्धन धाम ,कुर्रे के महंत सीता शरण जू महाराज एवं भाटिया धाम ,भरभरा आश्रम के महंत बनवारी दास महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। 11 अप्रैल को महारास 12 अप्रैल को सुदामा चरित्र तथा 13 अप्रैल को कन्या भोज भंडारा का आयोजन होगा।

## श्रीमती उर्मिला परौहा का निधन



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा के वार्ड क्रमांक 11 बाबाताल निवासी उर्मिला परौहा का 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया । आप नंदकुमार परौहा की धर्मपत्नी एंव प्रशांत परौहा की माता है। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# निजाम बदला तो बदल गया पुस्तक मेले का मिजाज




### प्रशासन की अनदेखी से पुस्तक विक्रेताओं के हौसले बुलंद, विधायक विश्नोई ने उठाए सवाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहीद स्मारक गोलबाजार में आयोजित 12 दिवसीय पुस्तक मेला एक बार फिर चर्चाओ के केंद्र में आ गया है। पाटन विधायक और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने मेले का औचक निरीक्षण करने के बाद वर्तमान व्यवस्थाओं पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि शासन और प्रशासन के बदलते ही इस जनकल्याणकारी पहल का स्वरूप पूरी तरह बिगड़ चुका है।

विधायक विश्नोई ने अपनी पोस्ट के जरिए तंज कसते हुए कहा कि प्रशासन की उदासीनता के कारण अब मेले का वह उद्देश्य खत्म होता दिख रहा है, जिसके लिए इसकी शुरुआत की गई थी। उन्होंने लिखा, निजाम बदला, मिजाज बदल गया।

विधायक श्री विश्नोई के मुताबिक, तत्कालीन कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा साल 2024 में शुरू की गई यह पहल निजी स्कूलों और पुस्तक विक्रेताओं के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए थी, लेकिन अब वर्तमान प्रशासन की मेले से दूरी ने विक्रेताओं को मनमानी करने की छूट दे दी है।

### अभिभावकों की जेब पर भारी पड़ रहे किताबों के सेट

विधायक ने आरोप लगाया कि मेले में किताबों के सेट अब भी ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मेले में छूट के नाम पर केवल दिखावा हो रहा है। अगर कुछ सस्ता मिल रहा है, तो वह सिर्फ कॉपियां हैं, जिन पर 60 प्रतिशत तक की छूट का दावा किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों को सचेत करते हुए कहा कि कॉपियां खरीदते समय उनके अंकित मूल्य की वास्तविकता जरूर जांच लें, क्योंकि बाजार में वास्तविक कीमतें अक्सर छपे हुए दाम से काफी कम होती हैं।

# ब्लैकमनी तो नहीं हो रही व्हाईट...!

## पुलिस ने बैंक से मंगवाया स्टेटमेंट, जांच के बाद सामने आएगी हकीकत

बालाघाट/कटंगी (स्वतंत्र मत)।

शहर के सिवनी रोड़ निवासी श्रीराम सेना से जुड़े पूर्व कार्यकर्ता आयुष नेवारे के साथ घर में घूसकर मारपीट के बाद सामने आई कथित अवैध आर्थिक गतिविधियों की जांच अब आगे बड़ रही है। इस पूरे मामले की जांच के लिए कटंगी पुलिस ने शनिवार 04 अप्रैल को नगर में संचालित एचडीएफसी बैंक के संचालक से पत्र व्यवहार करते हुए आयुष नेवारे के उस बैंक खाते का विवरण मांगा है। जिसका संचालन श्रीराम सेना का नगर मंत्री सागर पंजवानी बिना आयुष की जानकारी के ही संचालित कर रहा था। संभवत सोमवार को बैंक, पुलिस से खाते का विवरण साझा कर सकती है।

दरअसल, गत दिवस 29 मार्च की रात्रि श्रीराम सेना संगठन के नगर अध्यक्ष विकास सूर्यवंशी, नगर मंत्री सागर पंजवानी, विशाल सूर्यवंशी, संतोष खटवानी, ओम प्रकाश नेवारे, योगेश राहंगडाले, कृष्णा हांडे और गणेश बर्वे ने आयुष नेवारे के साथ एचडीएफसी बैंक का अकाउंट बंद कराने की बात को लेकर मारपीट की थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट के मामले में 4 लोगों के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबृद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296 (ए), 115 (2), 351 (3), 3 (5) की कार्रवाई की है। असंज्ञेय अपराध होने की वजह से आरोपियों को तत्काल जमानत भी मिल गई।




### अकाउंट बंद होने के बाद हुआ विवाद

मारपीट की घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई पर अंसतोष जाहिर करते हुए पीड़ित आयुष नेवारे ने अपने परिजनों के साथ 31 मार्च को एसडीओपी से मुलाकात की और एक शिकायती ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग रखी। आयुष ने अपने ज्ञापन में बताया कि विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी ने श्रीराम सेना के करीब दर्जन भर कार्यकर्ताओं के बैंक में खाते खुलवाएं है जिनका संचालन बिना उनकी जानकारी के सागर के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अवैध आर्थिक गतिविधियां हो रही है। आयुष के मुताबिक जब उसे इस बात की जानकारी मिली तो उसके द्वारा बैंक पहुंचकर अपना अकाउंट बंद करवाया। इसी से गुस्सा होकर उसके साथ मारपीट की वारदात की गई।

### निखिल तेजवानी ने जमा करवाई 4 लाख की राशि

आयुष नेवारे के मुताबिक विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी ने श्रीराम सेना संगठन से जुड़े कुछ युवकों को अखाड़े के निर्माण के लिए बाहर से बड़ी रकम आने की जानकारी देते हुए एचडीएफसी सहित अन्य एक बैंक में खाते खुलवाएं। खाते खुलने के बाद सागर ही अपने पास बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और नेट बैंकिग रख लेता था। यहां तक की खातों में दर्ज मोबाइल नंबर भी सागर के पास ही होते थे। जिसके जरिए अवैध आर्थिक गतिविधि संचालित होने का प्रारंभिक अनुमान है। हमारे पास मौजूद आयुष के बैंक स्टेटमेंट के अनुसार किसी निखिल तेजवानी ने आयुष के खाते में 04 लाख रुपए की मोटी रकम जमा करवाई जबकि आयुष निखिल तेजवानी नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानता। आयुष के नाम पर संचालित हो रहे बैंक अकाउंट से शहर के कई लोगों के खातों में भी पैसा ट्रांसफर हुआ है।

### पीड़ित पर बनाया जा रहा दबाव

गोवारी समाज के युवाओं के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर गत दिवस जिलाध्यक्ष कन्हैया राउत और महेश सहारे ने थाना प्रभारी से मुलाकात कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी ने समाज के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच की जा रही है। जो भी तथ्य निकलकर सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

### संगठित गिरोह होने की आशंका

इस मामले के सामने आने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह ब्लैक मनी को व्हाइट करने के लिए बनाया गया एक संगठित गिरोह है जिसमे भोले-भाले और आसानी से बहकावे में आने वाले युवाओं और युवतियों को अपने साझे में फंसाया जाता है और फिर उनके बैंक अकाउंट के जरिए पैसों को ब्लैक से व्हाइट किया जाता है। खैर, पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही इस पूरे मामले में नया खुलासा होगा। एसडीओपी पूरी जांच पर नजर बनाए हुए है।

# 21 किलो गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

### रामपायली पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का किया पर्दाफाश

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

जिले की रामपायली पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने उड़ीसा से लेकर गुजरात तक फैले संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बालाघाट कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता आयोजित कर एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी और रामपायली थाना प्रभारी दिलीप मौर्य ने खुलासा किया है।



जानकारी अनुसार, रामपायली पुलिस चेंकिग के दौरान लिंगमारा से दीनी मार्ग पर गांजा तस्करी की जानकारी मिली, पुलिस ने 5 अप्रैल की अलसुबह घेराबंदी करते हुए एक मोटरसाइकिल में सवार तीन लोगों को रोका गया जिनके पास चैकिंग के पश्चात पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 21 किलो से अधिक अवैध गांजा एक बोरी में पाया गया एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में उड़ीसा के दो मास्टरमाइंड मिकेन्द्र उर्फ मुकेश देव (28 वर्ष), जिला गजाम, उड़ीसा और दिलीप सुना (32 वर्ष), जिला बौद्ध, उड़ीसा भी शामिल हैं, जो लंबे समय से गांजा तस्करी में सक्रिय थे। वहीं उन्हीं के साथ मुन्ना बर्वे (54 वर्ष), निवासी भटेरा रोड, थाना कोतवाली, बालाघाट निवासी भी पकड़ा गया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर मध्यप्रदेश, गुजरात सहित अन्य राज्यों में सप्लाई करते थे। इस नेटवर्क के माध्यम से बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही थी।

आरोपियों में मिकेन्द्र, दिलीप सुना और मुन्ना बर्वे के विरुद्ध थाना रामपायली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20, 25, 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। 5 अप्रैल की दोपहर 3 बजे क़रीब माननीय न्यायालय में पेश कर 13 अप्रैल तक के लिए पुलिस ने रिमांड पर लिया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों, गांजे के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। इस कार्रवाई को बालाघाट पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद है।

### इनका कहना हैं

रामपायली पुलिस ने लिंगमारा से दीनी मार्ग पर चेंकिग के दौरान एक बाईक से 21 किलो गांजा समेत तीन लोगों को पकड़ा गया, जिसमें दो उड़िसा के और एक बालाघाट का आरोपी है। पुलिस ने पुछताछ के लिए 13 अप्रैल तक के लिए रिमांड पर लिया है, इनके और नेटवर्क होंगा तो वह भी खुलासा किया जायेगा।

**अभिषेक चौधरी, एसडीओपी वारासिवनी**

# बाइकों की भिड़ंत में एएसआई सहित दो घायल

### ग्रामीण थाने के हट्टा रोड पर हुई सड़क दुर्घटना

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

ग्रामीण थाना नवेगांव अंतर्गत हट्टा रोड पर मोटरसाइकिल आपस में टकराने से सहायक उपरीक्षक रवन सिंह उइके और अन्य मोटरसाइकिल में सवार राहुल पिता जयचंद राहंगडाले 25 वर्ष ग्राम लोहारा निवासी सहित दो लोग घायल हो गए। रविवार को 1 बजे करीब यह जबरदस्त सड़क दुर्घटना ग्राम लिंगा के आगे मजार के पास में हुई। दोनों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में घायल राहुल राहंगडाले की हालत गंभीर बताई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, सहायक उप निरीक्षक रवन सिंह उइके 51 वर्ष पुलिस थाना हट्टा में पदस्थ है। 5 अप्रैल को बजे करीब उप निरीक्षक रवन सिंह उइके शासकीय कार्य से मोटरसाइकिल में हट्टा से बालाघाट की ओर आ रहे थे। और राहुल राहंगडाले लिंगा से अपना काम निपटाना के बाद मोटरसाइकिल में अपने गांव लोहारा जा रहे थे। तभी लिंगा के आगे मजार के पास दोनों मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। यह दुर्घटना में सहायक उप निरीक्षक रवन सिंह उइके और राहुल राहंगडाले दोनों घायल हो गए। सूचना मिलते ही हट्टा और बालाघाट से डायल 112 पहुंची और दोनों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया। इस दुर्घटना में राहुल राहंगडाले की हालत गंभीर बताई गई है। जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# लांजी में अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्यवाही, तीन ट्रैक्टर जब्त

## सुबह 04 बजे खनिज विभाग और होमगार्ड जवानों की टीम ने की छापमार कार्यवाही

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्यवाही रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 5 अप्रैल 2026 को तड़के सुबह करीब 4 बजे खनिज विभाग की टीम ने लांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम पौनी स्थित सर्रा नदी में आकस्मिक जांच अभियान चलाया और रेत का अवैध खनन व परिवहन करते पाए जाने पर 03 ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल, सुरेश कुलस्ते एवं शुभम बोपचे के



साथ होमगार्ड दिलहास कुरैशी और प्रेम उनके की टीम ने 05 अप्रैल को तड़के लगभग 04 बजे ग्राम पौनी स्थित सर्रा नदी मौके पर पहुंच कर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया है। इस कार्यवाही के दौरान सर्रा नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़कर जब्त किया गया है।

जब्त किए गए वाहनों में ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-एए -1604, चालक शिवा पिता संतोष बागड़े, निवासी ग्राम लांजी, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-जेटई-8388, चालक सुरेश पिता सदाराम नेवारे, निवासी ग्राम पौनी और ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-जेटडी -7282, चालक नीलेश पिता बाबूलाल कड़पेती, निवासी ग्राम कोसमडीह शामिल हैं। तीनों ट्रैक्टरों को अवैध रेत उत्खनन करते हुए मौके से जब्त कर थाना परिसर लांजी में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया गया कि उक्त प्रकरण में मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# हट्टा बिजली वितरण केन्द्र में लक्ष्य से ज्यादा वसूली

### 46.82 लाख के लक्ष्य में वसूले 69.03 लाख



**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रीजन में बिजली विभाग ने राजस्व वसुली में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अधीक्षण अभियंता अमित कुमार और कार्यपालन अभियंता रवि कुमार कुम्हरे के नेतृत्व में बिजली बिल वसुली को लेकर किए गए विशेष प्रयासों से बालाघाट ने रीजन में प्रथम स्थान पाया है। जिसमें सबसे ज्यादा 147.44 प्रतिशत की उत्कृष्ट उपलब्धि, हट्टा वितरण केन्द्र में रही। मीडियाव प्रभारी शिव मुवनेश्वर ने बताया कि वितरण केन्द्र हट्टा के कनिष्ठ अभियंता बिरजू उईके के नेतृत्व में पूरी टीम ने कड़ी मेहनत से 46.82 लाख रूपए के लक्ष्य के विरूद्ध 69.03 लाख रूपए की वसुली कर पूरे पूर्व वितरण क्षेत्र में 147.44 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि का श्रेय कनिष्ठ अभियंता बिरजू उईके ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहकर्मी के सहयोग को दिया है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की बिजली की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना ही उनकी प्राथमिकता है, यही कारण है कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में टीम के सहयोग से इस बड़ी उपलब्धि को वितरण केन्द्र ने हासिल किया है।

# एनएसएस कैम्प से हो रहा है युवा एवं ग्रामीण विकास



### व्यसक्तित्व विकास में सहायक है उत्तरदायित्व और जनसहयोग का मेल : डॉ अभिमन्यु

उमरिया।

आदर्श कॉलेज उमरिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात्पोहिक शिविर का आयोजन गोदग्राम अचला मेंप्राचार्य डॉ सी बी सोदिया के मार्गदर्शन में 30 मार्च से 5 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है ।पूर्व कार्यक्रम अधिकारीडॉ नियाज़ अहमद अंसारी एवं वर्तमान कार्यक्रम अधिकारी प्रो.रेम सिंह हटीला के निर्देशन में परियोजना गतिविधियों आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। अबतक गांव में ग्रामीण जनों के सहयोग से जल स्रोतों का संरक्षण बोरी बंधान एवं जल सोखता निर्माण, घरों की दीवारों पर विभिन्न संदेश लिखकर बाल विवाह निषेध ,नशा मुक्ति , वन एवं मृदा संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए है । डिजिटल साक्षरता,व्यक्तित्व विकास, सामाजिक दायित्व , आपदा प्रबंधन आदि पर भी ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है। शिविर के चौथे दिन दोपहर में बौद्धिक सत्र में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के समन्वदयक डॉ. अभिमन्यु सिंह एवं डॉ. अन्साारी की उपस्थिति में विशेष बौद्धिक सत्र सम्परन्नम हुआ । जहां डॉ. अभिमन्यु सिंह नेग्रामीण एवं व्यीक्तित्व विकास मेंउत्तरदायित्व और जनसहयोग का मेलजोल को बढाने पर बल दिया तो वहीं डॉ. अन्सासरी ने प्रभावी संचार, समय एवं भावना प्रबंधन जैसे कौशल सीखते रहने का भी आव्हा्न किया।

बौद्धिक एवं सांस्क्र तिक कार्यक्रम में क्रीडा अधिकारी महेन्द्रै कनौजिया, प्राध्याहपक डॉ सत्येंन्द्रिस महोबिया, डॉ जुगल किशोर, डा हरेन्द्रै कुमार , दलनायक भूपेंद्र उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही। नितिन झारिया, लवकुश जायसवाल,सुजीत कुमार,काशी प्रसाद,शिवम ,फूलचंद,रोहित सिंह आदि स्वयंसेवकों एवं स्कूसली छात्र-छात्राओं ने उत्सादहपूर्ण सहभागिता की ।



# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया** । ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नरवार-25 की मासिक बैठक अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभांवित करने पर चर्चा , समिति के दस्तावेजों की प्रक्रिया एवं लेखन व्यवस्था पर विस्तार से विचार-विमर्श, जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण पर चर्चा पर चर्चा की गई इस अवसर पर उपस्थित जनों को रैली निकालकर नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई । ग्राम नरवार के प्रवेश स्थल पर जागरूकता बोर्ड स्थापित किया गया। बैठक में समिति के सभी सदस्य,ग्राम पंचायत के सचिव रतन सिंह एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# ई-कॉमर्स की मनमानी पर लगे रोक

## राष्ट्रीय रिटेल परिषद का गठन हो : कैट

उमरिया।

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी ने (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली सांसद के श्री प्रवीन खंडेलवाल के हवाले से बताया कि आज सरकार से ई-कॉमर्स एवं क्विक कॉमर्स कंपनियों की बढ़ती मनमानी और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं पर तत्काल और कठोर कार्रवाई करने की मांग की। कैट ने संसद द्वारा पारित जन विश्वास विधेयक 2.0 का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह कदम विश्वास-आधारित शासन और व्यापार सुगमता को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल गहरी चिंता



व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ विदेशी पूंजी से संचालित ई-कॉमर्स कंपनियां भारत के व्यापारिक वातावरण को असंतुलित कर रही हैं और देश के 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर रही हैं, जो देश की आपूर्ति श्रृंखला और रोजगार का प्रमुख आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रिडेटरी प्राइसिंग, अत्यधिक छूट (डीप डिस्काउंटिंग), डार्क पैटर्न्स, मार्केटप्लेस के नाम पर इन्वेंट्री आधारित मॉडल, चुनिंदा विक्रेताओं को प्राथमिकता और डार्क स्टोर्स का तेजी से विस्तारकृये सभी प्रथाएं न केवल प्रतिस्पर्धा के खिलाफ हैं, बल्कि छोटे और मध्यम व्यापारियों के अस्तित्व के लिए खतरा बन चुकी हैं। कैट के प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी का कहना है कि ऐसी कंपनियों को भारत में मनमानी करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। ऑफलाइन और ऑनलाइन व्यापार के बीच समान अवसर सुनिश्चित करना देश की संतुलित और स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कैट ने राष्ट्रीय रिटेल विकास परिषद के गठन की मांग करते हुए कहा कि इससे नीतियां अधिक व्यवहारिक, प्रभावी और जमीनी हकीकत के अनुरूप बन सकेंगी।



# सीईओ जिला पंचायत ने पीएम श्री बालक कॉलरी स्कूल में बच्चों से किया संवाद

**उमरिया** । स्कूल शिक्षा विभाग व्दारा आयोजित स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने जिला मुख्यालय उमरिया स्थित पीएमश्री बालक उमावि कॉलरी में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन स्कूल आकर अपने अध्ययन का कार्य पूरी ईमानदारी से करें तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय सारिणी का निर्धारण करें तथा उसी के अनुरूप अपने अध्ययन का कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से सभी को सफलता मिलेगी।उन्होने कहा कि एक बार में सफलता नही मिलने पर लक्ष्य मिलने तक निरंतर प्रयास करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कथली नदी में किया गया बोरी बंधान

### अधिकारियों,कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने जल को सहेजने का लिया संकल्प

उमरिया

प्रदेश सरकार व्दारा हर गांव, बस्ती में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य पानी की एक एक बूंद को सहेजना है। यदि आज हम पानी की एक एक बूंद की बचत करेंगे तो भविष्य में पानी के संकट से उबरने में आसानी होगी । उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नगर परिषद चंदिया स्थित कथली नदी में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



उन्होने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छोटी छोटी जल संरचनाओ के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है उन्होने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जन अभियान बनाएं , और जल स्त्रोतो के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए पानी की एक एक बूंद को बचाएं, तभी यह अभियान सफल होगा। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह को निर्देशित किया कि कथली नदी पर हुए अवैध अतिक्रमणों एवं निर्माणों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नदी को अतिक्रमण मुक्त करें।

आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि जल है तो कल है।जल के बिना मानव जीवन अधूरा है,इसलिए आवश्यक है कि जल को व्यर्थ नही बहाएं। शासन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर जल को सहेजने का कार्य करें। इस अवसर पर नगर परिषद चंदिया के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल, पार्षद तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की गई साफ सफाई



**मानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 2 स्थित सिगुड़ी के तालाब में साफ-सफाई कि गई जिससे पूरे क्षेत्र में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया गया।

अभियान के अंतर्गत तालाब में जमा गंदगी, प्लास्टिक कचरा और जलकुंभी को हटाया गया।मानपुर नगर परिषद के कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने मिलकर मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा चलाए गए जल स्रोत्र के सरक्षण एवं पुनर्जीवन के तहत जल गंगा संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाई। तालाब के किनारों की साफ सफाई कर उसे सुंदर और स्वच्छ रूप दिया गया। इस पहल से न केवल तालाब की जल गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि आसपास के वातावरण में भी ताजगी आई है। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाने चाहिए,ताकि जल स्रोतों का संरक्षण हो सके। मानपुर नगर परिषद के सीएमओ राजेन्द्र कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि ञ्जजल गंगा संवर्धन अभियानञ्ज का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि तलाबों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

### प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- जनपद सदस्य के धरना को गोंड़वाना ने दिया समर्थन

# आदिवासी क्षेत्रों में अभी भी विकास की गति बेहद धीमी





मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्र मत)।

मंडला जिले के विकास खंड मोहगांव के अंतर्गत आने बाली झुरगी पौंडी क्षेत्र के युवा जनपद सदस्य बोधसिंह मरकाम 19 सूत्रीय मांगों को लेकर मोहगांव मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाएं जैंसे सड़क बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य जैंसे महत्वपूर्ण मुद्दा शामिल हैं और इन्ही सब मांगो को लेकर जनपद सदस्य बोधसिंह मरकाम पिछले एक महीने से ज्यादा समय से अनिश्चितकालीन धरने पर हैं लेकिन अब तक सत्ताधारी दल या विपक्ष के किसी भी प्रमुख नेता विधायक या सांसद का धरना स्थल पर न पहुंचना प्रशासन और स्थानीय नेतृत्व की संवेदनहीनता को दर्शाता है पिछले 50 दिनों से अधिक समय से धरना दे रहे। 50 दिनों की अनसुनी के बाद गोंडवाना की हुंकार कहा मांगें नहीं मानीं तो होगा प्रदेश भर में आंदोलन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की एंट्री से बढ़ा सियासी पारा।

प्रदेश अध्यक्ष इंजी. कमलेश तेकाम ने धरना स्थल पर पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला। तेकाम ने कहा जनप्रतिनिधि की नहीं सुनवाई जनता का क्या होगा गोंडवाना पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम ने कहा कि यदि यह मांग 15 दिवस में पूरी नहीं हुई तो मोहगांव में उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता संतर बलारी प्रदेश महासचिव शिव कुमार कुशराम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष द्रौपदी वरकड़े ब्लॉक अध्यक्ष मोहगांव राजा आमों जनपद सदस्य हरेंद्र मसराम सहित हजारों कार्यकर्ता पदाधिकारी इस आंदोलन में उपस्थित रहे। जिले के विकासखंड मोहगांव अंतर्गत झुरगी पौंडी क्षेत्र में पिछले एक महीने से अधिक समय से जारी धरना प्रदर्शन अब क्षेत्रीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के लिए गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र में विकास कार्यों की स्थिति लंबे समय से चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों को रोजमर्रा की बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। कई गांवों में आज भी पक्की सड़कें नहीं हैं जिससे बरसात के दिनों में संपर्क पूरी तरह से टूट जाता है। बिजली की अनियमित आपूर्ति और कई जगहों पर कनेक्शन का अभाव लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पेयजल की समस्या इतनी गंभीर है कि ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी बदहाल है जहां स्कूलों में शिक्षकों की कमी और अस्पतालों में डॉक्टरों तथा संसाधनों का अभाव साफ नजर आता है इन सभी समस्याओं को लेकर जनपद सदस्य बोधसिंह मरकाम ने कई बार प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को आवेदन और ज्ञापन सौंपे।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर समस्याओं के समाधान मांग की लेकिन जब बार-बार प्रयासों के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई तब उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाया उनका कहना है कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास और जनता के अधिकारों के लिए है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता बड़े बड़े वादे करते हैं लेकिन जीतने के बाद क्षेत्र की समस्याओं से मुंह मोड़ लेते हैं इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर जहां एक जनप्रतिनिधि अपनी ही सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक महीने से अधिक समय से धरने पर बैठा है वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी और नेता मौन साधे हुए हैं।

यह स्थिति न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था की संवेदनशीलता पर प्रश्न चिन्ह लगाती है बल्कि यह भी दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर समस्याओं के समाधान को लेकर कितनी उदासीनता है धरना स्थल पर लगातार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्थानीय ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी इस आंदोलन में शामिल होकर अपना समर्थन दे रहे हैं। महिलाओं और बुजुर्गों की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिल रही है जो इस बात का संकेत है कि यह आंदोलन अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ बोधसिंह मरकाम की लड़ाई नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की आवाज है बोधसिंह मरकाम ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक यह धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। अधिकारियों द्वारा आश्वासन जरूर दिए गए हैं लेकिन धरना दे रहे लोगों का कहना है कि अब उन्हें केवल लिखित और ठोस कार्रवाई ही स्वीकार होगी। केवल आश्वासनों से अब काम नहीं चलेगा यह मामला अब जिला प्रशासन के लिए चुनौती बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। साथ ही यह राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील मुद्दा बनता जा रहा है जिसका असर आने वाले समय में चुनावी समीकरणों पर भी पड़ सकता है विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के आंदोलन यह दर्शाते हैं कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अभी भी विकास की गति बेहद धीमी है।



## कंगना रनौत के बयान से आदिवासी समाज आक्रोशित

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** देश की राजनीति में एक बार फिर बयानबाजी ने माहौल गर्मा दिया है। भाजपा सांसद कंगना रनौत के आदिवासी समाज को लेकर दिए गए कथित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब सियासी घमासान तेज हो गया है। जिले सहित आसपास के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में इस बयान को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो में सांसद कंगना रनौत द्वारा आदिवासी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। जैसे ही यह वीडियो सामने आया वैसे ही मंडला सहित पूरे इलाके में राजनीतिक तापमान बढ़ गया और विभिन्न आदिवासी संगठनों व नेताओं ने कड़ा विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम ने इस बयान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आदिवासी समाज का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है और देश की आजादी में इस समाज के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे में बिना जानकारी के इस तरह की टिप्पणी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कमलेश तेकाम ने कहा कि कंगना रनौत पहले आदिवासियों का इतिहास पढ़ें उसके बाद ही कोई टिप्पणी करें। हमारे समाज के लोगों ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। इस तरह की बयानबाजी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। इस पूरे मामले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सांसद द्वारा अपने बयान पर माफी नहीं मांगी जाती है तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। पार्टी और अन्य आदिवासी संगठनों के तेवरों को देखते हुए मामला और अधिक तूल पकड़ सकता है। वहीं इस विवाद के बाद राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है।

## राज्यसभा सांसद ने रेल लाइन की उठाई आवाज



**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मंडला और डिंडोरी जिले सहित आदिवासी अंचलों के लिए रेल कनेक्टिविटी की नई उम्मीद जगी है। राज्यसभा में सांसद फूलो देवी नेताम ने शून्यकाल के दौरान पेंड्रा रोड-अमरकंटक-डिंडोरी-मंडला-घंसौर-लखनादौन-गोटेगांव श्रीधाम तक नई रेल लाइन बिछाने की मांग जोरदार तरीके से उठाई। उन्होंने केंद्र सरकार से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शीघ्र स्वीकृति देकर निर्माण कार्य प्रारंभ करने मांग की। यह रेल लाइन मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पिछड़े एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों को सीधे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। सांसद नेताम ने कहा कि यह रेल परियोजना धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से भी बेहद अहम है। विशेष रूप से अमरकंटक स्थित नर्मदा नदी उद्गम स्थल तक सीधी रेल सुविधा मिलने से देशभर से आने वाले श्रृद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं मंडला स्थित कान्हा नेशनल पार्क तक पहुंच आसान होने से पर्यटन उद्योग को भी गति मिलेगी। यह प्रस्तावित रेल लाइन पेंड्रा रोड, अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला, घंसौर, लखनादौन और गोटेगांव जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ेगी। इससे वर्षों से रेल सुविधा से वंचित डिंडोरी और जिले पहली बार सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ सकेंगे। साथ ही गोटेगांव के माध्यम से इटारसी जंक्शन से कनेक्टिविटी मिलने पर दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों तक पहुंच आसान हो जाएगी। इस परियोजना के लागू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। लंबे समय से लंबित इस रेल परियोजना के राज्यसभा में उठने के बाद अब लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं और सभी की नजर रेल मंत्रालय के आगामी निर्णय पर टिकी हुई है।

## जल मंदिर प्याऊ की स्थापना

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** नवांकुर संस्था तेजस्विनी महिला शक्ति संघ नैनपुर द्वारा जल शक्ति से नव भक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाड़ा एवं ग्राम पंचायत झिरिया में जल मंदिर प्याऊ की स्थापना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पहल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, सचिव अशोक साहू, दयादास धरवैया, ब्रज नरेश मोंगरे, अंतराम साहू, वार्ड पंच श्रीमती गुड्डी बाई यादव, सरूपा साहू, रोजगार सहायक दीपक यादव, मोबिलाइजर श्रीमती कलेश्वरी उलारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## औढ़ारी में सात दिवसीय शिविर का समापन




**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के आदेशों के परिपालन में एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर तथा पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मार्गदर्शन में विकास खंड मोहगांव अंतर्गत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष 2025- 26 के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य जयकुमार बैरागी के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी अशोक वरकड़े के नेतृत्व में बालक आश्रम शाला औढ़ारी में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के प्रथम दिवस पर शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि संतु लाल कुलस्ते सरपंच ग्राम पंचायत बडझर विशिष्ट अतिथि एके जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव एवं उपास्थित सभी अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता ज्ञान की देवी सरस्वती माता और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अंजली मरावी सरपंच ग्राम पंचायत सिंगारपुर समापन कार्यक्रम के अध्यक्ष पीएम श्री विद्यालय सिंगारपुर प्राचार्य जय कुमार बैरागी, विशिष्ट अतिथि डॉ बी एल झारिया जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना आर डी कॉलेज मंडला , विशिष्ट अतिथि राजेश चक्रवर्ती उपसरपंच ग्राम पंचायत सिंगारपुर , विशिष्ट अतिथि राजेश दुबे , अरूण बैरागी हीरा सिंह उइके, तीरथ यादव , प्रेम गौतम , सुकल सिंह परते पंच ग्राम पंचायत बड़झर, लहर दास बैरागी पंच ग्राम पंचायत बड़झर, पंचम नंदा , अर्जुन आर्मो , मोहित कुर्मेश्वर, बालक आश्रम शाला अधीक्षक पर्वत लाल तेकाम , हेमंत वरकड़े, अशोक धुर्वे, नरेन्द्र तेकाम, लवकेश कुर्मेश्वर, श्रीमती सुलेखा चक्रवर्ती, शिविर दल नायक रीता धुर्वे ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलमन चौक पर जुलूस के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब भीड़ ने एक युवक को घेरकर उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। बताया जा रहा है कि चिलमन चौक पर जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। चौक खचाखच भरा हुआ था और डीजे की धुन पर लोग नाच-गाना कर रहे थे। इसी दौरान अचानक माहौल बदल गया और भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने एक युवक को निशाना बना लिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दर्जनों युवक एक व्यक्ति को घेरकर बेरहमी से लात-घूसों से पीट रहे हैं। पीड़ित युवक खुद को बचाने की कोशिश करता नजर आता है लेकिन हमलावरों की संख्या ज्यादा होने के कारण वह पूरी तरह बेबस दिखाई देता है। मौके पर मौजूद लोगों में से कुछ तमाशबीन बने रहे।

## फर्जी मैसेज से बनाया निशाना, दो के साथ कर दी ठगी

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** जिले में साइबर ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका सामने आया है जिसमें अपराधी गलती से पैसे ट्रांसफर हो गए का झांसा देकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में अपराधी पहले कॉल करते हैं और फिर फर्जी मैसेज या स्क्रीनशॉट भेजकर लोगों को भ्रमित करते हैं कि उनके खाते में पैसा आ गया है। जबकि हकीकत में खाते में कोई रकम जमा नहीं होती। झांसे में आकर लोग खुद ही अपने पैसे ठगों के खाते में ट्रांसफर कर देते हैं। साइबर सेल मंडला के अनुसार हाल ही में ऐसे दो मामले सामने आए हैं जिनमें लोगों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। इसके बाद पुलिस ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने अपील की है। कैसे काम करता है यह ठगी का तरीका इस प्रकार की धोखाधड़ी में अपराधी बेहद चालाकी से लोगों को निशाना बनाते हैं। वे पहले फोन कॉल के जरिए संपर्क करते हैं और कहते हैं कि गलती से आपके खाते में पैसे ट्रांसफर हो गए हैं कृपया वापस कर दें। इसके बाद वे एक फर्जी या व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट भेजते हैं जो बिल्कुल बैंक के असली मैसेज जैसा दिखाई देता है। पीड़ित व्यक्ति जब उस मैसेज को देखता है, तो उसे लगता है कि वाकई उसके खाते में पैसा आ गया है। अपराधी इस दौरान भावनात्मक दबाव बनाते हैं और तुरंत पैसे वापस करने के लिए कहते हैं। कई बार वे खुद को किसी जान-पहचान वाला भी बताते हैं जिससे व्यक्ति आसानी से भरोसा कर लेता है।




पहले मामले में एक दुकानदार को अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया और सामान खरीदने के नाम पर एडवांस भेजने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने एक फर्जी मैसेज भेजा जो बैंक के मैसेज जैसा ही लग रहा था। आरोपी ने कहा कि उसे 50 हजार रुपए भेजने थे लेकिन गलती से ज्यादा राशि भेज दी गई है जिसे वापस कर दें। दुकानदार ने बिना अपने बैंक खाते की जांच किए उस मैसेज पर विश्वास कर लिया और बताए गए नंबर पर एसएमएस के जरिए पैसे ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने बैंक बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके खाते में कोई पैसा आया ही नहीं था और वह ठगी का शिकार हो चुका था। दूसरे मामले में एक महिला जो बैंक में कार्यरत है को अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया और खुद को पहचान वाला बताते हुए कहा कि उसने गलती से 9,000 रुपए उसके खाते में भेज दिए हैं। इसके बाद एक फर्जी एसएमएस भेजा गया जिसमें रकम क्रेडिट दिख रही थी। महिला ने बिना खाते की पुष्टि किए तुरंत पैसे वापस ट्रांसफर कर दिए। बाद में जांच करने पर सामने आया कि उसके खाते में कोई राशि जमा ही नहीं हुई थी। पुलिस ने अपील की है कि जांच के बिना न करें लेन-देन मंडला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें। केवल एसएमएस या स्क्रीनशॉट देखकर कभी भी पैसे वापस न भेजें। हमेशा अपने बैंक ऐप पासबुक या नेट बैंकिंग के माध्यम से खाते की जांच जरूर करें। पुलिस ने यह भी कहा है कि ठग अक्सर लोगों पर जल्दी निर्णय लेने का दबाव बनाते हैं जिससे वे घबरा कर गलती कर बैठते हैं। ऐसे में संयम बनाए रखना बेहद जरूरी है। किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर तुरंत भरोसा न करें पैसे आने की पुष्टि केवल बैंक खाते से करें एसएमएस से नहीं जल्दबाजी या भावनात्मक दबाव में कोई निर्णय न लें किसी अज्ञात व्यक्ति को बैंक ट्रांसफर न करें शक होने पर तुरंत अपने बैंक से संपर्क करें। यदि आप इस तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।



## 11 केवी लाइन से कर्मचारी गिरा, जबलपुर रिफर

नैनपुर (स्वतंत्र मत) ।

विद्युत विभाग में ठेकेदार की लापरवाही से एक आउट सोर्स कर्मचारी जीवन मौत से जूझ रहा है। उसे जबलपुर रिफर किया गया है। घटना थाना क्षेत्र नैनपुर के पिंडरई चौकी के ग्राम कटारे मोहगांव की है । जहां बिगड़ैल मौसम में बिजली का काम करते वक्त सुरक्षा व्यवस्था उपकरण उचित नहीं थे। जिसका शिकार बीजेगांव डेम निवासी प्रदीप परते पिता भंगी परते उम्र 22 साल हो गया। जो बिजली के खंभे से काम करते वक्त सीधे नीचे आ गिरा । जिससे हाथ में दो फैक्चर और पैर में मामूली फैक्चर आया है। नैनपुर में प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप को जबलपुर भेजा गया है। ज्ञातव्य हो कि उप संभाग विद्युत मंडल विभाग नैनपुर की 11 केवी लाइन में प्रदीप काम कर रहा था जो काफी खतरे की होती है। ठेकेदार द्वारा उक्त आउट सोर्स कर्मचारी से काम तो कराया जा रहा था पर सुरक्षा के माकूल इंतजाम नहीं किये गए थे । जिसकी वजह से युवक घटना का शिकार हो गया।

# नागपुर मंडल रेल प्रबंधक ने किया सघन निरीक्षण

### इतवारी-छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर-गढ़ा रेलखंड एवं स्टेशनों को देखा

## यात्री संरक्षा, सुरक्षा, सुविधाओं एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता द्वारा नागपुर इतवारी से नैनपुर होकर गढ़ा जबलपुर तक के रेल मार्ग और स्टेशनों के सघन निरीक्षण किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर एवं गढ़ा रेलखंड का व्यापक चविंडो ट्रेलिंगज के माध्यम से संरक्षा निरीक्षण किया। सुबह 06:30 बजे इतवारी स्टेशन से विशेष निरीक्षण यान द्वारा शुरू हुआ यह दौरा रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आधारभूत संरचना के आधुनिकीकरण पर केंद्रित रहा।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने विशेष रूप से चविंडो ट्रेलिंगज के जरिए रेल पटरियों की स्थिति, पॉइंट्स, क्रॉसिंग्स और सिग्नलों की दृश्यता का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने ट्रेन की गति के दौरान राइडिंग क्वालिटी को मापा, ताकि यात्रियों को एक सुरक्षित और आरामदायक सफर सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान रेलखंड के प्रमुख स्टेशनों छिंदवाड़ा, सावनेर, सिवनी, घंसौर, शिकारा, नैनपुर एवं गढ़ा इत्यादि पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई।

मंडल रेल प्रबंधक ने निर्माणाधीन नए प्लेटफॉर्म्स, उन्नत वेटिंग हॉल्स, मॉल लदान शेड जैसे विकास कार्यों की प्रगति को देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से समझौता किए बिना इन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी और बैठने की व्यवस्था का व्यक्तिगत रूप से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए स्टेशनों पर वाटर कूलर्स सुचारू रूप से कार्य करें और कोच इंडिकेटर बोर्ड्स व उद्घोषणा प्रणाली यात्रियों को सटीक जानकारी प्रदान करें। इसके साथ ही, विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ओएचई की कार्यक्षमता को परखा गया ताकि तकनीकी कारणों से ट्रेनों के परिचालन में कोई बाधा न आए इसके अलावा स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा गश्त बढ़ाने तथा अनाधिकृत प्रवेश रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

इस महत्वपूर्ण दौरे में मंडल के सभी प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे, जिनमें मुख्य परियोजना गति शक्ति यूनिट, चिकित्सा, सिग्नल एवं दूरसंचार , मैकेनिकल, परिचालन, वाणिज्य, विद्युत, संरक्षा, कार्मिक और मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य विभागों से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित रहीं। साथ ही उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर उनके सुझाव प्राप्त किए।

मंडल रेल प्रबंधक ने विभिन्न स्टेशनों पर तैनात फील्ड स्टाफ जैसे गेटमैन, पॉइंट्समैन और स्टेशन मास्टरों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की और उन्हें संरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे का मुख्य लक्ष्य सुरक्षा के साथ समयबद्धता सुनिश्चित करना है, ताकि इस रेल खंड पर यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो सके।

## किसानों की मेहनत राख में तब्दील

**मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्र मत)।** जिले के नारायणगंज विकासखंड अंतर्गत ग्राम जेवरा में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब गेहूं की पैरा खरी में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गल्ले में रखी चार किसानों की पैरा खरी को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तुरंत स्थिति को संभालने की कोशिश की और दमकल वाहन को सूचना दी। ग्रामीणों और दमकल टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया लेकिन तब तक किसानों की पैरा खरी पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। इस घटना से इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है जिससे उनकी चिंता बढ़ गई है। फिलहाल निवास पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके।

## काव्य प्रतियोगिता में प्रथम

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** लोकप्रिय मंच हिंदीभाषा डॉट कॉम परिवार इंदौर द्वारा सतत स्पर्धाओं द्वारा रचनाशिल्पियों का उत्साह बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में रामनवमी विषय पर अखिल भारतीय स्तर की काव्य लेखन स्पर्धा आयोजित कराई गई। इसमें उत्कृष्ट रचना लिखकर मंडला मध्यप्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. डॉ. शरद नारायण खरे ने श्रेष्ठता आयोजित कर श्रेष्ठ रचनाशिल्पी सम्मान-2026 सम्मान हासिल किया।

संपादकीय

## ‘रुपया’ में गिरावट

‘रुपया’ लगातार कमजोर होता रहा है, उसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है और आयात-बिल भी महंगे होते रहे हैं। 2013-14 के संसदीय चुनाव के दौरान भाजपा ने ‘रुपए’ को भारत की संप्रभुता और प्रतिष्ठा से जोड़ कर एक संवेदनशील मुद्दा बना दिया था। लोगों ने विश्वास किया और जनादेश भाजपा को दिया। मोदी सरकार के करीब 12 साल के कालखंड में ‘रुपए’ में करीब 61 फीसदी की गिरावट दर्ज हो चुकी है और यह सिलसिला अभी जारी है। यह बेहद गंभीर मौद्रिक स्थिति है, बेशक भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस मुद्दे को आसानी से यूं समझा जा सकता है कि फरवरी, 2026 में ईरान युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमत 69 डॉलर प्रति बैरल थी। तब हमें एक बैरल कच्चा तेल 6700 रुपए से कुछ अधिक में पड़ता था, लेकिन मार्च में वही तेल 10,640 रुपए बैरल में खरीदा जा रहा है। यानी कीमत 70 फीसदी बढ़ी है, लिहाजा आम आदमी को भी महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदना पड़ेगा। बेशक कुछ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सरकार ने पेट्रोल-डीजल महंगे नहीं किए हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 117 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुके हैं। भाजपा तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को लगातार निशाना बनाती थी, जबकि उन्होंने ही देश को आर्थिक मंदी से बचाया था। तब भाजपा अर्थव्यवस्था की कमजोरी और ‘रुपए’ के अवमूल्यन पर चिंताएं जताती थी। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उस दौर में भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता थीं। ‘रुपए’ की स्थिति को लेकर यूपीए और भाजपा-एनडीए सरकारों की तुलना करना बेहद तार्किक है। तब मई, 2004 में मनमोहन सरकार के शुरुआती दिनों में एक डॉलर की तुलना में ‘रुपया’ 45.37 पर था। मई, 2014 में यूपीए कालखंड की समाप्ति के वक्त डॉलर की कीमत 58.58 रुपए थी। केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई, तो ‘रुपए’ का अवमूल्यन लगातार क्यों होता रहा है? डॉलर 58 रुपए से उछल कर 90-91 रुपए तक कैसे पहुंच गया? आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रिजर्व बैंक दखल न दे, तो एक डॉलर 110 रुपए में पड़ सकता है। ईरान युद्ध की शुरुआत के एक दिन पहले, 27 फरवरी, तक ‘रुपया’ 90.98 तक गिरा था, लेकिन 31 मार्च, 2026 को 95 तक गिर गया। 100 रुपए की ‘चरम स्थिति’ कितनी दूर है? बेशक मोदी कालखंड में ‘रुपए’ का अवमूल्यन ऐतिहासिक रहा है और भारतीय मुद्रा के लिए यह असंतुलित और गंभीर स्थिति है। इसके बावजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बयान आया है कि ‘रुपया’ ठीक चल रहा है। 2022 में उन्होंने अपना ‘आर्थिक दर्शन’ देश के सामने पेश किया था कि ‘रुपया’ कमजोर नहीं हुआ है, बल्कि डॉलर मजबूत हो रहा है। भारतीय स्टेट बैंक की एक रपट में माना गया है कि ‘रुपए’ को अब ‘शॉक एब्जॉर्बर’ बना कर छोड़ना सही नहीं है। इसका उलटा असर पड़ रहा है। सुझाव दिया गया है कि रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल करके ‘करेंसी मार्केट’ में आक्रामक रुख अपनाना चाहिए। पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करना जरूरी है। रिजर्व बैंक को छोटी अवधि के बॉन्ड बेच कर लंबी अवधि के बॉन्ड खरीदने चाहिए। ब्याज दर संतुलित रहेगी। बहरहाल यह मुद्दा ऐसा है, जिस पर प्रधानमंत्री को कैबिनेट में विमर्श कर देश को संबोधित करना चाहिए। जहां तक विकास की बात है, भारत अभी अमरीका की तुलना में चवन्नी और चीन की तुलना में अठन्नी के बराबर है। तात्पर्य यह है कि भारत को विकास की दृष्टि से अभी लंबा सफर तय करना है। महज यह कह कर बात नहीं बनेगी कि भारत में विकास दर विश्व के अन्य देशों की तुलना में ज्यादा है।

# पश्चिम बंगाल में बढ़ती अराजकता लोकतंत्र के लिए चुनौती



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

पश्चिम बंगाल, जो कभी सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिकता और राजनीतिक परिपक्वता का प्रतीक माना जाता था, आज एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ें लगातार कमजोर होती प्रतीत हो रही हैं। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे राज्य में हिंसा, अराजकता अलोकतांत्रिकता और राजनीतिक असहिष्णुता की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यह केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का परिणाम नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति घटते सम्मान और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति का भी द्योतक है। हाल ही में मालदा जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण अर्थात एसआर को लेकर जिस प्रकार का असंतोष और तनाव देखने को मिला, वह भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। मतदाता सूची में नाम जुड़ना या हटना एक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके लिए स्पष्ट नियम और प्रावधान होते हैं। यदि इस प्रक्रिया को राजनीतिक चश्मे से देखा जाएगा या प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाया जाएगा, तो निष्पक्ष चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाएगी। एसआर प्रक्रिया में बाधक बनते हुए जिसे तरह से न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाए जाने की घटना सामने आयी है, वह न केवल चिंताजनक है बल्कि लोकतंत्र के लिये एक गंभीर चेतावनी भी है। यह उस व्यापक घातक एवं विडम्बनापूर्ण प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें प्रशासनिक और न्यायिक तंत्र को भी राजनीतिक दबाव और भीड़तंत्र के आगे झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विशेष रूप से यह तथ्य कि बंधक बनाए गए अधिकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं, इस घटना को और अधिक गंभीर बना देता है। यह न केवल कानून के शासन पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि समाज में बढ़ती असंवेदनशीलता को भी उजागर करता है।

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का इतिहास नया नहीं है। 1960 और 70 के दशक में नक्सल आंदोलन के दौरान हिंसा का जो दौर शुरू हुआ था, उसने राज्य की राजनीतिक संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया। इसके बाद वामपंथी शासन के लंबे कालखंड में भी राजनीतिक विरोधियों के प्रति असहिष्णुता और हिंसा की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहीं। सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस एवं ममता बनर्जी के शासन में यह प्रवृत्ति समाप्त नहीं हुई, बल्कि नए स्वरूप में सामने आई। यह स्पष्ट संकेत है कि समस्या केवल किसी एक दल या विचारधारा की नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक तंत्र में व्याप्त एक गहरे संकट की है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, चुनावों के निकट आते ही जिस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं, वे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत देती हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे संवेदनशील कार्य में लगे अधिकारियों को बंधक बनाना यह दर्शाता है कि कुछ तत्व चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मतदाता की स्वतंत्रता और निष्पक्ष चुनाव के अधिकार पर सीधा हमला है।



इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता उल्लेखनीय है। समय-समय पर न्यायालय ने राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी की याद दिलाई है। किंतु यह भी एक चिंताजनक तथ्य है कि इन निर्देशों का जमीनी स्तर पर अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखाई देता। इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या राज्य प्रशासन एवं सत्तारूढ पार्टी इन निर्देशों को लागू करने में अक्षम है या इच्छुक नहीं है? यदि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश भी प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। चुनाव के समय बढ़ती अराजकता के पीछे राजनीतिक बौखलाहट भी एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। जब किसी दल को अपनी लोकप्रियता में गिरावट का भय होता है, तो वह अक्सर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को दरकिनार कर असंवैधानिक उपायों का सहारा लेने लगता है। पश्चिम बंगाल में भी कुछ ऐसी ही प्रवृत्तियां देखने को मिल रही हैं, जहां सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं पर विपक्ष को डराने, प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालने और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के आरोप लगते रहे हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।

नागरिक समाज सक्रिय रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा, तब तक केवल प्रशासनिक उपायों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें कानून का शासन, संस्थाओं की स्वतंत्रता और नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति इन सभी पहलुओं पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यदि चुनाव प्रक्रिया ही निष्पक्ष और शांतिपूर्ण नहीं रह जाती, तो लोकतंत्र का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मतदाता का विश्वास होता है, और यदि मतदाता को यह लगने लगे कि मतदाता सूची, चुनाव प्रक्रिया या प्रशासन किसी राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है, तो लोकतंत्र की विश्वसनीयता स्वत: कमजोर होने लगती है। इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासनिक नाकामी का प्रश्न भी गंभीरता से सामने आता है। किसी भी राज्य में यदि अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं, न्यायिक अधिकारी तक बंधक बना लिए जाते हैं और पुलिस या प्रशासन समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाता, तो यह प्रशासनिक तंत्र की कमजोरी का स्पष्ट प्रमाण है। प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी कानून व्यवस्था बनाए रखना और सरकारी कार्यों को निर्भय वातावरण में संपन्न कराना होता है। यदि प्रशासन यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है, तो इससे जनता में भय और अविश्वास दोनों बढ़ते हैं। जनता का विश्वास ही किसी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी होता है, और जब यही विश्वास डगमगाने लगता है, तो शासन की वैधता पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं।

राजनीतिक दलों की भूमिका भी इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। लोकतंत्र में राजनीतिक दल केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों के संवाहक भी होते हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कार्यकर्ताओं को संयम, कानून के सम्मान और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने के लिए प्रेरित करें। लेकिन जब राजनीतिक प्रतिस्पर्धा कटु संघर्ष में बदल जाती है और कार्यकर्ताओं को किसी भी तरह से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, तो अराजकता की स्थिति उत्पन्न होती है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल चुनाव को युद्ध नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्सव के रूप में देखें। आज आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम बंगाल की घटनाओं को केवल एक राज्य की समस्या न मानकर लोकतंत्र के लिए चेतावनी के रूप में देखा जाए। यदि प्रशासनिक तंत्र कमजोर होगा, राजनीतिक दल मर्यादा नहीं रखेंगे, और जनता का विश्वास कम होता जाएगा, तो लोकतंत्र केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा। लोकतंत्र की रक्षा केवल संविधान या न्यायालय नहीं कर सकते, इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक निष्पक्षता और जनता की जागरूकताकृतीनों का संतुलन आवश्यक है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान परिस्थितियां हमें यही संदेश देती हैं कि लोकतंत्र को केवल चुनाव से नहीं, बल्कि व्यवस्था की निष्पक्षता, कानून के शासन और नागरिक विश्वास से मजबूत बनाया जा सकता है।

इस परिप्रेक्ष्य में आवश्यक है कि राज्य सरकार, चुनाव आयोग और न्यायपालिका मिलकर ठोस कदम उठाएं। कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए, दोषियों के खिलाफ त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई हो और प्रशासनिक तंत्र को राजनीतिक दबाव से मुक्त रखा जाए। इसके साथ ही राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करें। निश्चित ही यह समझना होगा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति एक चेतावनी है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो यह अराजकता और गहराई तक फैल सकती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि हम सभी मिलकर कानून, नैतिकता और सहिष्णुता के मूल्यों को पुन: स्थापित करें। पश्चिम बंगाल आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां से वह या तो लोकतांत्रिक पुनर्जागरण की ओर बढ़ सकता है या अराजकता के गहरे गर्त में गिर सकता है। यह निर्णय न केवल राजनीतिक नेतृत्व, बल्कि पूरे समाज को मिलकर लेना होगा।

# विध्वंस में बदलता सृजन



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

युद्ध विनाश का दूसरा नाम है जो बर्बरता और तबाही के अलावा कुछ नहीं लाता। युद्ध मानव द्वारा किए गए सृजन का विध्वंस करता है, विकास को रोकता है और मानवता को पीछे धकेलता है। युद्ध में हमेशा आम जनता और निर्दोषों का नुक्सान होता है। युद्ध में मृत खून से लथपथ लोगों की आत्माएं दर्द से कहराती हैं। धरती चीत्कार कर पुकारती है। हमें न युद्ध चाहिए और न हथियार, अहिंसा का मार्ग चाहिए, जिओ और जीने दो, मानव को मानव से शांति मार्ग चाहिए। अमेरिका, इजराइल और ईरान युद्ध 35वें दिन खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है। युद्ध अब केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रहा बल्कि अब यह पुलों, नागरिक ठिकानों, जल संशोधन केन्द्रों, रिफाइनरियों और गैस प्लांटों तक पहुंच गया है। अब यह जंग लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर को तबाह करने की तरफ मुड़ चुका है। अमेरिका और इजराइल ने ईरान में तेहरान और करज जैसे दो बड़े शहरों को जोड़ने वाला राजनीतिक बी-1 पुल को ध्वस्त कर दिया है। 400 मिलियन डॉलर की लागत से बना यह पुल केवल यातायात का जरिया नहीं था बल्कि ईरान की इंजीनियरिंग और उसकी मजबूती का प्रतीक था। इस पुल पर हमला करने का मकसद ईरान के लॉजिस्टिक को काटना है ताकि युद्ध की स्थिति में उसकी सेना को मूवमैंट करने में भारी परेशानी हो।

ईरान ने भी अपना पुल ध्वस्त होने पर बदला लेने की कसम खाई है और ईरान ने खाड़ी और मध्यपूर्व के 8 पुलों की हिटलिस्ट जारी की है, जो उसके निशाने पर हैं। इनमें कुवैत का शेख जाबेर अल अहमद ब्रिज, संयुक्त अरब अमीरात का शेख जायद ब्रिज, अलमक्ता ब्रिज और शेख खलीफा ब्रिज शामिल हैं। बहुमंजिला इमारतें और पुल बनाने में वर्षों लग जाते हैं। अगर युद्ध में बुनियादी ढांचा ही तबाह हो गया तो फिर हाहाकार मचेगा और जनता त्राहि-त्राहि कर उठेगी। अब तक तनाव कम करने की सभी कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ईरान द्वारा एक के बाद एक अमेरिकी लड़ाकू विमान और दो हैलीकाप्टरों को मार गिराए जाने के बाद पश्चिम एशिया में संकट और गहरा गया है। यद्यपि अमेरिका ने एक पायलट को बचा लेने का दावा किया है जबकि दूसरा पायलट लापता है। यदि लापता पायलट ईरान के हाथ लग जाता है तो अमेरिका की चिंताएं बढ़ जाएंगी। अमेरिका के करोड़ों रुपए के विमान तबाह होने से डोनॉल्ड ट्रम्प के उन दावों की पोल खुल गई है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के आसमान पर अमेरिका का कब्जा हो चुका है। ईरान ने जिस तरह से इजराइल के तेल अबीव, यरूशलम, डिमोना और हाइफा जैसे शहरों को अपने रॉकेटों से निशाना बनाया है उससे इजराइल का सुरक्षा कवच माने गए आयरन डोम और लेजर बीम तकनीक भी नकारा साबित हुई।

अमेरिकी खुफिया सूत्रों ने भी ट्रम्प को बता दिया है कि ईरान की मिसाइल क्षमता अभी भी 55 प्रतिशत बरकरार है। यही कारण है कि ईरान अमेरिका के आगे झुकने से साफ इंकार कर रहा है। इजराइल के एयर डिफेंस को भेदने वाले ईरान के सस्ते और सटीक ड्रोन काफी कारगर साबित हुए हैं। इन ड्रोनों ने आधुनिक युद्ध और उससे आर्थिक समीकरणों ने युद्ध का एक नया आयाम जोड़ दिया है। ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ, अपने शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल पूरे पश्चिम एशिया में सेंसरों, राडारों, सैन्य ठिकानों, तेल-गैस के बुनियादी ढांचों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और रिहायशी इलाकों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाने के लिए किया है। पिछले एक महीने में खाड़ी क्षेत्र में फैली अराजकता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि आधुनिक युद्धक्षेत्र में ड्रोन और वायु शक्ति की भूमिका कितनी अहम हो चुकी है। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से यह सैन्य सिद्धांत, हर जगह अपनाया जा रहा है। शाहेद ड्रोन से हुआ भारी नुक्सान इस बात को उजागर करता है कि कम लागत वाले कामिकाज़े ड्रोन को बड़े पैमाने पर सैन्य हथियारों के जखीरे में शामिल करने का रणनीतिक फायदा कितना बड़ा हो सकता है। रक्षा विशेषज्ञों ने चेतावनी दे दी है कि अब युद्ध के मैदान में ईरान का पलड़ा भारी है और ट्रम्प बुरी तरह से उलझ गए हैं। उन्हें युद्ध से बाहर निकलने के लिए कोई पतली गली नहीं मिल रही। ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने सम्बोधन में देशवासियों को समझाने की बहुत कोशिश की कि युद्ध अंतत: उनके फायदे के लिए है लेकिन अमेरिकी जनता ने उनसे असहमति जता दी है। जंग के बीच ट्रम्प ने आर्मी चीफ समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया। जंग के बीच घोड़ों का बदलना इस बात का प्रमाण है कि उन्हें युद्ध में वांछित परिणाम नहीं मिल रहे। ट्रम्प के मित्र रहे देश भी उनका साथ छोड़ चुके हैं।

अमेरिका नाटो की सुरक्षा छतरी के तले पश्चिमी यूरोपीय राष्ट्रों के साथ 77 साल पुरानी साझेदारी तोड़ने को तैयार नजर आ रहा है। खासकर, अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान के बाद कि वह इस गठबंधन से (जो उनकी नजर में एक कागजी शेरहै) निकलने पर ‘बिल्कुल’ विचार कर रहे हैं। ट्रम्प की यह और ऐसी ही अन्य टिप्पणियां व्हाइट हाउस की उस साफ जाहिर निराशा के बाद आयी हैं कि यूरोपीय और अन्य सहयोगियों ने ईरान के खिलाफ युद्ध अभियान में अमेरिका और इजराइल के सहयोग के लिए सैन्य संसाधनों को मौके पर नहीं भेजा। खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य, जो अभी तेहरान के नियंत्रण में हैं, से तेल टैंकरों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए। ट्रम्प ने बार-बार शिकायत की है कि वाशिंगटन को नाटो से उतना लाभ नहीं मिल रहा, जितना वह उसमें लगा रहा है। हाल ही में उन्होंने मीडिया से कहा, यह एक तरफ जाने वाली सड़क है। उन्होंने अपनी एक हालिया टिप्पणी से यह भी संकेत दिया है कि नाटो शायद निष्प्रभावी वैश्विक ताकत बन गया है।

दुनिया में तेल और ऊर्जा का संकट पहले ही खड़ा हो चुका है। ट्रम्प अपना लक्ष्य पूरा करने में नाकाम रहे हैं। अगर युद्ध लम्बा खिंचता है तो तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य नहीं होगी। लोगों पर मंदी और महंगाई की दोहरी मार पड़ेगी। युद्ध रुकने के बावजूद ईरान और खाड़ी देशों को दोबारा से बुनियादी ढांचे के निर्माणऔर आर्थिक संकट से उभरने में वर्षों लग जाएंगे। युद्ध विरोधी ताकतों को एकजुट होकर ईरान से संवाद का रास्ता कायम कर युद्ध रोकने के गम्भीर प्रयास करने होंगे, अन्यथा एक सिरफिरे की सनक का खामियाजा पूरी दुनिया भुगतेगी।

# आत्मा से सम्बद्ध उदगार

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

सठियाने नहीं बलिक सत्तरियाने यानी सत्तर साल का होने के बाद मुझे विश्वास हो चला है कि आत्माएं कई प्रकार की होती हैं। साठ साल तक मैं ऐसा नहीं मानता था। अब धर्म का प्रभाव भी बढ़ रहा है, शायद इसका भी कुछ तो असर होगा ही। मैंने यह मानना शुरू कर दिया है कि आत्मा की आवाजें भी होती हैं जो अलग अलग किस्म की होने के कारण तरह तरह के प्रभाव लिए होती हैं। मिसाल के तौर पर सादी, सरल व सभ्य आत्मा की आवाज़ दबी दबी मरियल सी होती है और आम तौर पर अनसुनी की जाती है। आम आत्मा शरीर छोड़ जाए तो जान पहचान के लोग दुनिया की प्रसिद्ध किताब फेसबुक में आरआईपी यानी ‘आत्माजी, स्वर्ग में शांति से रहना’ लिखकर अपना कर्तव्य निभाते हैं।



आत्मा में आत्मा यानी बोले तो अंतरात्मा भी होती है जिसकी मूक आवाज़ के आह्वान पर बड़े बड़े लोग अनूठे, असंभव काम कर दिया करते हैं। कृत्रिम बुद्धि युग में भी कर रहे हैं। बड़े आकार की आत्मा की आवाज़ कुछ भी करवा सकती है। उसके एक जबर्दस्त इशारे पर समाज और राजनीति में नए गुल खिलने लगते हैं। अंतरात्मा की आवाज़, स्वाभाविक है कुछ लोगों के शरीर के बाह्य, ऊपर, नीचे, दाएं या बाएं हिस्से में बसने वाली लघु आत्माओं की आवाजों में सबसे सशक्त मानी जाती है। यह ख़ास लम्हा बिना बताए आता है जब अंतरात्मा के ठीक अंदर, संभवत उसके भूखे पेट से आवाज़ निकलती है। यह जानदार आवाज़, समय, जगह व शुभ मुहर्त देखकर ही आती है लेकिन कोई औपचारिकता वगैरा नहीं मानती। ठीक भी है, अंतर की आत्मा, माफ़ करें अंतरात्मा की आवाज़ है किसी भूखे बच्चे का रोना नहीं।

ऐसी आवाजों से यह ज्ञान भी प्राप्त होता है कि जीवित शरीर में आत्मा कभी चैन से नहीं रहती। भला जो आत्मा दुनियावी मसलों में, हाड़मांस के पुतले इंसान को ऐसे, वैसे न जाने कैसे कैसे गलत परामर्श दे रही हो, उसे निवृत होने के बाद तो नरक में ही जाना पडेगा न। उसे स्वर्ग में आसानी से अस्थायी सीट भी मिलने का सवाल पैदा नहीं होता। यह बात आम इंसान नहीं समझता तभी तो आत्मा के शरीर छोड़ने के अप्रत्याशित अवसर पर फेसबुक पर ‘लाइक’ का बटन भी दबा देता है, यह मानते हुए कि अमुक आत्मा इस नश्वर संसार के जंजाल से छूट गई है। वास्तव में बेचारी ज़्यादातर आत्माएं, इंसान की गलत करतूतों के कारण नरक में जाकर, निश्चित ही भांति भांति के कष्ट भोग रही होती हैं और इधर ज़्यादातर लोग यही कामना कर रहे होते हैं कि आत्मा को शांति मिले, स्वर्ग में आत्मा शांति से रहे।

कुछ आत्माओं को महान घोषित किए जाने की राष्ट्रीय परम्परा भी है। जीवित बंदे शारीरिक मोह से छूट चुकी आत्माओं को झूठे ख़्वाब दिखा रहे होते हैं जबकि आत्मा इन तुच्छ विचारों से दूर शांत ही रहती हैं। छोटे छोटे स्वार्थों की गिरफ्त में फंसा आदमी, आत्मा को किसी महंगी चीज़ का टुकडा समझता है जिसे नरक में नहीं स्वर्ग में ही रखा जाना चाहिए। जब आत्मा, नश्वर शरीर में कुलबुला रही होती है, हम उसकी आवाज़ दबाते फिरते हैं और बाद में आत्मा की अंतरात्मा की ईमानदार आवाजें सुनने और सुनाने की कोशिशें करते रहते हैं।

# नौकरी के लिए न्यूनतम अंक भी प्राप्त नहीं होना अध्ययन गुणवत्ता पर उठाते सवाल

**आज मल्टी टास्क सर्विस जिसे परपंरागत शब्दों में कहा जाए तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद या शहरी निकायों में सफाई कर्मचारी के कुछ पदों के लिए ही हजारों लाखों युवा आवेदन करने लगे हैं और तस्वीर का एक पहलू यह है कि इन युवाओं में उच्च और तकनीकी शिक्षा यहां तक की इंजीनियर, डॉक्टर, एमबीए तक आवेदन कर रहे हैं।**

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अभी मेडिकल पीजी में 0 पर्सेंटाइल पर प्रवेश का मुद्दा पुराना भी नहीं हुआ है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा स्कूल लेक्चरर के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम ने देश की शिक्षा के हालातों के पोल खोलकर ही रख दी है। शिक्षा के मंदिर में बच्चों को पढ़ाने के लिए लेक्चरर के पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में पोलिटिकल साइंस के लेक्चरर के पद के लिए हजारों युवाओं ने परीक्षा दी और 225 पद होने के बावजूद केवल 6 परीक्षार्थी चयन के योग्य पाये गये। मजे की बात है कि परीक्षा देने वाले हजारों युवाओं में मात्र 219 युवा भी न्यूनतम प्राप्तांक 40 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं कर पायें। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिजिकल एजुकेशन के 37 पदों के लिए एक भी नहीं और होमसाइंस जैसे विषय के लेक्चरर के पद के लिए केवल एक परीक्षार्थी ही सफल हो सका। अब एक और देश में प्रतिपक्ष बेरोजगारी की समस्या को गंभीरता से उठा रहे हैं तो दूसरी और भर्ती वाले पदों के लिए न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करने में भी आज के युवा सफल नहीं हो पा रहे हैं। यह कोई राजस्थान की ही बात नहीं है अपितु यह समूचे देश की शिक्षा के स्तर की बानगी है। क्योंकि निश्चित रुप से राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अन्य प्रदेशों के युवा भी परीक्षार्थी रहे होंगे। बेरोजगारी की समस्या अपनी जगह पर है पर दूसरी और स्नातक, स्नातकोत्तर और तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं के ज्ञान के स्तर को इससे आंका जा सकता है।




यही कारण है कि आज मल्टी टास्क सर्विस जिसे परपंरागत शब्दों में कहा जाए तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद या शहरी निकायों में सफाई कर्मचारी के कुछ पदों के लिए ही हजारों लाखों युवा आवेदन करने लगे हैं और तस्वीर का एक पहलू यह है कि इन युवाओं में उच्च और तकनीकी शिक्षा यहां तक की इंजीनियर, डॉक्टर, एमबीए तक आवेदन कर रहे हैं। यह हमारे शैक्षणिक संस्थानों के लिए किसी तमाचे से कम नहीं होना चाहिए। अब पोलिटिकल साइंस के स्कूल लेक्चरर के लिए परीक्षा देने वाले युवा निश्चित रुप से पोलिटिकल साइंस से स्नातक या स्नातकोत्तर और हो सकता है कि पीएच डी तक हो पर उनके द्वारा केवल और केवल न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं करना कहीं ना कहीं शिक्षा की स्थिति को स्पष्ट करती है। वैसे देखा जाएं तो 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चयनित होने वाले स्कूल लेक्चरर से आप बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की अपेक्षा करेंगे तो बेमानी होगी। हालात वास्तव में गंभीर है और यही कारण है कि नौकरी के लिए आयोजित परीक्षाओं में नकल, गलत प्रयोग और पेपर आउट व डमी केंडिडेट द्वारा परीक्षाएं देने के माफियायों की बन पड़ी है।

जहां तक मेडिकल पीजी में जीरो पर्सेंटाइल पर प्रवेश के निर्णय पर यह अवश्य संतोष की बात है कि फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सरकार के इस निर्णय की खिलाफत करने की हिम्मत दिखाई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देष में षिक्षण संस्थाओं का जाल बिछा कर सबके लिए शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो सकी। अब तो डीम्ड यूनिवर्सिटी सहित यूनिवर्सिटी नित नई खुलती जा रही है। इसे अच्छा भी माना जा सकता है पर सौ टके का सवाल यह है कि क्या शिक्षण संस्थान केवल डिग्री देने के माध्यम ही बन कर रह गए हैं।

पोलिटिकल साइंस स्कूल लेक्चरर या अन्य पदों के लिए न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाली युवाओं की पीढ़ी तैयार हो रही है तो इसके लिए सबसे अधिक शर्म की बात इन शिक्षण संस्थानों के लिए होनी चाहिए। पोलिटिकल साइंस तो उदाहरण मात्र है, सवाल यह है कि परीक्षा देने वाले हजारों प्रतियोगी किसी एक संस्थान से तो डिग्री प्राप्त नहीं होंगे। मजे और शर्म की बात यह है कि इन हजारों प्रतियोगी छात्रों में से कई युवा तो स्तरीयता का दावा करने वाले संस्थान के शिक्षार्थी रहे होंगे, उसके बाद नौकरी के लिए परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो इससे अधिक बुरी बात क्या होगी? आखिर हम जा कहां रहे हैं। शिक्षण संस्थानों की स्तरीयता पर ही सवाल खड़े हो जाते हैं। इसके अलावा जिस तरह से कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरियों की बाढ़ आई हुई है उसके परिणाम भी इन परिणामों में कहीं दूर दूर तक लक्षित नहीं हो रहे।

सरकार और तकनीकी शिक्षण संस्थानों को कम से कम अपने स्तर का तो ध्यान रखना ही होगा। शिक्षा की गुणवत्ता और तकनीकी अध्ययन की वैश्विक पहचान बनाना सरकार और अध्ययन केन्द्रों की पहली और अंतिम प्राथमिकता होनी चाहिए, पर यहां तो स्थानीय स्तर पर ही खरे नहीं उतर पा रहे हैं। कल्पना कीजिए कि जीरो पर्सेंटाइल वालों को विशेषज्ञ बनाकर ईलाज का लाइसेंस देंगे तो यह आमनागरिकों की जिंदगी से खिलवाड़ और शिक्षा पद्धति को मजाक बनाना ही है। सरकार और आयोग को समय रहते शिक्षा के स्तर को बनाए रखने की पहल करनी होगी। इसी से देश की शिक्षा की गुणवत्ता देश दुनिया में बनी रह सकेगी। सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं को खासतौर से आगे आना होगा। हालात शिक्षण संस्थानों को शर्मिंदा करने के लिए काफी होने चाहिए। परिणाम एक बार युवाओं को तैयार कर रही इन संस्थानों के लिए भी आत्मचिंतन के होने चाहिए। परिणाम साफतौर पर इन संस्थानों को चेहरा दिखाते नजर आ रहे हैं।

# 'आर्टेमिस क्रू' आंखों से करेगा चांद का अध्ययन, नासा वैज्ञानिक केल्सी यंग बोलीं- इंसानी आंखें सबसे सटीक कैमरा

नई दिल्ली

नासा के आर्टेमिस आईआई मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की सतह का अध्ययन मुख्य रूप से अपनी नंगी आंखों से करेंगे। मिशन की मुख्य वैज्ञानिक केल्सी यंग ने इसे अब तक का या भविष्य का सबसे बेहतरीन कैमरा बताया है। रविवार सुबह तक क्रू ने ओरियन स्पेसक्राफ्ट में अपनी यात्रा का दो-तिहाई हिस्सा पूरा कर लिया था।

इस दल में तीन अमेरिकी कमांडर रीड वाइजमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, मिशन स्पेशलिस्ट क्रिस्टीना कोच और कनाडियन स्पेस एजेंसी के जेरेमी हैनसेन अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं।

1 अप्रैल 2026 को केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च हुए इस मिशन में यात्री चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और उसके दूसरी तरफ की तस्वीरें लेंगे। सोमवार को चंद्रमा के पास पहुंचने की उम्मीद है। केल्सी यंग ने बताया कि इंसानी आंख असल में अब तक का या भविष्य का सबसे बेहतरीन कैमरा है। इसमें जितने रिसेप्टर्स होते हैं, उनकी संख्या किसी भी कैमरे से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि इंसानी नजर रंगों, संदर्भों और रोशनी में होने वाले सूक्ष्म बदलावों को बेहतर पहचान सकती है, जो



चंद्रमा की सतह की बनावट समझने में मदद करते हैं।

तिरछी रोशनी में सतह की बनावट साफ दिखती है, जबकि रंगों में अंतर आसानी से समझ आता है। अंतरिक्ष यात्री फील्ड साइंटिस्ट बनने के लिए दो साल से ज्यादा समय तक ट्रेनिंग ले चुके हैं। इसमें आइसलैंड और कनाडा में भूवैज्ञानिक अभियान, चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाने का सिमुलेशन और चंद्रमा के बिग 15 महत्वपूर्ण स्थलों को याद करना शामिल था। उन्होंने हवा भरे चंद्रमा ग्लोब की मदद से अभ्यास किया कि सूरज की रोशनी सतह के रंगों और बनावट को कैसे बदल देती है। इससे उनके नोट्स लेने का कौशल और निखरा।

नासा की प्लैनेटरी जियोलॉजी लैब के प्रमुख नोआ पेट्रो ने कहा कि चंद्रमा अंतरिक्ष यात्री को बास्केटबॉल के आकार का दिखेगा, जैसे हाथ में पकड़ रखा हो। वे चंद्रमा की सतह पर हल्के भूरे और सुनहरे रंगों को देख पाएंगे या नहीं, यह सबसे दिलचस्प सवाल है।

लूनर एंड प्लैनेटरी इंस्टीट्यूट के डेविड क्रिंग ने कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों का बताना कि उन्हें क्या दिख रहा है, ऐसी घटना है जिसे धरती पर रहने वाली दो पीढ़ियों ने पहले कभी नहीं सुना होगा। यह मिशन 53 साल बाद चंद्रमा की पहली मानव-युक्त यात्रा है।


### चीनी कंपनियों का बड़ा खेल

# एआई और ओपन डेटा के जरिए अमेरिकी सैन्य ठिकानों की जासूसी का दावा

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच हैरान करने वाली खबर सामने आई है। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ओपन-सोर्स डेटा का इस्तेमाल कर रही हैं। जिससे अमेरिका में युद्ध के मैदान में निगरानी से जुड़े उभरते जोखिमों को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। चीन की ज्यादा से ज्यादा निजी कंपनियां ऐसे इंटेलिजेंस टूल बाजार में ला रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को बेनकाब करने का दावा करते हैं।

दरअसल, एक ओर जहां चीनी निजी कंपनियां सैटेलाइट तस्वीरों, फ्लाइट ट्रैकर्स और शिपिंग डेटा को एआई के जरिए प्रोसेस करके अमेरिकी विमान वाहक पोतों और सैन्य ठिकानों की सटीक स्थिति बेनकाब करने का दावा कर रही हैं। वहीं, दूसरी ओर चीन सार्वजनिक रूप से इसको खुद से अलग रखने का दावा कर रहा है।



ऑनलाइन पोस्ट में अमेरिकी विमान वाहक पोतों की गतिविधियों, विमानों की स्थिति और सैन्य ठिकानों पर होने वाली हलचल की बारीक जानकारियां सामने आई हैं। इसमें शामिल कुछ कंपनियों के चीन के सैन्य तंत्र से संबंध बताए जा रहे हैं।

वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ये कंपनियां बीजिंग के उस व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं, जिसके तहत निजी क्षेत्र के नवाचारों को रक्षा क्षमताओं में एकीकृत किया जा रहा है और जिसे नागरिक-सैन्य एकीकरण रणनीति के तहत महत्वपूर्ण सरकारी निवेश का समर्थन प्राप्त है।

अमेरिकी अधिकारी और विश्लेषक इस खतरे की गंभीरता को लेकर बंटे हुए हैं। कुछ अधिकारी सवाल उठा रहे हैं कि क्या इन उपकरणों का सक्रिय रूप से दुश्मनों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। वहीं, कुछ चेतावनी दगे रहे हैं कि इनकी बढ़ती परिष्कृतता भविष्य के संघर्षों में अमेरिका के लिए सैन्य गतिविधियों को छिपाना मुश्किल बना सकती है।

चीन ने प्रत्यक्ष रूप से ईरान युद्ध में हस्तक्षेप से परहेज करते हुए युद्धविराम और शांति वार्ता की अपील की है। भले ही उसका निजी क्षेत्र युद्ध का लाभ उठा रहा हो। विश्लेषकों का कहना है कि यह दोहरी रणनीति चीन को औपचारिक रूप से संघर्ष में प्रवेश किए बिना रणनीतिक रूप से लाभ उठाने की अनुमति देती है।

## हांगकांग में पेट्रोल की कीमतें दुनिया में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में शिपिंग रुकावट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार पूरी तरह से अस्थिर हो गया है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं, जिसका सीधा असर लॉजिस्टिक्स, परिवहन और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। दुनिया भर में महंगाई बढ़ने के संकेत दिखाई दे रहे हैं, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी और महंगी हो गई है। हांगकांग के लोग दुनिया में पेट्रोल की सबसे ज्यादा कीमतों का सामना कर रहे हैं, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा बाजार दबाव में हैं और कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। लगभग 15.6 डॉलर प्रति गैलन की कीमत पर शहर में ईंधन की कीमतें दूसरी जगहों की तुलना में कहीं ज्यादा हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी वाहन चालकों को 2022 के बाद से सबसे ज्यादा दरों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक तेल कीमतों में यह तेज उछाल तेल उत्पादक खाड़ी देशों के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले एक महत्वपूर्ण शिपिंग गलियारे में आई रुकावट के कारण हुआ है। एक महीने में, इन घटनाओं ने दुनिया भर में तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है, एशियाई अर्थव्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है, जो इस क्षेत्र से आने वाली ऊर्जा आपूर्ति पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।

# अफगानिस्तानः विदेशी शब्दों की जगह अब इस्तेमाल होंगे 'अफगानी विकल्प'

काबुल, (वार्ता)

अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के सर्वोच्च नेता मुल्ला हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने फरमान जारी प्रशासनिक और आधिकारिक दस्तावेजों से विदेशी शब्दों को हटाने का निर्देश दिया है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, विधि मंत्रालय की ओर से प्रकाशित इस अधिसूचना के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं कि इस्लामिक अमीरात के नेता शेख हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने निर्देश दिया है कि शिक्षा, उच्च शिक्षा और सूचना एवं संस्कृति मंत्रालयों के साथ-साथ विज्ञान अकादमी और प्रशासनिक मामलों के कार्यालय को मिलकर एक संयुक्त समिति का गठन करना चाहिए। इस समिति का मुख्य कार्य प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक दस्तावेजों से विदेशी शब्दों को हटाना होगा।

विधि मंत्रालय को इस समिति का नेतृत्व करने का निर्देश दिया गया है। चार अनुच्छेदों वाले इस फरमान के अनुसार, सभी सरकारी संस्थानों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे अपने दस्तावेजों में



इस्तेमाल होने वाले विदेशी शब्दों को एकत्र करें और उनके स्थान पर उपयुक्त वैकल्पिक शब्द समिति को सौंपें। इन वैकल्पिक शब्दों की समीक्षा और चयन के बाद, उन्हें अंतिम स्वीकृति के लिए इस्लामिक अमीरात के नेतृत्व के साथ साझा किया जायेगा।

बता दें कि यह प्रक्रिया अचानक से नहीं हुई है। सत्ता में आने के बाद से ही उन्होंने तकनीकी और कानूनी दस्तावेजों की समीक्षा शुरू कर दी थी। यह उनके लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक और वैचारिक एजेंडे का हिस्सा है।

शिक्षा और सूचना मंत्रालयों में पहले से ही इस पर अनौपचारिक चर्चा चल रही थी। अब सर्वोच्च नेता के आधिकारिक फरमान ने इसे एक कानूनी अनिवार्यता बना दिया है। तालिबान का मानना है कि पिछले दो दशकों के दौरान अन्य देशों के प्रभाव में आकर अफगानिस्तान की आधिकारिक भाषाओं (पश्तो और दारी) में बहुत सारे अन्य भाषा के शब्द शामिल हो गये हैं। वे इसे सांस्कृतिक आक्रमण मानते हैं। उनका उद्देश्य स्थानीय भाषाओं को शुद्ध करना और एक शुद्ध इस्लामिक और अफगानी पहचान स्थापित करना है।

यह केवल अंग्रेजी के खिलाफ नहीं है। अतीत में भी देखा गया है कि तालिबान प्रशासन ने विश्वविद्यालय के लिए इस्तेमाल होने वाले फारसी शब्द दानिशगाह को हटाकर पश्तो शब्द पोहंतून के इस्तेमाल पर जोर दिया है।

# तेजस्वी यादव को भ्रष्टाचार और घोटालों की संस्कृति विरासत में मिली हैः प्रेम रंजन

पटना, (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने रविवार को कहा कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को भ्रष्टाचार और घोटालों की संस्कृति विरासत में मिली है और प्रदेश की जनता भविष्य में ऐसे नेताओं को बर्दास्त करने वाली नही हैं। श्री पटेल ने आज बयान जारी कर कहा कि बिहार के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले और विकास के ककहरे से अनजान नेताओं का असली चेहरा जनता के सामने बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता श्री यादव को बिहार के विकास से कोई सरोकार नही है और उनका एकमात्र उद्देश्य सत्ता की कुर्सी हथियाना और अपने परिवार के कुनबे को आगे बढ़ाना है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव को राजनीति में भ्रष्टाचार और घोटालों की वह कार्यसंस्कृति विरासत में मिली है, जिसने बिहार को दशकों पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि जिस उम्र में युवा अपने भविष्य के लिए संघर्ष करते हैं, उसी उम्र में तेजस्वी यादव ने बेनामी संपत्तियों और घोटालों के रिकॉर्ड बना डाले। उनके लिए राजनीति जनसेवा का माध्यम नहीं, बल्कि अपनी तिजोरियां भरने का एक पारिवारिक व्यवसाय बन गया। बिहार के विकास की बात करना तेजस्वी यादव के लिए केवल एक चुनावी जुमला है। हकीकत यह है कि उन्हें बिहार की जमीनी समस्याओं, आर्थिक नीतियों और विकास के रोडमैप का रत्ती भर भी ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति विकास की बुनियादी समझ तक नहीं रखता, वह प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का सपना देखने का सिर्फ ढोंग कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के पास न कोई नीति, न कोई स्पष्ट विज़न और ना हीं कोई ठोस योजना है, वह केवल बयानबाजी और भ्रम फैलाकर राजनीति कर सकता है। उन्होंने कहा कि श्री यादव भी कुछ वैसा ही कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता ने देख लिया है कि तेजस्वी यादव की प्राथमिकता में बिहार की आम जनता नहीं, बल्कि केवल उनका अपना परिवार है।

## ईरान ने बुशहर संयंत्र हमलों पर यूएन महासचिव को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने तेहरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले के बारे में चिंता जताई है और कहा कि इससे रेडिएशन का खतरा पैदा हो गया है। दरअसल, यूएन को लिखे पत्र में अब्बास अराघची ने चेतावनी दी है कि अमेरिका-इजरायल द्वारा परमाणु केंद्र पर किए गए हमले से रेडिएशन प्रदूषण फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसका असर न सिर्फ ईरान की सीमाओं तक सीमित रहेगा, बल्कि खाड़ी देशों में रहने वाले लोगों पर भी देखने को मिलेगा।

यूएन महासचिव को लिखे पत्र में अराघची ने कहा, बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास हमलावरों द्वारा बार-बार किए जा रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं।

# जो माफिया मिट्टी में मिले वो सालार मसूद की विचारधारा से थे : योगी

लखनऊ (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था और अभी जो माफिया मिट्टी में मिले हैं, वो उसी विचारधारा से आते हैं। उसने हमारे मंदिर तोड़े थे। महाराज सुहेल देव ने सालार मसूद को मारकर जनता को दासता से मुक्त कराया था।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे वीर नायकों के जीवन पर आधारित नाटकों का निर्माण और मंचन स्कूलों व कॉलेजों में होना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके इतिहास और योगदान से अवगत हो सके।

लखनऊ में रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दो प्रेक्षागृहों का लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां सालार मसूद को मारा गया था। वहां उसके नाम से मेला लगता था, लेकिन महाराजा सुहेलदेव का नाम कोई नहीं लेता था। भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार साल बाद पीएम मोदी ने उन्हें सम्मान दिलाया। हमारी सरकार ने वहां उनके नाम पर आयोजन शुरू किए। आज सालार मसूद के मेले से ज्यादा भीड़ वहां जुटती है। उन्होने कहा कि जब शासन संवेदनशील नहीं होता, तब वैसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं जैसी आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति में देखने को मिलती हैं। उन्होंने भारतीय रंगमंच और सिनेमा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं।

इस दौरान सीएम ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाटकों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ऐतिहासिक विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन होना चाहिए। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई और महाराजा सुहेलदेव जैसे वीर नायकों के जीवन से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेने की बात कही।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से लोगों के बचाव के लिए लॉकडाउन लगा। कामगार जब घरों को लौटे तब सरकार उनके साथ खड़ी। उनको न सिर्फ घर पहुंचाया बल्कि उन्हें निशुल्क राशन भी उपलब्ध कराया।

## ब्रेयेसस ने ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा पर किया चिंता व्यक्त

**जिनेवा, (वार्ता)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि आज सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। श्री घेब्रेयेसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं। बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़ी हालिया घटना एक भयावह चेतावनी है क्योंकि एक छोटा सा हमला भी परमाणु दुर्घटना को जन्म दे सकता है ।

### फिल्म/टीवी मनोरंजन


# रूमानी अदाओं से दीवाना बनाया दिव्या भारती ने

बॉलीवुड में दिव्या भारती को एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी रूमानी अदाओं से दर्शको के बीच खास पहचान बनायी। 25 फरवरी 1974 को मुंबई में जन्मी दिव्या भारती ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1990 में प्रदर्शित तेलगु फिल्म बोबली राजा से की।बॉलीवुड में दिव्या भारती ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित राजीव राय की फिल्म विश्वात्मा से की।इस पिल्म मे दिव्या भारती पर फिल्माया यह गाना..सात समुंदर पार मैं तेरे पीछे पीछे आ गयी..दर्शको के बीच आज भी लोकप्रिय है।



वर्ष 1992 में हीं दिव्या भारती की शोला और शबनम.दिल का क्या कसूर, दीवाना, बलवान,दिल आशना है जैसी कुछ फिल्में प्रदर्शित हुयी।दीवाना के लिये दिव्या भारती को फिल्म फेयर की ओर से डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।वर्ष 1992 से वर्ष 1993 के बीच दिव्या भारती ने बॉलीवुड की 14 फिल्मों में काम किया जो आज भी न्यू कमर अभिनेत्री के लिये एक रिकार्ड है।

वर्ष 1992 में दिव्या भारती ने जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला के साथ शादी कर ली, लेकिन शादी के महज एक वर्ष के बाद 05 अप्रैल 1993 को दिव्या भारती की बिलडिंग से गिरकर मौत हो गयी।मौत के बाद दिव्या भारती की रंग और शतंरज प्रदर्शित हुयी।रंग टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी।




# राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की फिल्म टोस्टर का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की फिल्म टोस्टर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टोस्टर में राजकुमार राव एक कंजूस आदमी का किरदार निभा रहे हैंसान्या मल्होत्रा फिल्म में राजकुमार की पत्नी का रोल कर रही हैं।,टोस्टर के ट्रेलर से राजकुमार के किरदार की शुरुआत से ही झलक मिलती है। वह बेहद कंजूस है और उन्हें इस बात का कोई अफसोस नहीं है। टैगलाइन में उन्हें एक प्यारा कंजूस कहा गया है। वह अपनी पत्नी के कहने पर, एक नए कपल को शादी में 5,500 रुपये का टोस्टर गिफ्ट में देता है। हालांकि, शादी के तुरंत बाद ही उस कपल का तलाक हो जाता है। यह सुनकर राजकुमार का किरदार अपना टोस्टर वापस लेने का फैसला करता है, जिसे उसने गिफ्ट किया था।इससे वह अजीबोगरीब परिस्थितियों में फंस जाता है। विवेक दास चौधरी की निर्देशित और कम्पा फिल्म्स के बैनर तले पत्रलेखा की बनाई इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ सान्या मल्होत्रा, अभिषेक बनर्जी, फराह खान, अर्चना पूरन सिंह, उपेन्द्र लिमये और सीमा पाहवा ने काम किया है। यह फ़िल्म नेटफ्लिक्स पर 15 अप्रैल को रिलीज होगी।

# 30 वर्ष की हुई अभिनेत्री रश्मिका मंदाना

05 अप्रैल को एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपना 30वां जन्मदिन मना रही हैं। रश्मिका उन हिरोइनों में से एक हैं, जिन्होंने कम उम्र में ही शोहरत का ऐसा मुकाम हासिल किया है, जो किसी के लिए किसी सपने से कम नहीं है। एक्ट्रेस ने तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और हिंदी भाषा में सुपरहिट फिल्में दी हैं। बॉलीवुड में भी रश्मिका मंदाना को काफी लकी माना जाता है। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... कर्नाटक में 05 अप्रैल 1996 को रश्मिका मंदाना का जन्म हुआ था। वह एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती थीं। उनके पिता का नाम मदन मंदाना थे, जोकि सरकारी नौकरी में बाबू थे। वहीं रश्मिका की मां हाउसवाइफ थीं। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान उनकी एक्टिंग में दिलचस्पी जागी थी। साल 2014 में जब रश्मिका ग्रेजुएशन कर रही थीं, तो उनको पहली बार टाइम्स ने फ्रेश फेस के लिए चुना था। इस सम्मान ने उनके मन में ग्लैमर की दुनिया की ओर दिलचस्पी जगाई। वहीं रश्मिका को मॉडलिंग कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेने का मौका मिला। एक अखबार में रश्मिका का विज्ञापन देखने के बाद क्रिक पार्टी के मेकर्स ने उनको अपनी फिल्म में चांस दिया। साल 2016 में क्रिक पार्टी रिलीज हुई और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही। अपनी पहली फिल्म से वह फिल्मी दुनिया की स्टार बन गईं। फिर साल 2017 में



रश्मिका ने चमक और अंजनिपुत्र जैसी फिल्मों में काम किया। वहीं साल 2018 में रश्मिका मंदाना की फिल्म गीता गोविंदम रिलीज हुई थी। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा ने लीड रोल निभाया था। यहां से दोनों की दोस्ती शुरू हुई और प्यार हो गया। वहीं हाल ही में रश्मिका और विजय ने शादी कर अपनी नई जिंदगी की शुरूआत की है। रश्मिका को फिल्म गीता गोविंदम ने पक्की शोहरत मिली। इस फिल्म के बाद एक्ट्रेस के पास फिल्मों की झड़ी लग गई। फिर एक्ट्रेस ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। बॉलीवुड फिल्म छावा में भी रश्मिका को काफी पसंद किया गया था। साथ ही एक्ट्रेस के किरदार को भी प्यार मिला था। रश्मिका मंदाना ने अभिनेता सलमान खान के साथ फिल्म सिकंदर में भी काम किया है। इसके अलावा एक्ट्रेल अल्लू अर्जुन संग पुष्पा फिल्म के दोनों पार्ट्स में काम कर खूब प्यार बटोरा है।



# नागिन 7 में नाग गुरु के तौर पर शामिल हुए अक्षय कुमार

अक्षय कुमार ने नागिन 7 में नाग गुरु के तौर पर एक खास भूमिका निभाई है। इस फैंटेसी ड्रामा में उन्होंने एक अहम किरदार के रूप में एंट्री ली है, जिससे शो की मौजूदा कहानी में एक नया मोड़ आ गया है। हाल ही में रिलीज़ हुए एक प्रोमो में उनकी एंट्री दिखाई गई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि अब नागिन का सामना उसके अब तक के सबसे खतरनाक दुश्मन – ड्रैगन से होने वाला है। इस प्रोमो में, अक्षय का किरदार नाग गुरु बनकर नागिन को आने वाले खतरे के बारे में चेतावनी देता है और उसे समझाता है कि ड्रैगन को सिर्फ़ उसकी अपनी ही आग से ही खत्म किया जा सकता है। जब नागिन उससे मदद मांगती है, तो वह उसे खुद ही इस लड़ाई का सामना करने के लिए प्रेरित करता है। यह सीन तब खत्म होता है, जब नागिन उससे आशीर्वाद लेती है और यह कसम खाती है कि वह किसी भी हाल में हार नहीं मानेगी। अक्षय के इस कैमियो (छोटी भूमिका) पर ऑनलाइन ज़बरदस्त प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं, और फैंस उनकी एंट्री को लेकर काफ़ी उत्साहित हैं। कई लोगों ने इस बात पर भी गौर किया कि यह शो लगातार बॉलीवुड सितारों को खास भूमिकाओं में पेश करता आ रहा है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों तक पहुंचे : मंत्री राजपूत

## शिविर में शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित किया गया



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि हर समस्या का स्थानीय स्तर पर निराकरण करेंगे। अब कोई भी नागरिक को अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। आपकी समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही पूरा हो, इसके लिए शिविर लगाए जाएंगे और इन शिविरों में सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शासन की योजनाओं का लाभ देना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि स्थानीय स्तर पर लगने वाले शिविरों में जरूर आएं और अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं। प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत शनिवार को पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित समस्त अतिथियों के द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन हुआ। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि भारत सरकार ने जरूतमंद व्यक्तियों को आयुष्मान योजना का लाभ देकर उन्हें गंभीर बीमारियों में राहत प्रदान की है। सरकार समस्त योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। हितग्राहियों को आगे आकर शासन की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दें, जिससे वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को सशक्त बना सकें। प्रदेश में लाड़ली बहना योजना का लाभ देकर महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि देकर प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। नागरिकों को राजस्व संबंधी छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने बताया कि सरकार गरीब, वंचित और जरूरतमंद उपभोक्ताओं को निःशुल्क राशन वितरण कर रही है। सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन और नागरिक साथ-साथ चलेंगे, तो इससे योजनाओं का क्रियान्वयन सफल होगा, यह हमें संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि आगामी जनगणना वर्ष 2027 के तहत आपके मकान और परिवार की जानकारी लेने अधिकारी आएंगे, तो आप इस कार्य में उनका सहयोग करें। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने आयोजित शिविर में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया।

उन्होंने इस दौरान पीजी कॉलेज परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा शासन की विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।आयोजित संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर को विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल व नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि सरकार ने कई विकास कार्य कराकर लोगों को सहूलियतें प्रदान की है। हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविरों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल व विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, श्री रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उदय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री सानू चौधरी व श्रीमती देवंती परते, सीएमओ नगर पालिका नरसिंहपुर श्री नीलम चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# एमडिल इनोवेशन एंड क्रिएटर लैब का शुभारंभ

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

गत दिवस स्थानीय गुरुकुल ज्ञान मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में एमडिल इनोवेशन एंड क्रिएटर लैब का शुभारंभ एवं कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गजेंद्र सिंह सीईओं जिला पंचायत, डॉ. संदीप वर्मा हेड ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट सेज यूनिवर्सिटी इंदौर, इंजी. रुद्रेश तिवारी चेयरमैन, एमआईएमटी कॉलेज नरसिंहपुर, अभिनेता विवेक नीखरा, ड्रोन क्रिएटर मेधांश त्रिवेदी के आतिथ्य मे किया गया। अतिथियों ने फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया तथा एआई, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, आईओटी, डेटा साइंस और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर स्पेस जैसी सुविधाओं का अवलोकन किया। अतिथियों द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों को नवाचार और तकनीकी शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं सुनील पटेल, डेटा साइंटिस्ट ने लैब की अवधारणा, प्रशिक्षण कार्यक्रम और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों द्वारा तैयार साइंस और टेक्नोलॉजी मॉडल्स का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में बताया गया कि एम्डल इनोवेशन के माध्यम से जिले में इनोवेशन लैब, प्रतियोगिताएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम कंपनी के को-फाउंडर नेतराम पटेल के नेतृत्व में किया गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूलों के प्राचार्य एवं डायरेक्टर तथा अभिभावकों की उपस्थित रही।

## आज मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

**नरसिंहपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में सुबह 10 बजे संपन्न होगा सभी से उपस्थिति की अपील भाजपा जिला संगठन द्वारा की गई है।

# प्रदेश में छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा मिले इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है : राजपूत

## प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने निःशुल्क साईकिलें और पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि नरसिंहपुर जिला कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं की वार्षिक परीक्षा फल में प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता के लिए जिले के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा मिले, इसके लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए पर्याप्त शिक्षक, पुस्तकें, निःशुल्क साईकिल, भोजन एवं बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के छात्र- छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा मिले, इस दिशा में हमारी सरकार लगातार काम कर रही है।

नरसिंहपुर जिले में सांदीपनि स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। सांदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने बताया कि सांदीपनि स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए सम्पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित होगी। प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में स्कूल चलें हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट और जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव 2026 कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत गाए गए। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने छात्राओं को निःशुल्क साईकिल और पाठ्यपुस्तकों का भी वितरण किया। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हमारे बच्चों के हुनर में कोई कमी नहीं है, सिर्फ अवसर प्रदान करना है और यह काम सरकार कर रही है।

सरकार बच्चों को अवसर प्रदान कर रही है और उन्हें सुविधाएं भी दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि छात्र-छात्राओं के मन में जो बनने का सपना है, उसे पूरा करें। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने छात्र जीवन में खूब पढ़ाई करें और आगे बढ़ें। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव और भविष्य से भेंट कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का महत्व बताते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक होने और लगातार पढ़ाई करने को कहा। आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल व विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, श्री रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और छात्राएं मौजूद थी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का छठवां दिवस शिविर उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न

**उमरिया।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठवां दिन ग्राम पंचायत उजान में उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुबह 5.30 बजे प्रभात फेरी की शुरुआत विद्यालय परिसर से हुई,जो खेर माता मंदिर और आंगनबाड़ी से होते हुए पूरे गांव की परिक्रमा कर पुनः विद्यालय परिसर पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी के बाद योग एवं व्यायाम सत्र में सूर्य नमस्कार किया गया।

# पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने किया सीड ग्रेडिंग मशीन एवं एनसीसीएफ के माध्यम से चना/मसूर खरीदी के कार्य का शुभारंभ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने नई कृषि उपज मंडी करेली में शनिवार को शक्तिपूजा महिला किसान प्रोड्यूसर कम्पनी प्रा.लि. द्वारा सीड ग्रेडिंग मशीन एवं एनसीसीएफ के माध्यम से चना/मसूर खरीदी के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि यह पहल मातृशक्ति किसान बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। सीड ग्रेडिंग मशीन से बीजों की गुणवत्ता में सुधार होग, जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन और उचित मूल्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य परियोजना प्रबंधक (कृषि), मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल श्री मनीष पवार ने की। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विशाल मेश्राम, श्री सौभाग्य सिंह लोधी, लघु उद्यम जिला प्रबंधक श्री ज्वाला करोसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और स्वसहायता समूह की महिलाएं मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन एफपीओ के सीईओ श्री जगदीश मेहरा ने किया।

# 108 मरीजों का हुआ नि :शुल्क उपचार, मुफ्त मिली दवाइयां

गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।



साई धामं मंदिर समिति कान्हरगाव के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है ।को चरितार्थ करते हुये। माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन हर माह के पहले रविबार को किया जाता है ।जिसमें इस रविबार 80 वें कैम्प का आयोजन किया गया ।जिसमें शहरों एंव अनेक गावों के लगभग 108 मरीजों ने अपना उपचार करवाया ।साथ ही युवाओं द्वारा निशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। वही मेडीकल केंप को पालिथिन मुक्त रहां सभी मरीजों को कागज के पाकिट एंव कपड़े के थेले में दवाईयां वितरित कि गयी ।मेडीकल कैम्प में,डाक्टर संजय मोदी, डाक्टर मनीष महोबिया, डाक्टर,अरूण दोहरे,डाक्टर करूणा मालवीय, सहयोगी,राहुल गिरी गोस्वामी,नीलेश कुशवाहा,प्रशात सोनी,आकाश रजक, सहित साई धाम मंदिर सेवा समिति के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान कि।

मेडीकल कैम्प में होशंगाबाद, नरसिंहपुर, जबलपुर, पिपरिया, गाडरवारा, सालेचौका, दिघोरी, सूखाखेरी, थलबाड़ा, महलबाड़ा, ढाना, कठोतिया, इमलिया, कामती, महगवां कला, चीचली, बरेली, कान्हरगाव सहित अनेक गावों के मरीज उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना के दफ़ेदार जगदीश वैष्णव का हुआ भव्य नागरिक अभिनन्दन





## शहर के समस्त संगठन ने किया दिल से अभिनन्दन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

शहर की पावन भूमि जगदीश वार्ड में जन्मे जगदीश वैष्णव जो भारतीय सेना के दफ़ेदार पद से सेवानिवृत्त होने पर प्रथम नगर आगमन पर स्थानीय जनों से आपने माटी के लाल का भव्य स्वागत किया। रेलवे स्टेशन से लेकर स्थानीय अपना पैलेस तक निकली रैली का शहर के नागरिकों ने खुले दिल से अभिनन्दन किया। साथ ही श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति के आयोजन में रात्रि में नागरिक अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा,वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव,पूर्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि शेखर जायसवाल,जिला संयोजक ब्राह्मण महासभा नागेन्द्र त्रिपाठी,समिति अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया इत्यादि की उपस्थिति में भारत माता एवं साईं बाबा के तेलचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

तत्पश्चात शहर की करीब पचास सामाजिक, धार्मिक, स्वजातीय एवं सर्वधर्म संगठनों ने जगदीश वैष्णव का साल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर नागरिक अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन समिति संस्थापक आशीष राय एवं बबलू दवाईवाला ने किया। एवं आभार प्रगट वैष्णव परिवार से भरत वैष्णव ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं आत्मीय स्वजन उपस्थित रहें।

# बीटीआई स्कूल में पुस्तक मेले का आयोजन आज

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नगर गाडरवारा के शासकीय पीएमश्री बालक उमा विद्यालय (बीटीआई ) में पुस्तक मेले का आयोजन आज 6 अप्रैल 2026 दिन सोमवार को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है । इस मेले के माध्यम से नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ में विद्यार्थियों को पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, जूते आदि सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मेले में आवश्यक व्यवस्था हेतु कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है। समस्त नगरवासियों एवं साईखेड़ा - चीचली विकासखंड के क्षेत्रवासियो से विद्यार्थियों के लिए सामग्री क्रय हेतु उपस्थिति की अपील की गई है।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 252 अ-20(1) सन्- 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक-24/4/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | करेलीगंज | 15 | 936 वर्गफुट | गोपाल सिंह आ. टीकाराम चंदेल सा.करेलीगंज | गोपालसिंह आ. टीकाराम चंदेल सा. करेलीगंज |

इश्तहार आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नरसिंहपुर**

# मिलावट का बड़ा खेल बेनकाब तेल गोदाम पर प्रशासन का छापा





### लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद कार्रवाई

### गोदाम में अलग-अलग ब्रांड के डिब्बे-स्टिकर और टैंकर मिले

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य पदार्थों में मिलावट और मिथ्याछाप खाद्य सामग्री विक्रेताओं एवं निर्माताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश के पालन में शनिवार को कुठला स्थित उत्तम ट्रेडर्स कटनी प्रोप्राइटर अतुल सचदेवा के खाद्य तेल गोदाम और कारखाने की जांच की गई। इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की संयुक्त टीम ने प्रोप्राइटर अतुल सचदेवा के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। मौके पर कारखाने में विभिन्न खाद्य तेलों की पैकेजिंग गतिविधियां संचालित पाई गईं। जांच के दौरान गोदाम में कई नामी ब्रांडों के भरे एवं खाली टीन और प्लास्टिक डिब्बों का भारी स्टॉक मिला। इनमें सुपरलाइट रिफाइंड कुकिंग ऑयल, केसरी पुष्प राइस ब्रान ऑयल, कली रिफाइंड ऑयल, उत्तम सोयाबीन ऑयल, यूटी उत्तम सोयाबीन, महाकोश सोयाबीन, सिक्का सरसों, दो फूल सरसों, न्यूट्रीप्लस पाम ऑयल, विश्वास राइस ब्रान ऑयल सहित अन्य ब्रांड शामिल हैं। साथ ही तुलसी, किंग्स, प्रभात, कमल फूल, जय गोल्ड और सेवन सेहत जैसे ब्रांडों के खाली डिब्बे भी बड़ी मात्रा में पाए गए। मौके पर विभिन्न ब्रांडों के स्टिकर भी बड़ी मात्रा में मिले, जिससे उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग को लेकर संदेह की स्थिति बनी। गोदाम में बैतूल ऑयल लिमिटेड, सतना से आया लगभग 24.920 मीट्रिक टन तेल से भरा टैंकर खड़ा पाया गया, वहीं चंदिया भेजे जाने हेतु एक अन्य टैंकर भी लोड स्थिति में मिला। इसके अलावा गुरुकृपा प्लास्टिक कंपनी, सतना से खाली डिब्बों से लदी गाड़ी भी मौके पर मौजूद थी। निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। तेल की गुणवत्ता जांच हेतु कोई प्रयोगशाला या तकनीकी स्टाफ भी उपलब्ध नहीं मिला। परिसर में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई तथा नापतौल विभाग से संबंधित स्टाम्पिंग दस्तावेज भी अनुपस्थित थे। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न ब्रांडों के तेल के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में तहसीलदार अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी, सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी, ओ.पी. साहू, ब्रजेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



## कट्टे और चाकू की नोंक पर खाली प्लॉट पर कब्जे का प्रयास, बाउंड्री वॉल ढहाई

कटनी (स्वतंत्रमत)

माधवनगर थाना क्षेत्र के बरगवां इलाके में देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब हथियारबंद बदमाशों के एक बड़े गिरोह ने एक खाली प्लॉट पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने न केवल वहां मौजूद व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि दहशत फैलाने के लिए हथियारों का प्रदर्शन भी किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी शंभू कोरी (40 वर्ष), निवासी नुनागर शाहनगर, बरगवां स्थित (डन साहब) के खाली प्लॉट पर मौजूद थे। इसी दौरान करीब 10 से 12 अज्ञात हमलावर अचानक वहां आ धमके। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर अपने साथ कट्टा और चाकू जैसे घातक हथियार लिए हुए थे। आरोपियों ने एक राय होकर प्रार्थी शंभू कोरी को पकड़ लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने प्रार्थी के साथ जमकर मारपीट की और देखते ही देखते प्लॉट की बाउंड्री वॉल को ढहा दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही माधवनगर पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध क्रमांक 291/26 दर्ज कर लिया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संयुक्त कलेक्टर ने छात्रों को दिया करियर गाइडेंस

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी के प्राचार्य एम किंडो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल ने भविष्य से भेंट अंतर्गत बच्चों से भेंट की। संयुक्त कलेक्टर के द्वारा कक्षा 12वीं एवं कक्षा दसवीं के बच्चों को गाइडेंस दिया गया कि किस तरह से अलग-अलग क्षेत्र में करियर के लिए कैसे तैयारी करनी होती है। संयुक्त कलेक्टर ने अपने करियर की शुरुआत कैसे की से भी बच्चों को अवगत कराया एवं 11वीं पास छात्रों को उन्होंने बधाई दी और भविष्य में और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया इस दौरान प्राचार्य किडो मूल्यांकन प्रेक्षक, विभा श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक संध्या बेन, संमिधा त्रिपाठी, सपना मिश्रा, रामपद तिवारी, राजीव रन्जन, असीम दत्ता, पूर्णेश उइके एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## शुभ-कुशल मिश्रा ने जीव सेवा की पेश की मिसाल

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मानवता और जीव दया की भावना को साकार करते हुए बस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शुभ कुशल मिश्रा द्वारा बेसहारा स्वान (कुत्तों) एवं मवेशियों की सेवा का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उनका यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक बन गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस प्रकार वे स्वयं आगे बढ़कर भूखे-प्यासे जानवरों को भोजन एवं देखभाल उपलब्ध करा रहे हैं। आज के समय में जहां अक्सर लोग व्यस्तता के कारण जीव-जंतुओं की ओर ध्यान नहीं दे पाते, वहीं शुभ कुशल मिश्रा द्वारा निरंतर सेवा कार्य कर यह संदेश दिया जा रहा है कि मानवता सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं, बल्कि हर जीव के प्रति करुणा रखना हमारा कर्तव्य है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है।



## रामलीला देखने निकली किशोरी का अपहरण

### पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

### किशोरी को खोजकर परिजनों को सौंपा




कटनी (स्वतंत्रमत)

थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक लडकी की दस्तयाबी की गई। साथ ही आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। 03 अप्रैल को रात्रि करीब 2:30 बजे प्रार्थी के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लडकी अपने मामा के घर से रामलीला देखने को कह कर घर से गई थी जहां से कोई व्यक्ति उसको बहला फुसला कर ले गया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना ढीमरखेडा में अपराध कंमाक 199/26 धारा 137 (2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस टीम के दो अलग-अलग दलों को रात्रि में ही अपहर्ता की पतासाजी के लिए रवाना किया गया। चौतरफा नाकाबंदी की गई। जानकारी प्राप्त हुई और पता चला कि तीन लोग काली बोलोरो गाडी से आये और नाबालिका लडकी को ले गये मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी सरहदी थानों को सूचना देकर नाकाबंदी की गई। पुलिस द्वारा मेहनत करते हुए बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया और आरोपीयान को गिरफ्तार भी किया। घटना में प्रयुक्त बोलोरो गाड़ी को भी जप्त किया गया है। आरोपी राज बागरी पिता मुन्नीलाल बागरी उम्र 20 साल निवासी महुदा थाना सिंगपुर, विनय पिता अवधेश बागरी उम्र 20 साल निवासी रिकआकला नागौद, अपचारी बालक है। आरोपियों में मुख्य अभियुक्त बाल अपचारी है। प्रकरण के आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है। माननीय न्यायालय द्वारा 2 आरोपियों को जेल दाखिल करने के आदेश दिए गए हैं। जबकि बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## विजय विश्वकर्मा ने संभाला बहोरीबंद थाने का प्रभार

### कोतवाली और माधव नगर के पूर्व थाना प्रभारी रह चुके हैं निरीक्षक विश्वकर्मा

### कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना होगी प्राथमिकता



कटनी (स्वतंत्रमत)

बहोरीबंद थाने में हुए हालिया प्रशासनिक फेरबदल के बाद रविवार को नवागत थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पिछले दिनों की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत तत्कालीन थाना प्रभारी अखिलेश दहिया को लाइन अटैच और एक आरक्षक को निलंबित किया गया था, जिसके बाद यह पद रिक्त था।

***अनुभवी अधिकारी को मिली जिम्मेदारी-*** निरीक्षक विजय विश्वकर्मा कटनी जिले की भौगोलिक स्थिति और कार्यप्रणाली से भली-भांति परिचित हैं। वे पूर्व में जिला मुख्यालय के कोतवाली और माधव नगर जैसे अति-संवेदनशील थानों के प्रभारी के रूप में एक लंबा और सफल कार्यकाल बिता चुके हैं। कुछ समय पूर्व ही उनका स्थानांतरण जबलपुर से कटनी जिले में हुआ था और वे पुलिस लाइन में पदस्थापना की प्रतीक्षा कर रहे थे।

***जनता की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण-*** पदभार ग्रहण करने के पश्चात निरीक्षक विजय विश्वकर्मा ने कहा कि क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण तैयार करना और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाने आने वाले हर फरियादी की सुनवाई होगी और उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, अवैध गतिविधियों और अपराधियों के विरुद्ध पुलिस सख्त रुख अपनाएगी।

## विजय मंगल चौधरी बने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

कटनी (स्वतंत्रमत)



नवनिर्वाचित अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ (शहर) के जिला अध्यक्ष विजय मंगल चौधरी का जिला कांग्रेस कार्यालय, कटनी में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला द्वारा पुष्पमाला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर आत्मीय अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष एड अमित शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, अजय जैसवानी, जिला उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, महामंत्री संजय गुप्ता, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अजय कोल, रमेश अहिरवार, विनोद अहिरवार, प्रशांत पांडे, हर्षित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया तथा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## राज्य कर्मचारी संघ ने किया विधायक का स्वागत



कटनी (स्वतंत्रमत)

04 अप्रैल को हम सब के सुख दुख में साथी कटनी के लोकप्रिय विधायक संदीप जयसवाल को मध्य प्रदेश भाजपा का प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ कटनी द्वारा विधायक निवास पर पुष्प गुच्छ भेट कर शुभकामनायें प्रेषित की। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी जिला संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश सोनी, जिला संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वन विभाग समिति अनिल मिश्रा, जबलपुर संभागीय उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रशांत चनपुरिया, जिला उपाध्यक्ष एस के दत्ता, जिला कार्यालय मंत्री रामेश्वर तिवारी, ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, रीठी तहसील अध्यक्ष प्रवीण पांडे, सुरेश पांडे, जिला संरक्षक प्रमोद मिश्रा, जिला संतठन मंत्री आरपी परौहा, रीठी ब्लॉक अध्यक्ष इंद्र कुमार बाजपेई, विजयराघवगढ़ तहसील अध्यक्ष सूरज अवधिया, काशी प्रसाद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष बीडी तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, जिला संगठन मंत्री राजू भाई, जिला संरक्षक अंजनी गौतम, बाल्मीक प्रसाद मिश्रा, मनीष शुक्ला, ढ़ीमरखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अरुण ज्योतिशी एवं अन्य कर्मचारी साथियों की उपस्थित रही।

## अग्रवाल समाज में निशुल्क योग शिविर का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अग्रवाल समाज के तत्वाधान में साप्ताहिक निशुल्क योग शिविर का आयोजन 3 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन अग्रवाल भवन (धर्मशाला) हीरागंज कटनी में चल रहा है। निशुल्क योग शिविर में प्राणायाम, ध्यान योग और आध्यात्मिक योग के माध्यम से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी जा रही है। योगाचार्य मुकेश, अभिजीत पांडे, पवन मित्तल, अनंत राम, ज्ञान प्रकाश, कंछेदी लाल, मोहन कुमार, अनुराग, अंबिकेश, पंकज, राजकुमार सागोनी, अनिल मंडी, वीरेंद्र कुमार, अनिरुद्ध, संतोष कुमार, वैभव, सागर, सत्यम, हर्षित, अंकित, आशीष, विविध, श्रीकांत, नवलेश, ऋषि राज, पुष्पा, ममता, अलका, निमिषा ध्नवनीत, एकता, रेखा, माया, सीमा, पायल, रश्मि, प्रीति, संगीता, सपना, किरण, रश्मि एक्स-रे, निकिता अग्रवाल एवं अन्य महिला पुरुषों की उपस्थिति रही।



## बालाजी नगर में नाले की शिकायत पर महापौर का एक्शन

### मौके पर पहुंचकर दिए तत्काल सुधार के निर्देश



कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर के बालाजी नगर क्षेत्र में हाल ही में निर्मित नाले को लेकर मिल रही शिकायतों पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य, संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। महापौर के पहुंचते ही क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखते हुए नाले के निर्माण में आई खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। नागरिकों ने बताया कि नाले में जगह-जगह अप-डाउन होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है, जिससे जल निकासी प्रभावित हो रही है और कई स्थानों पर पानी रुकने से जलभराव की स्थिति बन रही है। महापौर ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पूरे क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने नाले की संरचना, ढाल (स्लोप) एवं जल प्रवाह की स्थिति को देखते हुए संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाले में मौजूद सभी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए तथा पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने महापौर द्वारा त्वरित कार्रवाई और मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान कराने के प्रयासों की सराहना करते हुए जल्द सुधार की उम्मीद जताई। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, बीना बैनर्जी, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव साहित स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

# लखनऊ ने हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

## पंत ने 68 रनों की नाबाद पारी खेली



हैदराबाद (वार्ता)

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कप्तान ऋषभ पंत (नाबाद 68) और एडन मारक्रम (45) की शानदार बल्लेबाजी के बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 10वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को एक गेंद शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एडन मारक्रम ओर मिचेल मार्श की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अभी 37 रन ही जोड़े थे कि पांचवें ओवर में इशान मलिंगा ने मिचेल शर्मा (14) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऋषभ पंत ने एडन मारक्रम के साथ दूसरे विकेट के लिये 40 रन जोड़े। 10वें ओवर में शिवांग कुमार ने एडन मारक्रम को आउट किया। एडन मारक्रम ने 27 गेंदों में छह चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 45 रनों की पारी खेली। इसके बाद जल्द ही आयुष बदोनी (12) और निकोलस पूरन (एक) को आउट कर गेंदबाजों ने हैदराबाद की मैच में वापसी कराने का प्रयास किया। अब्दुल समद ने 12 गेंदों में 16 रन बनाये। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 160 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। ऋषभ पंत ने 50 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 68 रनों की नाबाद पारी खेली। पंत ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर विजयी चौका लगाया। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। सनराइजर्स हैदराबाद की दूसरी हार।

***हैदराबाद के लिए हर्ष दुबे ने दो विकेट लिये***- सनराइजर्स हैदराबाद के लिए हर्ष दुबे ने दो विकेट लिये। ईशान मलिंगा और शिवांग कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां हाइनरिक क्लासन (62) और नीतीश कुमार रेड्डी (56) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सपुर जायंट्स के खिलाफ नौ विकेट पर 156 रनों का स्कोर बनाया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनाइजर्स हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 26 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये। अभिषेक शर्मा (शून्य), ट्रैविस हेड (सात), ईशान किशन (एक) और लियम लिविंगस्टन (14) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय हाइनरिक क्लासन और नीतीश कुमार रेड्डी की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन जोड़े। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक बनाये।

***रेड्डी ने 33 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली***- 18वें ओवर में एम सिद्धार्थ ने नीतीश कुमार रेड्डी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नीतीश कुमार रेड्डी ने 33 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (56) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में आवेश खान ने हाइनरिक क्लासन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हाइनरिक क्लासन ने 41 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। अगली गेंद पर उन्होंने हर्ष दुबे (शून्य) का भी शिकार कर लिया। शिवांग कुमार (पांच) रन बनाकर आउट हुये। पारी के आखिरी ओवर में हर्षल पटेल (पांच) रनआउट हुये। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 156 रन का स्कोर बनाया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और आवेश खान ने दो-दो विकेट लिये। एम सिद्धार्थ और दिग्वेश राठी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## निकी पूनाचा ने मिनोर्का चैलेंजर में इसारो के साथ युगल खिताब जीता

मैड्रिड, (स्पेन) (वार्ता)। भारत के निकी कालियंडा पूनाचा और उनके जोड़ी थाईलैंड के प्रूच्य इसारो ने ओपन मेनोर्का 2026 टेनिस टूर्नामेंट में युगल का खिताब जीत लिया। शनिवार को क्ले कोर्ट पर खेले गए एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पूनाचा और इसारो की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी भारत के सिद्धांत बंथिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी से एक घंटे 20 मिनट में 6-3, 7(7)-6(3) से हरा दिया। पूनाचा और उनके थाई पार्टनर ने पहले सेट को जीतने के लिए पांचवें और नौवें गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़ी। जीत की लय को बरकरार रखते हुए, निकी कालियंडा पूनाचा और प्रूच्य इसारो ने अगले सेट के दूसरे गेम में ही बंथिया और डोंस्की की सर्विस तोड़ी, लेकिन अगले ही गेम में उन्हें तुरंत वापसी का मौका मिल गया।

# मीनाक्षी- जैस्मीन और छह पुरुष मुक्केबाज सेमीफाइनल में



उलानबटोर, (मंगोलिया) (वार्ता)

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के 7वें दिन भी भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। सुबह के सत्र में मीनाक्षी और जैस्मीन ने सर्वसम्मत फैसले से शानदार जीत दर्ज की। दूसरी ओर, लोकेश, आकाश और हर्ष चौधरी की जीत ने भारतीय पुरुष मुक्केबाजों के लिए सेमीफाइनल में छह जगहें पक्की कर दीं। महिलाओं की 48 किलोग्राम श्रेणी में, मीनाक्षी ने शांत और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जापान की युका सदामात्सु को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। 57 किलोग्राम श्रेणी में जैस्मिन ने भी वैसी ही तीव्रता दिखाई। उन्होंने चीन की जियी चेन को 5-0 के एकतरफा फैसले से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इन नतीजों के साथ भारतीय महिलाओं का अब तक का सफर बेदाग रहा है। हर मुक्केबाज ने पदक पक्का कर लिया है, जिससे महाद्वीपीय स्तर पर टीम की गहराई और निरंतरता साबित होती है। पुरुषों के वर्ग में, लोकेश (85 किलोग्राम) ने कोरिया के गिचाए किम को 5-0 से हराकर अगले दौर में अपनी जगह बनाई। उनके बाद आकाश ने तुर्कमेनिस्तान के यहलास बागटियारव के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि हर्ष चौधरी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिज़ गणराज्य के टिनिस्टन अलीबायेव को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई अंकुश (80 किलोग्राम) जॉर्डन के हुसैन इशाइश से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## बालिका वर्ग बॉक्सिंग में पिथौरागढ़ बना चैंपियन

हरिद्वार/देहरादून (वार्ता)



उत्तराखंड यूथ महिला एवं पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2026 में बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी है। रविवार को योगस्थली खेल परिसर के मल्टीपरपज हॉल में प्रतियोगिता का भव्य समापन किया गया। इस अवसर पर रेखा आर्या ने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड तेजी से बॉक्सिंग का उभरता हुआ केंद्र बन रहा है और वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक खेल तथा कॉमनवेल्थ गेम्स जैसी अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का झंडा लहराएंगे। श्रीमती आर्या ने कहा कि खेल कौशल को विकसित करने के लिए मेहनत, समर्पण और अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सरकार आउट ऑफ टर्न नौकरी की व्यवस्था पहले से लागू कर चुकी है। प्रतियोगिता में राज्य के सभी 13 जनपदों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। जबकि पिथौरागढ़ स्पोर्ट्स हॉस्टल की टीम उपविजेता रही। बालिकाओं के 45 से 48 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की जया ने गोल्ड मेडल, सविता ने सिल्वर मेडल और नेहा व गुंजन ने ब्रॉंज मेडल जीता। जबकि 48 से 51 किलोग्राम वर्ग में कोमल लोहिया ने गोल्ड, कृष्णा ने सिल्वर और ऋतु व वैष्णवी ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। 54 से 57 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की बबीता ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि इसी प्रतियोगिता में सलोनी ने सिल्वर मेडल अंशिका और रिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके अतिरिक्त 51 से 54 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की चांदनी गोल्ड जीतकर अव्वल रही। कविता ने सिल्वर और अनुष्का व अलीशा ने कांस्य पदक जीते।

# रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं : एसबीआई रिसर्च





**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय बैठक में रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एमपीसी की पिछली बैठक के बाद से पश्चिम एशिया संकट के रूप में दुनिया में एक बड़ा भू-राजनैतिक बदलाव आया है। विशेषकर हार्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है। यह साल 1973 के बाद कच्चे तेल के बाजार में सबसे बड़ा व्यवधान है। रिपोर्ट के अनुसार, कच्चा तेल इस समय 100 डॉलर प्रति बैरल के पार है और रुपया 93 रुपये प्रति डॉलर से नीचे चल रहा है। साथ ही सुपर अल नीनो प्रभाव की भविष्यवाणी की गयी है। इन सभी कारकों के मद्देनजर आरबीआई फिलहाल सावधानी बरतते हुए 08 अप्रैल को जारी होने वाले बयान में यथास्थिति बरकरार रखेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से 16.6 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी की जो 1991 के बाद सबसे ज्यादा है। अकेले इस साल मार्च में उन्होंने 13.6 अरब डॉलर निकाले जो मार्च 2020 (15.9 अरब डॉलर) के बाद सर्वाधिक है। रुपया दबाव में है और 114 दिन में इसमें तीन रुपये प्रति डॉलर की गिरावट आ चुकी है। कच्चे तेल की कीमत ऊपर बनी हुई है। इन सबका सम्मिलित परिणाम यह होगा कि अगली तीन तिमाहियों में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर 4.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी।

मौसम वैज्ञानिकों ने इस साल जून और अगस्त के बीच अल नीनो प्रभाव के सक्रिय रहने की 62 प्रतिशत संभावना जतायी है। साथ ही इस साल सुपर अल नीनो रहने की बात कही गयी है। इसका मतलब है कि तापमान दीर्घावधि औसत से दो डिग्री सेल्सियस से भी अधिक रहेगा। इससे भारत में मानसून प्रभावित होगा जिस पर आज भी ज्यादातर खरीफ की खेती निर्भर करती है। ये सभी कारक रेपो दरों में कटौती की संभावना को कम करते हैं। एसबीआई रिसर्च को उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक रेपो दरों में बदलाव की बजाय रुपये को मजबूत करने के उपाय करेगा।

## एफपीआई ने दो दिन में भारतीय पूंजी बाजार से निकाले 21,964 करोड़ रुपये

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल महीने में अब तक दो कारोबारी दिवस में भारतीय पूंजी बाजार से 21,964 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। शुद्ध निकासी एफपीआई द्वारा बाजार में निवेश की गयी राशि और निकाली गयी राशि का अंतर है।

# चावल, गेहूं में साप्ताहिक गिरावट चीनी और खाद्य तेल मजबूत



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गये। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों के भाव बढ़ गये जबकि दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 27 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,825 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 15 रुपये गिरकर 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 17 रुपये सस्ता हुआ और 3,279 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 76 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल भी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 40 रुपये और चना दाल में 27 रुपये की नरमी रही। उड़द दाल का भाव 11 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह सोया तेल 223 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 194 रुपये और पाम ऑयल की 190 रुपये बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल का भाव 137 रुपये और मूंगफली तेल का 126 रुपये चढ़ा। वनस्पति भी 121 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 14 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी सात रुपये महंगी हुई। दाल चना 7681.67 रुपये, मसूर काली 8011.88 रुपये, मूंग दाल 10176.54 रुपये, उड़द दाल 10776.19 रुपये, तुअर दाल 11244.58 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.28 रुपये और चावल 3825.31 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3279.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4305.84 रुपये और गुड़ 5005.31 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17851.85 रुपये, मूंगफली तेल 18824.04 रुपये, सूरजमुखी तेल 17408.36 रुपये रहा।

## ऑफलाइन और ऑनलाइन व्यापार के बीच समान अवसर सुनिश्चित करे सरकार: खंडेलवाल



नयी दिल्ली (वार्ता)

सांसद और अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सरकार से ई-कॉमर्स एवं क्विक कॉमर्स कंपनियों की बढ़ती अनुचित व्यापारिक प्रथाओं पर तत्काल और कठोर कार्रवाई करने तथा ऑफलाइन और ऑनलाइन व्यापार के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग की। श्री खंडेलवाल ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि विदेशी पूंजी से संचालित कुछ ई-कॉमर्स कंपनियां देश के व्यापारिक वातावरण को असंतुलित कर रही हैं और नौ करोड़ से अधिक ऑफलाइन व्यापारियों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर रही हैं, जो देश की आपूर्ति श्रृंखला और रोजगार का प्रमुख आधार हैं। उन्होंने कहा कि बेहद कम मूल्य निर्धारण, अत्यधिक छूट, डार्क पैटर्न्स, मार्केटप्लेस के नाम पर इन्वेंट्री आधारित मॉडल, चुनिंदा विक्रेताओं को प्राथमिकता और डार्क स्टोर्स का तेजी से विस्तार न केवल प्रतिस्पर्धा के खिलाफ हैं, बल्कि छोटे और मध्यम व्यापारियों के अस्तित्व के लिए खतरा बन चुकी हैं। उन्होंने कहा, ऐसी कंपनियों को देश में मनमानी करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।ऑफलाइन और ऑनलाइन व्यापार के बीच समान अवसर सुनिश्चित करना देश की संतुलित और स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सरकार से राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति को शीघ्र अंतिम रूप देने, कड़े और पारदर्शी नियम लागू करने तथा इन अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए सशक्त निगरानी एवं प्रवर्तन तंत्र स्थापित करने की मांग की। साथ ही राष्ट्रीय रिटेल विकास परिषद के गठन की भी मांग की, ताकि व्यापारिक समुदाय को नीति निर्माण में समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके। भाजपा सांसद ने कहा, व्यापार से जुड़े निर्णयों में व्यापारियों की भागीदारी आवश्यक है। राष्ट्रीय रिटेल विकास परिषद के गठन से नीतियां अधिक व्यावहारिक, प्रभावी और जमीनी हकीकत के अनुरूप बन सकेंगी।

## सीआईआई ने एमएसएमई निर्यातकों के लिए की प्रोत्साहन की मांग

नयी दिल्ली, (वार्ता)

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार से सूक्ष्म, मझोले तथा लघु उद्यम (एमएसएमई) और निर्यातकों के लिए प्रोत्साहन की मांग की है। संगठन ने मौजूदा समय में सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए समयबद्ध, संतुलित और समन्वित कदमों की सराहना करते हुए रविवार को एक 20 सूत्री एजेंडा जारी किया। इसमें एमएसएमई के लिए आसान और सस्ती पूंजी उपलब्ध कराना, निर्यातकों के लिए ऋण और बीमा को मजबूत बनाने तथा ऊर्जा स्रोतों पर कर कम करने जैसे सुझाव दिये गये हैं। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक के शुरुआती उपायों ने बाजार की भावना को स्थिर करने में मदद की है और यह दिखाया है कि देश का नीतिगत ढांचा बाहरी झटकों के सामने भी मजबूत और सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत के पिछले अनुभव बताते हैं कि समन्वित राजकोषीय और मौद्रिक कदम लचीलापन बढ़ाने में मदद करते हैं। अगला चरण लक्षित तरलता समर्थन, ऋण सुविधा, व्यापार लागत प्रबंधन और विदेशी मुद्रा स्थिरता पर केंद्रित होना चाहिये। सीआईआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और व्यापार चैनलों में आपूर्ति पक्ष से संबंधित दबाव बने हुए हैं।

# आरबीआई के बयान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा





मुंबई वार्ता

बीते सप्ताह गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में वैश्विक कारकों के साथ रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी बयान से शेयर बाजार को दिशा मिलेगी। निवेशकों की नजर फिलहाल मुख्य रूप से ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया संकट पर बनी हुई है। इसका फिलहाल कोई हल निकलता नहीं दिख रहा। इससे निवेश धारणा कमजोर बनी हुई है। इसके अलावा, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद पहली बैठक 06 अप्रैल को शुरू हो रही है। बैठक के फैसलों का भी बाजार पर असर दिखेगा। पिछले सप्ताह 31 मार्च को महावीर जयंती और 03 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ। इसमें सोमवार को प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट रही जबकि बुधवार और गुरुवार को प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स सप्ताह के दौरान कुल 263.67 अंक (0.36 प्रतिशत) टूटकर गुरुवार को 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 106.50 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 22,713.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.82 प्रतिशत टूट गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक लगभग अपरिवर्तित रहा। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर टूट गये। सनफार्मा में सबसे अधिक 5.62 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 4.23 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.85, बजाज फिनसर्व का 3.18, भारती एयरटेल का 2.86, बजाज फाइनेंस का 2.13 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.13 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। पावरग्रिड का शेयर 1.88 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 1.72 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.47 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, इटरनल, एक्सिस बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर लाल निशान में रहे। ट्रेंट में सबसे अधिक 4.52 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गयी। बीईएल का शेयर 4.14 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 3.63, अडानी पोर्ट्स का 2.97, टाइटन का 2.92, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.80 और टीसीएस का 2.59 प्रतिशत ऊपर रहा। इंफोसिस का शेयर 2.40 प्रतिशत, इंडिगो का 2.30, मारुति सुजुकी का 1.97 और एलएंडटी का 1.34 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में भी तेजी रही।


# मध्यप्रदेश में सशक्त हो रहीं पंचायती राज संस्थाएं

## पंचायत प्रोत्साहन योजना में 14 जिलों ने किया बेहतर प्रदर्शन

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश की पंचायतों को केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वे निरंतर सशक्त बन रही हैं। केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए प्रदेश की पंयायतों विकास की गतविधियों को बेहतर क्रियान्वित कर रही हैं। मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और पंचायतों का प्रोत्साहन देने की योजना में अच्छा प्रदर्शन किया है। पंचायतों को प्रोत्साहन देने की योजना का उद्देश्य पंचायतों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को उनके अच्छे विकासात्मक कार्यों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन सहित पुरस्कार दिए जा रहे हैं। भोपाल, नरसिंहपुर, सागर, छतरपुर, सीधी, पूर्वी निमाड़, हरदा, उज्जैन, जबलपुर, इंदौर, नीमच, गुना, ग्वालियर और झाबुआ पंयायतों ने प्रोत्साहन योजना में अच्छा प्रदर्शन किया है। ग्राम पंचायत विकास योजना और परियोजना क्रियान्वयन एक सतत प्रक्रिया है।

प्रदेश की ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त आयोग के अनुदानों का उपयोग करते हुए कुल 16,773 परियोजना कार्य पूरे किए गए हैं। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का प्राथमिक उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों और उनके पदाधिकारियों की क्षमता निर्माण कर पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाना, ग्राम पंचायत भवन और कम्प्यूटरीकरण जैसी अधोसंरचनात्मक सहायता प्रदान करना है। ई-पंचायतों पर मिशन मोड परियोजना (एमएमपी-ईपंचायत) में पंचायतों के डिजिटलीकरण की दिशा में



ई-गवर्नेंस परियोजनाओं को वित्तपोषित किया जाता है। इससे पीआरआई के कामकाज में कार्यदक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता आई है।

### केन्द्रीय वित्त आयोग की हस्तांतरित निधि आवंटित

वर्तमान में पंद्रहवें वित्त आयोग (एफएफसी) के तहत, राज्यों के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को केन्द्रीय वित्त आयोग की हस्तांतरित निधि आवंटित की जाती है। आयोग के अनुदान के दो घटक हैं-टाइड और अनटाइड। अनटाईड अनुदान कुल अनुदान का 40प्रतिशत है। इसका उपयोग वेतन या अन्य स्थापना व्यय को छोड़कर संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों में स्थान-विशिष्ट की जरूरतों के लिए किया जा सकता है। टाइड अनुदान कुल अनुदान का 60प्रतिशत है। इसका उपयोग बुनियादी सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जा सकता है जैसे स्वच्छता और खुले में शौच से मुक्ति, घरेलू कचरे का प्रबंधन और उपचार, मल और गाद प्रबंधन, पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन जैसे कार्य शामिल है। यदि किसी स्थानीय निकाय ने एक श्रेणी की जरूरतों को पूरी तरह से पूरा कर दिया है, तो वह अन्य श्रेणी की धनराशि का उपयोग कर सकता है।

### उच्च स्तरीय प्रशिक्षण

प्रदेश में पीआरआई के निर्वाचित प्रतिनिधियों और उनके पदाधिकारियों को मिलाकर 9 लाख पदाधारियों को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद जैसे उत्कृष्टता संस्थानों के सहयोग से नेतृत्व/प्रबंधन विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्य उद्देश्य संचार, निर्णय लेने, वित्तीय प्रबंधन और टकराव समाधान सहित आवश्यक नेतृत्व कौशल को निखारना है। वर्तमान में पंचायती राज संस्थाओं की क्षमता निर्माण पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि वे स्वयं के राजस्व स्त्रोतों को जुटा सकें। अब तक प्रदेश के 3,275 प्रतिभागियों को ओएसआर मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### पंचायतों में ई-गवर्नेंस मजबूत

पंचायतों में ई-गवर्नेंस को मजबूत बनाने और बढ़ावा देने के लिए, डिजिटल इंडिया पहल के तहत, स्थानीय ग्रामीण शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यदक्षता लाने के लिए विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऐप विकसित किए हैं। सिंगल साइन ऑन डिजिटल प्लेटफॉर्म, ईग्रामस्वराज ऐप पंचायत स्तर पर योजना, लेखांकन, निगरानी और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। इस ऐप को सार्वजनिक निधि प्रबंधन प्रणाली, सरकारी ई-मार्केटप्लेस और ऑडिट ऑनलाइन ऐप के साथ एकीकृत किया गया है ताकि भुगतान में कोई परेशानी न हो, खरीद प्रक्रिया पारदर्शी हो और पंचायतों के खातों की लेखापरीक्षा की जा सके। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मध्यप्रदेश में 23,011 ग्राम पंचायतों में से 22,978 ग्राम पंचायतों (99.85प्रतिशत) ने अपने ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) को ईग्रामस्वराज पर अपलोड किया है और 21,950 ग्राम पंचायतों (95.5प्रतिशत) ने ईग्रामस्वराज-पीएफएमएस इंटरफेस के माध्यम से विक्रेताओं को 2156.10 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं।

# सबका साथ-सबका विकास से ही सिकल सेल का उन्मूलन संभव

### राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन को जन-आंदोलन बनाने का आहवान किया

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन प्रयासों को जन-आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने आहवान करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को अपनाकर ही इस अनुवांशिक बीमारी से समाज को मुक्त किया जा सकता है। राज्यपाल श्री पटेल रविवार को बदनावर के सिविल अस्पताल के नवीन भवन के आभासी माध्यम से लोकार्पण के बाद मेगा स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है कि सिकल सेल उपचार के विषय मे भ्रामक जानकारियों से भ्रमित नहीं हो। सिकल सेल उपचार के प्रति किसी भी प्रकार की भ्रांति नही पालें। केवल पंजीकृत चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार ही दवाइयों का नियमित सेवन करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बीमारी को निरंतर उपचार और सही जानकारी के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 31 लाख से अधिक जांचें की जा चुकी हैं। जनजातीय क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता बढ़ाने के लिए सिकल सेल मित्र तैयार किए जा रहे हैं, जो इस मिशन में सेतु का कार्य करेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाते हुए मरीजों के लिए डिजिटल कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे उपचार अधिक सुगम और प्रभावी होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने बदनावर प्रवास के दौरान संकल्प से समाधान अभियान के समापन कार्यक्रम मे शासन कि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए। स्थल पर शासकीय विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल के समक्ष जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर अंचलों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला रेडक्रॉस सोसायटी धार एवं अरविंदो आयुर्विज्ञान संस्थान, इन्दौर के मध्य अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। अनुबंध के तहत जिले के प्रत्येक विकासखंड में प्रति तीन माह में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वृहद स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 80 शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित किए गए है। राज्यपाल को वर्ष 2025-26 में रेडक्रॉस की गतिविधियों से परिचित कराया गया। बताया गया कि जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर, सिकल सेल जागरूकता रैली, रक्तदान शिविर, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, पोषण कार्यशालाएं एवं प्रशिक्षण जैसे नवाचार किए गए है। साथ ही स्वच्छता अभियान एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से जन-जागरूकता को भी बढ़ावा दिया गया है। वृहद स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 688 मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया गया, जिसमें 384 महिलाएं एवं 304 पुरुष शामिल हुये।

# राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)।

राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक सागर नाका पर आयोजित की गई। जिसमें जिला के सभी तहसीलों से आए तहसील अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों से पटवारियों राजस्व निरीक्षकों की तहसील वार समस्याओं का संकलन किया गया। जिसमें प्रमुख जिला में स्वामित्व एवं सिंचाई संगणना का मानदेय का भुगतान न होना। विभिन तहसीलों में हल्कों के अतिरिक्त प्रभार असामान्य एवं अव्यावहारिक तरीके से दिए जाना



कुछ तहसीलों में उपलब्ध हल्कों से अधिक पटवारी पदस्थ होना एवं कुछ तहसीलों में पटवारियों की कमी के चलते एक पटवारि से 3-4 हल्कों पर काम करवाया जाना। छुट्टी के दिनों में भी निरंतर कार्य लिया जाना एवं बैठकें आयोजित होना तथा दमोह अनुभाग में निरंतर विभिन्न कार्यों में ड्यूटी लगना। पटवारियों की क्रमोन्नति, वेतन वृद्धि, स्थाईकरण एवं अन्य लम्बित क्लेम पटवारियों को तहसीलों से अटेचमेंट रखना। जिले से नवीन नक्शा शीटें उपलब्ध न होने से सीमांकन बंटवारा नामांतरण खरीद बिक्री नियमानुसार न हो पाना। बिना सूचना व्यपवर्तन के प्रकरणों का आनलाइन निराकरण न होना जिससे संबंधित खसरे पर कोई कार्य न हो पाना। तहसीलों में पानी की व्यवस्था न होना उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु पहले संबंधित अनु विभाग अधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया जाएगा और वहां से यदि निराकरण नहीं होता है तो तत्पश्चात जिले में रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# जबेरा के कृषि उपज मंडी में मासिक महाआरती संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** एक माह के प्रथम रविवार को जबेरा के कृषि उपज मंडी में मासिक महाआरती आयोजन किया गया। आरती का संचालन विजय सिंह ने किया। प्रारम्भ के पहले दो-दो मिनट के मां एवं गुरुवर के जयकारे साधना विश्वकर्मा एवं सलोनी ने लगाए गए। हजारों मां के भक्तों ने एक साथ बैठकर आरती संपन्न की। समापन के पश्चात चिंतनों का संचालन संगठन के जिला सचिव सुरेश राय ने किया चिंतनों की प्रथम कड़ी में टीम प्रमुख प्रवीण मिश्रा ने कहा कि मानव को ऊर्जा एवं चेतना से परिपूर्ण होना चाहिए यह तभी संभव है, जब हम नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त रहकर मां की साधना करेंगे, अगली कड़ी में



महिला मोर्चा की ब्लॉक संगठन मंत्री बहन प्यारी बाई ने कहा कि समाज सुधार में महिलाओं की अहम भुमिका होनी चाहिए। बहने आगे आयेंगी तो संगठन के माध्यम से समाज सुधार में और परिवर्तन आएगा। अगली गली में भगवती मानव कल्याण संगठन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष चित्रा राजपूत ने कहा कि हमारा संगठन नारी शक्ति को जगाने का काम कर रहा है, आज यही कारण है कि दमोह जिले में सैकड़ों बहनों ने हजारों परिवारों को नशा मुक्त कर दिया। संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश तोमर जी ने कहा कि शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में आज नशा मुक्ति शराब आंदोलन में सैकड़ों नहीं 2000 से अधिक स्थानों पर संगठन द्वारा नाजायज शराब की खेपें पकड़ाई गई है और यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

हमारा संकल्प है दमोह नहीं पूरे मध्य प्रदेश को नशा मुक्त करना। संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ. सुजान सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा किए जा रहे छोटे एवं बड़े धार्मिक अनुष्ठान जैसे अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठों के माध्यम से लोगों को जगाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ तेंदूखेड़ा के ग्राम सलैया माल में 17 एवं 18 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसमें केंद्रीय महासचिव सौरभ द्विवेदी काआगमन हो रहा है।

## पटेरा में टीईटी परीक्षा के विरोध में अध्यापक

**पटेरा (स्वतंत्र मत)।** संकट मोचन मंदिर बस स्टैंड पटेरा में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें टीईटी परीक्षा का विरोध एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता हेतु 8 अप्रैल को जिला में 11 अप्रैल को ब्लॉक में और 18 अप्रैल को भोपाल में आंदोलन की रुप रेखा पर प्रमुख रुप से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत भगवान संकट मोचन हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ की गई। बैठक में संकुल प्राचार्य बंदना भोज, मुबीना बी, संतोष तंतुवाय, कौशल्या मनिहार, भागबती राय, रेखा ताम्रकार, ध्रुर्वे मेडम, भागबाई रोहित, हटा से उपस्थित मुकेश सराफ, देवेन्द्र यादव, सुनील सोनी ने भी बैठक को संबोधित किया। शिक्षकों में बृंदाबन पटैल,प्रमोद परौहा, राजेश पटेरिया, मनोहर पटैल, आनंद पटैल, अरुण पटैल, जानकी शरण सिंह, लक्ष्मण विश्वकर्मा, जितेन्द्र सिंह, हाकम सिह, अरविन्द पटैल, पुरुषोत्तम पटेल, मंगल सिंह, चंदन पालीवाल, अजय सिंह राजपूत, प्रसाद अहिरवार, मुकेश चौरसिया, संतोष कटारया, अनिल ताम्रकार, श्यामलाल पटैल, लेखराम ताम्रकार, महेन्द्र पाठक, देवेन्द्र तंतुवाय, ब्रजेश सेन, महेश दुबे, संजय पाठक, रवीद्र राजपूत नीलेश विश्वकर्मा, राहुल नामदेव, चंदन कोरी, विक्रांत ताम्रकार, मूसा खान, दिनेश राय, ब्रजेन्द्र पटैल, हुकम साहू, रामेश्वर प्रजापति, राजेश कोरी, माधव पटैल, दुरग सिंह राजपूत, ब्रजेश पटैल, रामभजन पटैल, रमेश चौरहा, बिमलेश सेन, जयकुमार राय, राजकुमार जैन, टेक सीग एवं मुलाम सिह राजपूत की उपस्थित रही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जली वृद्धा की मौत

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जिले के तेंदूखेड़ा तहसील के सेहरी गांव में 60 वर्षीय महिला हल्ली बाई की संदिग्ध हालात में आग से जलकर मौत हो गई। घर में बेटे और मां के अलावा कोई नहीं था। ऐसे में बेटे का आग से सुरक्षित बचना हत्या का संदेह भी माना जा रहा है। पुलिस ने फिलहाल मकान के मलवे से वृद्ध महिला के शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के सहरी गांव का है। शनिवार रात करीब 12 बजे एक कच्चे मकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना महिला के बेटे संतोष ने ही



ग्रामीणों को दी। घटना की सूचना लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आग से जलने के कारण महिला की मौत हो गई। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत होने की वजह से पुलिस को हत्या का संदेह है जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

घटना को लेकर ग्रामीणों ने कई सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि घर के अंदर सिर्फ मां और बेटा ही मौजूद थे। आग लगने की जानकारी भी बेटे ने ही दी। बेटा सुरक्षित बाहर निकल आया लेकिन मां को बचाने की कोशिश नहीं की। गांव की लोगों की माने तो संतोष कोई काम नहीं करता था और नशे का आदी है। परिवार के पास करीब ढाई एकड़ खेती है जिससे उनका गुजारा चलता है। महिला के पति की करीब 30 साल पहले मौत हो चुकी है। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

बेटे से पूछताछ की जा रही है और उस पर संदेह है हालांकि अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि महिला की मौत आग में जलने से हुई या पहले हत्या की गई थी।



## भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत छात्रों से संवाद कार्यक्रम संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** शासकीय प्राथमिक शाला कनौरा रामनगर एवं शासकीय प्राथमिक शाला घूघस में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी रूपेन्द्र सिंह लोधी ने छात्रों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, सपनों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पहाड़े सिखाने पर विशेष जोर दिया गयाए ताकि उनकी गणितीय क्षमता मजबूत हो सके। इस दौरान प्रधानाध्यापक घूघस नरेन्द्र पाठक, शाहिद खान, भुवानी ठाकुर, बहादुर खान सहित अन्य शिक्षकगण, छात्र मौजूद रहे।

# सूने घर से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

दमोह (स्वतंत्र मत)।

पुलिस ने बीते दिनों नूरी नगर क्षेत्र में हुई चोरी के मामले का खुलासा कर दिया है। आरोपी से चोरी का माल भी बरामद किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि कोतवाली क्षेत्र के पुलिस सहायता केन्द्र बजरिया पर प्रार्थी नईम कुरैशी पिता नदीम कुरैशी उम्र 25 साल निवासी नूरी नगर दमोह ने उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि 1 अप्रैल की रात करीब 11 बजे अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ शादी विवाह के प्रोग्राम में बाहर गए थे। 3 अप्रैल को जब वह वापस आए मेनगेट का ताला खोला तो घर के अंदर जाने वाले कमरे के दरवाजे पर लगा हुआ ताला टूटा हुआ पाया। जब यह अपने घर के सदस्यों पत्नी और मा बच्चों सहित घर के अंदर गया तो देखा कि इसके घर के कमरे के अंदर रखी लकडी की आलमारी का ताला टूटा हुआ था और आलमारी के नीचे एक पेंचकश डला हुआ था, अलमारी में रखा सामान चैक किया तो अलमारी में रखे करीब 857 ग्राम चांदी के जेवरात और 4 ग्राम सोने के जेवरात, एक



मोबाईल सभी सामान कीमती करीब तीन लाख सोलह हजार रुपये का कोई अज्ञात चोरी चुरा कर ले गया है। प्रार्थी की इस रिपोर्ट से अपराध क्रमांक अपराध क्रमांक 329/26 धारा 331 (3), 305 (1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडेय के मार्गदर्शन और निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली दमोह मनीष कुमार के नेतत्व में पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी सउनि राकेश पाठक द्वारा उक्त प्रकरण की शीघ्र विवेचना कर अज्ञात आरोपी की पता तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त प्रकरण की तत्काल सूक्ष्म विवेचना कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पता तलाश की गई। प्रकरण की तत्काल विवेचना एवं सटीक मुखविरी के आधार पर प्रकरण के अज्ञात आरोपी को तलाश किया गया जो आरोपी परवेज कुरैशी पिता इस्लाम कुरैशी उम्र 26 साल निवासी नूरीनगर दमोह थाना कोतवाली जिला दमोह द्वारा उक्त प्रकरण में चोरी किया माल मशरुका को चोरी करना सिद्ध पाया गया।

जिसको 4.4.26 को गिरफ्तार कर उससे चोरी किया हुआ संपूर्ण मशरुका चांदी सोने के जेवरात और मोबाईल कीमती करीब तीन लाख सोलह हजार रूपये के 24 घंटे की अवधि के पूर्व बरामद कर जप्त किये गये। ओरोपी को सीजेएम दमोह के न्यायालय में ज्यूडिशियल रिमांड पर पेश किया गया।

# साधु संत, महात्मा के निंदक का सर्वनाश निश्चित

## यहां तक की उसकी वंश परंपरा ही नष्ट हो जाती है : शास्त्री

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय आमचौपरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा व्यास वि शास्त्री ने कथा सुनाते हुए कहा कि साधु संत महात्मा की निंदा करने वाले का सर्वनाश निश्चित होता है। ऐसा श्रीमद् भागवत में लिखा हुआ है। एक बार स्वर्ग को बचाने के लिए इंद्र की पत्नी शची देवगुरु बृहस्पति के आश्रम गई। देवी शची को अपने आश्रम में देखकर देवगुरु एक पल के लिए चौंके पर दूसरे ही पल उन्होंने दिव्य दृष्टि से सब कुछ जान लिया। उन्होंने देख लिया कि कभी महान् तपस्वी एवं पराक्रमी शासक रहा नहुष अब अपने जीवन पथ से भटक चुका है फिर भी अभी वह महर्षियों द्वारा दिए गए तप के तेज से सुरक्षित है, अपने द्वारा दिए गए तप के तेज को ये महर्षि ही वापस ले सकते हैं। महर्षियों द्वारा स्थापित नहुष उन्हीं परम तेजस्वी दिव्यात्माओं द्वारा ही हटाया जा सकता है। सारी परिस्थिति का आँकलन विश्लेषण करके देवगुरु बृहस्पति कुछ पलों के लिए उपाय समाधान की खोज में विचारमग्न हो गए कुछ क्षणों बाद उनके चेहरे पर प्रसन्नता का प्रकाश उभरा उनके होठों पर स्मित की हल्की सी रेखा झलकी, अब उन्होंने हल्के स्वरों में देवी शची से कुछ कहा इसे सुनकर इन्द्राणी शची पहले तो घबराई पर देवगुरु बृहस्पति के समझाने से वह मान गईं उन्हें बृहस्पति नीति पर विश्वास था। इसके अनेकों चमत्कार वह पहले भी देख चुकी थी, अमरावती के हित के लिए देवी शची अपनी और सभी देवगणों की कार्य सिद्धि के लिए अपना हृदय कठोर बनाकर विलासी नहुष के समीप गई। कहो-कहो शीघ्र ही कहो मैं इसे पूर्ण करने में तनिक भी विलम्ब नहीं करूंगा नहुष के ये वचन उसके तप एवं पुण्य समाप्त हो जाने की घोषणा कर रहे थे। इन्द्राणी कहने लगीं देवेश्वर सभी सप्तर्षि एकत्र होकर शिविका पालकी द्वारा आपको वहन करके लाएँ बस यही मेरी प्रिय कामना है विवेकहीन नहुष शची की बात सुनकर हर्षित हो उठा तुमने तो अपूर्व वाहन बताया है मुझे तुम्हारी बात रुचिकर लगी है अब तुम प्रसन्न हो जाओ



सभी ऋषि देवता गंधर्व किन्नर मेरे आधीन हैं। मैं तुम्हारी प्रत्येक आज्ञा का पालन करूंगा सम्पूर्ण सप्तर्षि मण्डल और ब्रह्मर्षि मेरी पालकी ढोएँगे नहुष की इस गर्वोक्ति से शची एक क्षण के लिए तो घबराई लेकिन उसे देवगुरु बृहस्पति की नीति पर विश्वास था उन्होंने कहा था देवी शची ब्रह्मर्षियों से सेवा लेना महापाप है इस महापाप से नहुष स्वयं विनष्ट हो जाएगा बृहस्पति के इन्हीं वचनों का स्मरण करके शची अपने भवन में चली गयीं इधर विवेकहीन मद और काम से अन्धे नहुष ने यम नियम का पालन करने वाले महान तेजस्वी तपोमूर्ति ज्ञानमूर्ति सप्तर्षियों को अपनी पालकी ढोने का आदेश दिया उसके इस आदेश पर सभी ऋषियों ने एक दूसरे की ओर देखा फिर इन्द्र पद की गरिमा का ख्याल करके पालकी उठा ली सुन्दर सजी हुई इस पालकी में नहुष आसीन था निर्मल अन्त:करण वाले ब्रह्मर्षि पापाचारी नहुष का बोझ ढोते.ढोते पीड़ित हो रहे थे वह और उतावला हो रहा था और उनसे जल्दी.जल्दी चलने को कह रहा था महर्षि अगस्त्य पर उसके उतावलेपन का कोई प्रभाव नहीं था ब्रह्मचिन्तन में निमग्न वह अपनी गति से चल रहे थे वही सबसे आगे थे उनकी गति से सबकी गति प्रभावित होना स्वाभाविक था इस पर उतावले नहुष ने सर्प-सर्प जल्दी चलो जल्दी चलो कहते हुए उनके मस्तक पर अपने पैर से प्रहार किया। इस प्रकार प्रहार करते ही नहुष उसी क्षण तेजहीन श्रीहीन हो भयाक्रान्त हो गया महासमुद्र को भी अपने तपोबल से सुखा देने वाले बह्मर्षि अगस्त्य उसके इस व्यवहार से कुपित हो गए वह बोले ब्रह्म के समान दुर्धर्ष तेजस्वी ऋषियों को वाहन बनाकर अपनी पालकी ढुलवाने वाले मूर्ख नहुष तुम अब इन्द्र पद के योग्य नहीं रह गए अत: हमारा शाप है कि तुम स्वर्ग से भ्रष्ट होकर पृथ्वी पर सर्प की योनि में जीवन बिताओ अमित तेजस्वी महर्षि अगस्त्य के अमोघ शाप से भयभीत हो नहुष ने उनके चरणों में गिरकर अपने उद्धार का उपाय पूछा अब वह मदान्ध और कामान्ध देवलोक का सम्राट नहीं स्वर्ग से पतित एक सामान्य जीवात्मा था ऐसा जीवात्मा जो अपने तप एवं पुण्य की सारी पूंजी गवां बैठा था

ब्रह्मर्षि अगत्स्य को उस पर दया आ गयी वह उस पर कृपा करते हुए बोले वत्स नहुष तप का सुफल ज्ञान है तुमने इस सत्य को न जानकर अपने तप के बदले भोग की कामना की इसीलिए तुम भटके एवं पतित हुए। तपस्वी को ज्ञान की अभीप्सा करनी चाहिए और ज्ञान हो जाने पर भी तप का मार्ग कभी छोड़ना नहीं चाहिए अब जाओ अपना प्रायश्चित्त पूरा करो मेरे आशीष से तुम्हारे जीवन में पुन: तप का मार्ग प्रशस्त होगा पर अब सदा ही तप का उद्देश्य एवं आदर्श स्मरण रखना।

# स्वास्थ्य विभाग घोटाला: अब जिले की संजीवनी क्लीनिकों में भ्रष्टाचार की बू

## जांच टीम ने बढ़ाया दायरा, दोषियों पर हो सकती है एफआईआर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्वास्थ्य विभाग में खरीदी के नाम पर हुए गोलमाल को लेकर चल रही जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर ने अब जिले में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों के नाम पर हुई उपकरण व अन्य खरीदियों की जांच भी शुरू करा दी है। जांच अधिकारी को हर क्लीनिक पर जा कर खरीदी गई हर सामाग्री का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रारंभिक स्तर में लगभग 20 संजीवनी क्लीनिकों की हुई जांच में बड़ा गोलमाल सामने आया है। संजीवनी क्लीनिकों ने नाम पर कम्प्यूटरों की खरीदी की गई, लेकिन वह दर्शाए गए स्थानों में इंस्टॉल ही नहीं हुई। चर्चा यह भी है कि उक्त कम्प्यूटरों के लिए हाल ही में प्रिंटर भी खरीद लिए गए। भौतिक सत्यापन के लिए पहुंचे अधिकारी ने जब जमीनी हकीकत देखी तो वे भी भौंचके रहे गए। जिस बारिखी से जांच कराई जा रही है, उससे साफ नजर आ रहा है कि आरोपियों को जिला प्रशासन आसानी से छोड़ने वाला नही है।




***कागजों पर दिख रही क्लीनिक***- बताया जा रहा है कि उक्त पूरे गोलमाल में शामिल 7 अधिकारियों-कर्मचारियों के विरूद्ध पुख्ता तत्थों के साथ जिला प्रशासन एफआइआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जबलपुर के शहरी क्षेत्रों में लगभग 58 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों की स्थापना की गई है। इसमें से कुछ को खोल दिया गया है, वहीं चिकित्सकों की नियुक्तियां भी कर दी गई हैं। लेकिन आम जनता को राहत देने के उद्देश्य से खोली गई संजीवनी क्लीनिक महज कागजों में ही काम करती नजर आ रही हैं। इस पीड़ा को सत्ताधारी दल के विधायकों ने भी कुछ माह पहले कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई जिला योजना समिति की बैठक में बयां किया था। हालांकि उस समय यह कहते हुए मामले को शांत करा दिया गया था कि चिकित्स व अन्य स्टॉफ नहीं मिल पाने के कारण संजीवनी क्लीनिक वर्किंग नहीं कर रहे हैं।

# गुरंदी बाजार में लगी भीषण आग लाखों का माल जलकर हुआ खाक

## दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

## शॉर्ट-सर्किट की आशंका

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बेलबाग थाना क्षेत्र स्थित गुरंदी बाजार में रविवार सुबह एक कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि इसने आसपास की 3 से 4 अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि रविवार का दिन होने के कारण बाजार में भारी भीड़ थी। आग की लपटें और काले धुएं का गुबार देखकर इलाके में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। इससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। हाइसे की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायरकर्मी राजेश ने बताया कि आग की तीव्रता को देखते हुए कुल 6 से 7 दमकल वाहनों को तैनात किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और इसे रिहायशी इलाके में फैलने से रोका।



### पिछले माह भी हो चुकी घटना

मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार को बाजार में सुबह से ही काफी आवाजाही रहती है। यदि दमकल वाहन समय पर नहीं पहुंचते तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान है। इस घटना में लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। बतां दें कि मार्च माह में गुरंदी बाजार में एक अगरबत्ती दुकान में भीषण आग लग गई थी। इस हादसे में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया था। शुरु आती जांच में आग लगने की मुख्य वजह बिजली के तारों में हुआ शार्ट सर्किट बताया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के तुरंत बाद बिजली विभाग को सूचना दी गई थी, लेकिन टीम के देरी से पहुंचने के कारण बचाव कार्य शुरू करने में बाधा आई थी।

# मानवाधिकार आयोग ने शहर के 4 जनहित के मुद्दों पर लिया संज्ञान

***जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।*** शहर के चार जनहित के मुद्दों पर मप्र मानव अधिकार आयोग द्वारा संज्ञान लिया हैं। क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरणों पर सुनवाई कर आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने मानव अधिकारो के उल्लंघन का मामला मानकर, संबंधितों को कार्यवाही का निर्देश देकर प्रतिवेदन मांगा है। शहर के कांचघर से लेकर लेमा गार्डन तक कई इलाकों में नालियों के अंदर से होकर जाने वाली पाइप लाइनों में गंदा और बदबूदार पानी आने का मामला सामने आया है। लोगों के घरों में दूषित पानी सप्लाई होने एवं उसके इस्तेमाल करने से उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है। आयोग ने नगर निगम के आयुक्त से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

***स्कूली छात्रों की जान पर बना खतरा***- इसी प्रकार आयोग ने बताया कि शहर के अधिकांश क्षेत्रों में स्कूली ऑटो चालकों द्वारा क्षमता से अधिक बच्चों को ऑटो से आवाजाही करने का मामला सामने आया है। इस कारण स्कूल बच्चों की जान को खतरा बना हुआ है। आयोग ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है। गौरी घाट में चेंजिंग बॉक्स के दरवाजे टूटे, महिलाए हो रही परेशान शहर में नर्मदा तट गौरी घाट में महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा के लिये बने चेंजिंग बॉक्स की हालत खराब होने का मामला सामने आया है। नर्मदा तट में हर दिन हजारों लोग दर्शन और स्नान के लिये आते है। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल होती है। तट पर स्थित चेंजिंग बॉक्स के दरवाजे टूटे पड़े होने के कारण महिलाओं को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। आयोग ने नगर निगम के आयुक्त से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

***बीमा की राशि पाने के लालच में दो महिलाओं के काट दिए पैर***- शहर के गढ़ा क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में प्रबंधन की लापरवाही और बीमा क्लेम के लालच में मरीजों के पैर काटने का मामला सामने आया है। निजी अस्पताल में दो महिलाएं अपना इलाज करवाने आई थी। इसके बाद डॉक्टरों द्वारा लापरवाही से इलाज करने के कारण दोनों महिलाओं के पैर खराब हो गये और उन्हें कटवाने पड़े। आयोग ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

# पुलिसकर्मियों ने सीखा डिजिटल प्रशिक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत जबलपुर में ''राष्ट्रीय सीखें सप्ताह-साधना सप्ताह 2026'' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस लाइन के 120 अधिकारियों और कर्मचारियों को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने इस पहल को केंद्र सरकार का एक अभिनव कदम बताया। उन्होंने कहा कि आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म सरकारी कर्मचारियों के लिए निरंतर सीखने और अपनी व्यावसायिक योग्यता व सेवा गुणवत्ता को सशक्त बनाने का एक उत्कृष्ट अवसर है। एसपी ने सभी अधिकारियों को पोर्टल पर सक्रिय रूप से पंजीकरण करने और कम से कम पांच पाठ्यक्रमों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



आरआई जय प्रकाश आर्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में सीसीटीएनएस प्रभारी सुनील दुबे और सूबेदार सुश्री रूमा तेकाम ने पुलिसकर्मियों को पोर्टल के उपयोग की तकनीकी जानकारी दी।

***इन बिंदुओं पर विशेष रहा फोकस***

- आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन को डाउनलोड करना।
- पोर्टल पर लॉगिन करने की प्रक्रिया।
- उपलब्ध प्रशिक्षण वीडियो और पाठ्यक्रमों को देखना।
- कोर्स पूर्ण होने के बाद डिजिटल सर्टिफिकेट जनरेट करना।

## बिजली जाने से पहले उपभोक्ताओं को करें सूचित

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी विद्युत वितरण कंपनियों के प्रबंध संचालकों एवं मैदानी अभियंताओं को निर्देशित किया है कि ओलावृष्टि और अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं में विद्युत अवरोध होने पर प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को तुरंत कारण सहित मैसेज कर सूचित करें। साथ ही उन्हें यह भी सूचित करें कि कितने समय में विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकेगी।

## वृद्धा के गले से सोने की चेन झपटकर भागे बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मदनमहल की अग्रवाल कॉलोनी में चेन स्नेचिंग की म वारदात सामने आई है। इंदिरा पार्क जैसे व्यस्त इलाके के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला को निशाना बनाते हुए उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट पार कर दिया। इस मामले में 65 वर्षीय रजनी चौरसिया ने मदनमहल थाने में शिकायत दर्ज करवाते उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह 3 अप्रैल की शाम अपनी देवरानी चंद्रवती चौरसिया के साथ घर से इंदिरा पार्क टहलने के लिए निकली थीं। जैसे ही वे इंदिरा पार्क मोड़ के पास पहुंचीं, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो अज्ञात युवक आए। महिलाएं कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही बाइक पर पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर रजनी चौरसिया के गले में पहनी हुई सोने की चेन और लॉकेट खींच लिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश पलक झपकते ही इंदिरा पार्क की ओर रफूचक्कर हो गए।

## परिजनों को बिना बताए ट्रेन में बैठा नाबालिग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत यात्री सुरक्षा एवं मानवीय संवेदनशीलता का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया। गाड़ी संख्या 03252 में यात्रा के दौरान एक नाबालिग बालक अकेला एवं असहाय अवस्था में पाया गया। ड्यूटी पर तैनात रामाश्रय सिंह द्वारा तत्परता एवं सजगता दिखाते हुए बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया। पूछताछ के दौरान बालक ने अपना नाम 11 वर्षीय आदित्य चक्रवर्ती बताया। तत्पश्चात, संबंधित रेलवे स्टाफ द्वारा बालक को सुरक्षित रूप से आरपीएफ के सुपुर्द किया गया, ताकि उसके परिजनों से संपर्क स्थापित कर उसे सकुशल उनके हवाले किया जा सके। उपलब्ध जानकारी के अनुसार बालक का पता जिला कटनी क्षेत्र का है। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों द्वारा पूरी संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि बालक को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक को बंधक बनाकर लूटा

## पाटन थाना क्षेत्र का मामला, आरोपियों की तलाश में पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाने अंतर्गत बगदरी घाटी में लूट की वारदात सामने आई। क्लीनिक जा रहे एक युवक को जंगल के पास अकेला पाकर चार नकाबपोश बदमाशों ने चाकू की नोंक पर बंधक बना लिया और हजारों की नकदी समेत कीमती जेवरात लूटकर रफूचक्कर हो गए। 23 वर्षीय छोटू रैकवार, निवासी तेंदूखेड़ा दमोह, जो कि ग्राम पौड़ीकला में एक क्लीनिक संचालित करता है, ने बताया कि शनिवार दोपहर वह अपने घर से क्लीनिक जा रहा था। बगदरी घाटी के पास पहुंचने पर वह अपनी गाड़ी खड़ी कर पानी की बोतल लेकर फ्रेश होने के लिए जंगल की ओर गया। अभी वह रुका ही था कि अचानक पीछे से चार अज्ञात लड़के आ धमके, जिन्होंने अपने चेहरे कपड़े से बांध रखे थे। बदमाशों ने पलक झपकते ही उसे घेर लिया। दो लड़कों ने उसे मजबूती से पकड़ लिया, एक बदमाश ने चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी दी और सामान निकालने को कहा। डर के मारे पीड़ित ने अपना पर्स निकाल दिया, जिसमें रखे 22 हजार रुपये बदमाशों ने छीन लिए। और चांदी की चेन झपट ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

# जबलपुर से होकर गुजरेगी उधना जयनगर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेलवे द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर आरक्षित एवं अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चल रही है। इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 09061/09062 उधना-जयनगर-उधना समर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जा रही है। इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास के 22 कोचेस है। गाड़ी संख्या 09061 उधना से जयनगर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 05 एवं 12 अप्रैल 2026 प्रत्येक रविवार को उधना स्टेशन से मध्यरात्रि 01.30 बजे प्रस्थान कर इटारसी दोपहर 12.50 बजे, जबलपुर 16.40 बजे, कटनी 18.15 बजे, सतना 19.55 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए सोमवार को दोपहर 14.30 बजे जयनगर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09062 जयनगर से उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 06 एवं 13 अप्रैल 2026 प्रत्येक सोमवार को जयनगर स्टेशन से 17.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 11.40 बजे, कटनी 13.15 बजे, जबलपुर 15.15 बजे, इटारसी 19 बजे पहुंचकर और बुधवार 06.15 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, बक्सर, रघुनाथपुर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर रुकेगी।



# शहर के नामी अस्पतालों को झटका आयुष्मान योजना से हुए बाहर

## गुणवत्ता मानकों पर हुई सख्ती, गुणवत्ता के आधार पर होगा अस्पतालों का भुगतान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अस्पतालों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत बड़ा कदम उठाया गया है। जिसमें जबलपुर समेत भोपाल, इंदौर व ग्वालियर सहित चार बड़े शहरों में 126 अस्पतालों की संबद्धता समाप्त की जा रही है। क्योंकि उन्होंने अब तक एनएबीएच सर्टिफिकेट की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। जबलपुर में 11 अस्पतालों की संबद्धता समाप्त की गई है। इस फैसले से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। आयुष्मान कार्यालय ने पहले इन अस्पतालों को नोटिस देकर मौका दिया था। लेकिन तय समय में जवाब न देने पर अब कार्रवाई की जा रही है। जानकारी अनुसार अधिकारियों ने बताया कि यह कदम अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। उन्होंने बताया कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है, ताकि मरीजों को बेहतर और सुरक्षित इलाज मिल सके। जहां एक ओर गैर-मानक अस्पतालों पर सख्ती की जा रही है, वहीं दूसरी ओर बेहतर सुविधाएं देने वाले अस्पतालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आने वाले समय में इससे मरीजों को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलने की उम्मीद है।




***नोटिस के बाद भी नहीं दिया जवाब***- बताया जा रहा है कि आयुष्मान कार्यालय के अनुसार इन अस्पतालों को पहले नोटिस जारी कर दोबारा आवेदन का अवसर दिया गया था। इसके बावजूद जब तय समय तक जानकारी नहीं दी गई तो अब उनकी संबद्धता समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित अस्पतालों को इस संबंध में अंतिम नोटिस जारी किए जा रहे हैं। आयुष्मान योजना में अब अस्पतालों को उनकी गुणवत्ता के आधार पर भुगतान भी किया जाएगा।

***मरीजों का फीडबैक तय करेगा रैंकिंग*** - अब मरीज भी अस्पतालों की गुणवत्ता तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मोबाइल ऐप के जरिए मरीज अपने इलाज का फीडबैक दे सकेंगे। जिसके आधार पर अस्पतालों की सेवाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और खराब प्रदर्शन करने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई आसान होगी।

## रूपए न देने पर नशेड़ी ने सरेराह की मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाने में 49 वर्षीय अमित कुमार खरे निवासी अमखेरा पेट्रोल पम्प के पास अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अधिवक्ता है बीती शाम लगभग 7 बजे टहलने के लिये पैदल घर से निकला था जैसे ही अमखेरा पुरानी बस्ती शिव मंदिर के पास पहुचा मोहल्ले का आनंद कोरी शराब के नशे में मिला और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो आनंद कोरी ने गाली गलोज शुरू करते हुए मारपीट करदी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**